असर्फी हॉस्पिटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 13.03.2023 | वर्ष 10, अंक 69
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
मुस्कान पाने वाला मालामाल हो जाता है पर देने वाला दरिद्र नहीं होता।

## क्वीक न्यूज

### हैवानियतः चलती ट्रेन से दो को फेंका, एक की मौत

**चाईबासा** : हैवानियत की हद को पार करते हुए चाईबासा में चलती ट्रेन से दो लोगों को फेंक दिया गया. जिसमें एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. घायल को चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल लाया गया,जहां उसका इलाज किया जा रहा है. उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि टिटलागढ़ से हावड़ा जा रही इस्पात एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में ढुलू सरदार सफर कर रहा था. चक्रधरपुर टोकलो थाना क्षेत्र के भरनिया गांव का रहने वाला है, जो झारसुगड़ा से चक्रधरपुर आ रहा था. इस बीच यात्रियों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. इसके बाद यात्रियों ने एक व्यक्ति को ट्रेन में ही मारना पीटना शुरू कर दिया. इस बीच दुलू सरदार भी बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे. बात इतनी बढ़ गई कि एक शख्स को लोगों ने चक्रधरपुर लोटा पहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच मुरहतु गांव के समीप 319/25 डाउन लाइन के पास फेंक दिया. जिससे वह सामने से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया. उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बाद में यात्रियों ने दुलू सरदार को भी ट्रेन से फेंक दिया, लेकिन जब वह ट्रेन से गिरा उस समय गाड़ी काफी धीमी गति से चल रही थी. जिस कारण से वह बच गया. लेकिन पत्थर में गिरने से उसके सिर, पैर और हाथ में भी चोट लगी है.

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**मेदिनीनगर** : पलामू जिले में हुए दो सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. पहली घटना पलामू के नावाबाजार थाना क्षेत्र के बसना में नेशनल हाइवे 75 पर हुई. जिसमें कार और बाइक में टक्कर में सुधीर पांडेय नामक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया. आसपास के लोगों की मदद से उसे इलाज एमएमसीएच में भर्ती कराया गया. जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई. बताया जाता है कि सुधीर पांडेय निजी स्कूल में बस का ड्राइवर था. वह बाइक से अपने घर जा रहा था. इसी क्रम में बेलगाम कार ने टक्कर मार दी. वहीं हादसे के बाद कार मालिक मौके से फरार हो गया है. दूसरी दुर्घटना उंटारी रोड थाना क्षेत्र में हुई है. जिसमें एक ट्रैक्टर ड्राइवर की हादसे में मौत हो गई. मृतक की पहचान अवधेश राम के रूप में की गई है. वहीं दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेज दिया. इस संबंध में उंटारी रोड थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि गढ़वा जिले के कांडी थाने के खुटहेरिया गांव के सुधीर सिंह की ट्रैक्टर स्टेयरिंग का सामान लेकर अवधेश राम उंटारी थाना क्षेत्र के कुटमु गांव गया था.

### मुंबई में पोलैंड की महिला से दुष्कर्म, आरोपित फरार

**मुंबई** : मुंबई के अंबोली इलाके में एक विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म की शिकायत अंबोली पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। पुलिस टीम इस मामले में फरार आरोपित की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार पोलैंड की रहने वाली महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक का नाम मनीष गांधी है। महिला के अनुसार मनीष गांधी ने 2016 से 2022 के बीच कई बार महिला के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही वह महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें लेने के बाद उसे ब्लैकमेल करता था। बीते दिनों भी आरोपित ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें लीक करने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। इससे परेशान होकर महिला ने जब इसकी शिकायत थाने में की, तो मनीष गांधी फरार हो गया। अंबोली पुलिस स्टेशन की टीम आरोपित युवक की तलाश में जुटी है और महिला की मेडिकल जांच भी की जा रही है।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़े डंपर से टकरायी कार, पांच की मौत

**सुलतानपुर** : उत्तर प्रदेश के जनपद सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अखंडनगर थाना क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार कार खड़े डंपर में जा टकरायी। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। सूचना पर जिलाधिकारी जसजीत कौर और एसपी सोमेन वर्मा मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। बिहार के सासाराम के रहने वाले सलीम के साढ़े तीन साल के पुत्र एहसान की तबीयत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के एक अस्पताल में लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों से जवाब मिलने पर परिजन उसे लेकर कार से वापस घर लौट रहे थे। रविवार को सुलतानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास कंस्ट्रक्शन में लगा एक डंपर यहां पर खड़ा था। तभी तेज रफ्तार कार उस खड़े डंपर में जा टकराई। हादसे में गुड्डू की पत्नी साइना खातून (37), पुत्र साहिल खान (19), चालक शाहरुख (25), जमाल की पत्नी जमीला और सलीम की पत्नी रुखसार (31) की मौत हो गई है। उधर, एहसान (साढ़े तीन साल) की रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि रविवार दोपहर पौने बारह बजे के आसपास हादसा हुआ है। इसमें कार में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। शवों को पोस्टमार्टम में भिजवाकर परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 21° |
| न्युनतम | 07° |

**केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में समलैंगिक शादी पर दायर किया हलफनामा**

# समलैंगिक शादी उचित नहीं : केंद्र

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर समलैंगिक शादी का विरोध किया है। केंद्र सरकार ने हलफनामे में कहा कि समलैंगिक संबंध और सामान्य संबंध स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं, जिन्हें समान नहीं माना जा सकता। केंद्र सरकार ने कहा कि समान लिंग वाले लोगों का साथी के रूप में साथ रहना अपराध नहीं है लेकिन इसे पति-पत्नी और बच्चों की भारतीय परिवार की इकाई के समान नहीं माना जा सकता। बता दें कि एक समलैंगिक जोड़े ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर समलैंगिक शादी को मान्यता देने की मांग की है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। जिस पर केंद्र सरकार ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया। जिसमें केंद्र ने कहा कि समलैंगिकों का जोड़े के रूप में साथ रहना और शारीरिक संबंध बनाने की, भारत की पारिवारिक इकाई की अवधारणा से तुलना नहीं हो सकती। भारतीय पारिवारिक इकाई की अवधारणा में एक पुरुष और महिला शादी करते हैं, जिसमें पुरुष पति और महिला पत्नी होती है। दोनों विवाह के बाद बच्चे पैदा करते हैं और पुरुष पिता और महिला माता बनती है। सरकार ने कहा कि शादी को हमारे समाज में संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका अपना सार्वजनिक महत्व होता है। शादी संस्था के कई अधिकार और दायित्व भी होते हैं। सरकार ने कहा कि विशेष सामाजिक संबंध के लिए मान्यता लेना कोई मौलिक अधिकार नहीं है। देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में समलैंगिक शादी संबंधी याचिकाएं दायर की गई थी, जिन्हें बाद में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच को स्थानांतरित कर दिया गया था। सरकार ने कहा कि शादी को हमारे समाज में संस्था का दर्जा प्राप्त है, जिसका अपना सार्वजनिक महत्व होता है। शादी संस्था के कई अधिकार और दायित्व भी होते हैं। सरकार ने कहा कि विशेष सामाजिक संबंध के लिए मान्यता लेना कोई मौलिक अधिकार नहीं है। देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में समलैंगिक शादी संबंधी याचिकाएं दायर की गई थी, जिन्हें बाद में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच को स्थानांतरित कर दिया गया था।

**केंद्र सरकार ने कहा कि समान लिंग वाले लोगों का साथी के रूप में साथ रहना अपराध नहीं है लेकिन इसे पति-पत्नी और बच्चों की भारतीय परिवार की इकाई के समान नहीं माना जा सकता।**



**सीएम के आदेश पर राज्य भर में पीडीएस दुकानों का एक साथ हुआ औचक निरीक्षण**

# दर्जनों पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द एवं सैकड़ों हुए निलंबित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य भर के जनवितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण जिला स्तर पर नियुक्त पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस क्रम में लोहरदगा में 63, गिरिडीह 56, पाकुड़ 66, सरायकेला खरसावां में 39, हजारीबाग में 80, रामगढ़ में 46, देवघर में 40, धनबाद में 62, दुमका में 166, पलामू में 117, बोकारो में 78, गोड्डा में 94, साहेबगंज में 38, लातेहार में 36, सिमडेगा में 13, पश्चिमी सिंहभूम में 36, पूर्वी सिंहभूम में 55, गुमला में 53, रांची में 93, कोडरमा में 50, खूंटी में 51, चतरा में 65 जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यरूप से राशन कार्ड, वितरण, अनाज उठाव, कार्ड धारियों की संख्या, स्टॉक, मिलान पंजी एवं आधिकारिक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। औचक निरीक्षण के क्रम में हजारीबाग में 3 पीडीएस की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 17 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। लोहरदगा के 13 दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द करने एवं 19 पीडीएस दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सरायकेला-खरसावां में 5 दुकान को निलंबित एवं 22 दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी किया। रांची में 14 दुकानों को कारण बताओ नोटिस निर्गत हुआ। पाकुड़ में एक दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द एवं नौ दुकान को कारण बताओ नोटिस जारी। रामगढ़ में 6 दुकानों को निलंबित एवं 14 दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। पलामू में 14 से एवं बोकारो में 56 पीडीएस दुकानदारों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जबकि खूंटी में तीन दुकानों को निलंबित एवं चतरा में 6 दुकानों को निलंबित एवं 37 जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस तरह राज्य के सभी जिलों से राशन वितरण में अनियमितता बरतने वालों के खिलाफ सरकार द्वारा कार्यवाई की गई। इसके अलावा, अधिकांश जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं को खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन, इन्वेंट्री प्रबंधन, आपूर्ति का समय पर वितरण, संबंधित सतर्कता समितियों से संबंधित सूचनाओं के उचित प्रदर्शन के संबंध में निर्देश जारी किए गए।

### इसलिए मिला निर्देश

मुख्यमंत्री को राज्य में संचालित 25 हजार से अधिक जन वितरण प्रणाली की दुकान के संबंध में इस बात की जानकारी मिल रही थी कि सरकार द्वारा उपावंटित राशन सामग्री की मात्रा के अनुसार लाभुकों के बीच वितरण नहीं किया जाता है। साथ ही, दुकान के प्रमुख स्थान पर सूचना पट्ट पर अनुज्ञप्ति संख्या, अनुज्ञप्तिधारी का नाम एवं पता, दुकान खुलने एवं बंद होने का समय, विभिन्न श्रेणी के कार्डधारी की संख्या, विभिन्न श्रेणी के कार्डधारी के लिए राशन की मात्रा एवं दर, स्टॉक का वितरण आदि प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है। विभाग द्वारा जारी आदेश का अनुपालन कई पीडीएस दुकानदारों द्वारा नहीं किया जाता है। इसकी बात की सत्यता जांचने एवं लाभुकों को तय मात्रा में खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करने हेतु औचक निरीक्षण का आदेश दिया गया।



# गिरिडीह : अलग अलग हादसे में तीन की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह** : गिरिडीह जिल में रविवार को अलग अलग हादसे में तीन की जन चली गई। जमुआ- कोडरमा मुख्य मार्ग पर रविवार को ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। मृतक युवकों की पहचान हारूण अंसारी (27) और शेख अंसारी (25 ) के रूप में हुई है। दोनों तेलोड़ीह के रहने वाले थे। बताया जाता है कि शनिवार को दोनों युवक हीरोडीह थाना क्षेत्र के निमाडीह गांव शादी समारोह में गये थे।रविवार को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान मालवाहक ट्रक की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दोनों युवकों की मौत हो गई । घटना के बाद मौके पर पहुंची हीरोडीह थाना पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

**तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चिया डूबीं, एक की मौत:** जिले के तिसरी थाना इलाके के भंडारी गांव के तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चियां डूब गई। तीन बच्चियों की जान बच गई, लेकिन एक बच्ची की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह भंडारी गांव के चार किशोरियां शौच और नहाने के लिए गांव के तालाब पर गई थीं। नहाने के दौरान कुछ मवेशी भी उसी तालाब में घुसे थे। चारो बच्चियों ने मवेशियों की पूछ पकड़कर तालाब के पार जाने का प्रयास किया, लेकिन बीच में गहरे पानी में बच्चियां डूबने लगीं तब उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई। आवाज सुनकर तालाब के समीप पहले से नहा रहे कुछ ग्रामीणों ने बच्चों को बचाने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद तीन बच्चों को तो तालाब से निकाल लिया। इन बच्चियों ने ग्रामीणों को बताया कि अभी रामबिलास शर्मा की बेटी काजल तालाब से नहीं निकली है। इस ग्रामीणों ने फिर तालाब में कूद कर काजल को भी बचाने का प्रयास किया।

# बुरहानपुरः नेपानगर के ग्राम डवाली में मिले एक ही परिवार के पांच लोगों के शव



**एजेंसी**

**बुरहानपुर :** रंग पंचमी के मौके पर बुरहानपुर जिले के नेपानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डवाली के एक घर में एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले हैं। इनमें पति-पत्नी और तीन नाबालिग लड़कियां शामिल हैं। युवक ने पत्नी और तीन मासूम बच्चियों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि परिवार के सभी लोगों का स्वास्थ्य खराब रहता था और परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। युवक घर पर ही किराना की दुकान चलाता था। घर में मिले शवों को देखकर आशंका जताई जा रही है कि पहले घर के मुखिया ने पत्नी और तीनों बेटियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद फांसी लगा ली।

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी बीके गोयल ने बताया कि मरने वालों के नाम मनोज (40), उसकी पत्नी साधना सिंह (35), बेटी नेहा (पांच), तनु (आठ) और अक्षरा (10) है। उन्होंने बताया कि पड़ोसियों से सूचना मिलने के बाद घर खोल कर देखा तो मनोज, उसकी पत्नी और उनकी बच्चियों के शव अलग-अलग कमरे में थे। मनोज फांसी पर लटका हुआ मिला। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस जांच कर रही है और ऐसा लग रहा है कि यह घटना शनिवार की रात हुई है।

इस घटना के बाद से गांव में पूरी तरह से मातम छाया हुआ है, क्योंकि आज रंग पंचमी का त्यौहार है। लोग रंग-गुलाल और डीजे की धुन पर नाच गा रहे थे, लेकिन यह घटना सामने आते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसरा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महाराष्ट्र : भीषण सड़क हादसे में छह की मौत

मुंबई : महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। हादसा बुलढाणा में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर हुआ, जहां एक कार अनियंत्रित होकर बैरियर से टकराकर पलट गई। जिससे कार सवार छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना रविवार सुबह की है। प्रथम दृष्ट्या कार हादसे की वजह कार का टायर फटना माना जा रहा है। खबर के अनुसार, कार हादसा बुलढाणा के शिवनी पिसा गांव के पास हुआ। एक कार में 13 लोग सवार होकर औरंगाबाद से शेगांव जा रहे रहे थे। बुलढाणा में कार के ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क पर रखे बैरियर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति, चार महिलाओं और एक युवती समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें औरंगाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# देश में बढ़ रही कोरोना मरीजों की संख्या

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत में एक बार फिर से कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। कुछ समय पहले तक कोरोना के मामले बहुत कम आ रहे थे लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार को अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 113 दिनों के अंतराल के बाद 524 नए कोरोनो वायरस मामले दर्ज किए, जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 3,618 हो गए। बता दें कि यह आंकड़े रविवार की सुबह 8 बजे अपडेट किए गए हैं और इन आंकड़ों में कहा गया है कि केरल द्वारा एक मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,30,781 हो गई है। वहीं कोरोना के मामले की संख्या 4.46 करोड़ (4,46,90,492) दर्ज की गई। मंत्रालय ने कहा कि राष्टीय कोविड-19 रिकवरी दर 98.80 प्रतिशत दर्ज की गई है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,56,093 हो गई, जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत दर्ज की गई है। वहीं मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड टीके की 220.64 करोड़ खुराकें दी जा चुकी है।




### केंद्र ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने कुछ राज्यों में कोविड-19 की पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि को लेकर चिंता जताई है. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों को एक पत्र लिखा है.

पत्र में कहा गया कि कुछ राज्यों में कोरोना परीक्षण के दौरान पॉजिटिविटी रेट में वृद्धि चिंता का विषय है जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्कता है. राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने लिखा कि इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर सांस के संक्रमण के रोगों से निपटने के लिए परिचालन दिशा-निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता है. इसके साथ ही अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल ऑक्सीजन और कोविड-19 व इन्फ्लुएंजा के खिलाफ टीकाकरण की तैयारियों का जायजा लेने का भी अनुरोध किया है.

## झारखंड विस का सत्र आज से शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र फिर से सोमवार से शुरू होगा। प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर चर्चा होगी।होली की छुट्टी को लेकर चार मार्च से 12 मार्च तक सदन की कार्यवाही स्थगित थी। इस दौरान नियोजन नीति को लेकर लगातार सदन की कार्यवाही बाधित रही।

झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने भी नियोजन को मुद्दा बनाया। सोमवार को विपक्ष फिर नियुक्ति के मामले पर सदन में उठाएगा। इस बीच विपक्ष ने सवाल का जवाब सरकार ने तैयार कर लिया है। नियुक्ति नियमावली को लेकर सरकार ने कैबिनेट में जो फैसला लिया है उसकी अधिसूचना कार्मिक विभाग ने निकाल दी है। अधिसूचना के मुताबिक राज्य सरकार ने भोजपुरी, मगही और अंगिका सहित सात क्षेत्रीय भाषाओं को हटाकर हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत को शामिल कर लिया है। साथ ही मैट्रिक और इंटर झारखंड से पास होने की बाध्यता को भी समाप्त कर दिया है।

विपक्ष के प्रहार को कुंद करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद मोर्चा संभालेंगे। कहा जा रहा है कि 13 मार्च को मुख्यमंत्री सदन में नियुक्ति नियमावली पर अपना वक्तव्य दे सकते हैं।

चार मार्च को इस मामले पर विपक्ष के हंगामे के बीच संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा था कि सरकार 13 मार्च को सदन में अपना पक्ष रखेगी।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने भी इसी मामले को लेकर सरकार की नियुक्ति नियमावली को रद्द किया था।

## दबंग अतिक्रमणकारियों ने अंचल से निर्गत 5 नोटिस को किया अवहेलना

# जेसीबी मशीन से होगी अतिक्रमण की गई सरकारी जमीन मुक्त : सीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बलीगढ़ के दासीपुर गैरमजरूआ आम भूमि की खाता संख्या 285 प्लॉट संख्या 774 रकबा 28 डिसमिल की आपसी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसमें आए दिन एक ही परिवार के दो पक्षियों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। ज्ञात हो कि दासीपुर निवासी लोकी लोहार के दो पुत्र थे इसमें एक पक्ष से जयंत विश्वकर्मा दूसरे पक्ष से रामाधार विश्वकर्मा वगैरह है। विवाद का मुख्य कारण पूर्वजों द्वारा समान भूमि बटवारा का दूसरा पक्ष रामाधार विश्वकर्मा वगैरह द्वारा हिस्सा से अधिक भूमि अतिक्रमण किया जाने लगा। और पहला पक्ष के जयंत विश्वकर्मा जब अपनी पुराना खपरैल मकान तोड़कर जब प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए खुदाई किया जाने लगा तो दूसरे पक्ष के रामाधार विश्वकर्मा वगैरह द्वारा परिवारिक संख्या बल के दम पर बा जबरदस्ती रोक लगा दिया गया। इस संबंध में जयंत विश्वकर्मा द्वारा केतार अंचल में आवेदन समर्पित किया गया। आवेदन के आलोक में केतार अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के आदेश पत्र ज्ञापन 463 दिनांक 08 / 12 / 2022 के आदेशानुसार मापी किया गया। इस दौरान केतार पुलिस प्रशासन के उपस्थिति में प्रभारी अंचल निरीक्षक नागेंद्र पाठक, राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश राम , अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, उक्त भूमि की मापी कर चिन्हित किया। इस दौरान प्रभारी अंचल निरीक्षक ने कहा कि कुछ व्यक्ति का मकान पहले से गैर मजरूआ आम भूमि में बना हुआ है एवं एक व्यक्ति का मकान रास्ते में बना है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध रूप से बने मकान को खाली करने को लेकर तत्काल नोटिस किया जाएगा। नोटिस के आलोक में स्वयं से मकान खाली नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात दोनों पक्षों को गैरमजरूआ आम सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने हेतु अंचल कार्यालय द्वारा 5 नोटिस पत्र जारी किया गया (1) पत्रांक 487 दिनांक 21.12.2022 , (2) पत्रांक- 10 दिनांक 16.01.2023 , (3) पत्रांक 17 दिनांक 19.01.2023 (4) पत्राक- 37 दिनांक- 07.02.2023 को नोटिस निर्गत की गई थी जिस में उल्लेख किया गया था कि नोटिस का अवहेलना कर अतिक्रमण कारीयों द्वारा अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है। अनंतः (5) पांचवा पत्र जिसका पत्रांक 92 दिनाक 06. 03. 2023 केतार अंचल द्वारा जारी कर कहा गया की 11.03.2023 को समय 11:00,रूको राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक एवं अंचल अमीन पुलिस बल की संयुक्त उपस्थिति में सरकारी गैरमजरूआ आम भूमि को सीमांकन कर, तार से घेराबंदी करना सुनिश्चित करेंगे। इस संदर्भ में 11 मार्च को राजस्व कर्मी एवं स्वयं अंचल पदाधिकारी मुकेश मछुआ पुलिस बल के साथ संबंधित स्थल पर पहुंच उक्त भूमि का मुआयना कर नाराजगी जताया। और लास्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह भूमि सरकारी है इसमें किसी अन्य व्यक्तियों का कोई अधिकार नहीं होता है इसलिए उक्त भूमि को अतिक्रमण कारी रामाधार विश्वकर्मा, सुखदेव विश्वकर्मा एवं सुमंत विश्वकर्मा स्वयं से खाली कर देने की कड़ी चेतावनी दी गई। और कहा गया कि इतना कुछ करने के बावजूद भी अतिक्रमण भूमि मुक्त नहीं किया गया तो बाध्य होकर अगले बार अंचल विभाग उक्त भूमि को जेसीबी मशीन द्वारा खाली करवा दी जाएगी।

## मैट्रिक व इंटर परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर एसडीओ ने परीक्षा केंद्रों पर निषेधाज्ञा लागू की



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर परीक्षा को शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त संचालन को लेकर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने 144 लागू की है। इस सम्बंध में एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने बताया कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 14 मार्च से शुरू हो रही मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा-2023 की शांति पूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा निष्पादित करने के लिये विधि व्यवस्था को लेकर लागू किया गया है। अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद,हैदरनगर व मोहम्मदगंज के 13 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने व सुरक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू की गयी।इसके तहत अभिभावक या किसी अन्य को इस परिधि में प्रवेश वर्जित होगा।वहीं पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के मजमा नहीं लगाने, परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इसके शत प्रतिशत अनुपालन हेतु तीनो प्रखंडो के संबंधित पदाधिकारियो को निर्देश दी गयी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा हेतु हुसैनाबाद में आरके बक्शी उवि, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, आरके बालिका+2 उवि, मध्य विद्यालय हुसैनाबाद, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, उर्दू मध्य विद्यालय, आरके हार्वे सोनभैली उवि, स्तरोन्नत उवि कामगार पुर हैदरनगर के आर के+2 उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्रस्तावित बालिका उवि, मध्य विद्यालय, हैदरनगर, बाजार, मोहम्मदगंज के स्तरोन्नत उवि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## आम के मंजर पर मधुआ रोग का प्रकोप, किसान चिंतित



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तापमान में तेजी से वृद्धि होने और फिर एकाएक इसमें गिरावट आने से आम के मंजर पर मधुआ रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। इस कारण प्रखंड क्षेत्र के आम उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान भीष्म देवनारायण सिंह, ब्रजेश सिंह, दीपक कुमार, कमलेश पाण्डेय, उमाशंकर राम, अशोक सिंह, धनंजय पाण्डेय सहित कई किसानों ने बताया कि इस बार आम का मंजर बढ़िया है इससे बंपर पैदावार की उम्मीद थी। किंतु मधुआ के शिशु और वयस्क कीट आम की नई शाखाओं समेत मंजर और पत्तियों का रस चूस जा रहे हैं इससे मंजर झड़ रहे हैं। मधुआ के प्रकोप के से आम की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि मधुआ कीट का प्रकोप घातक है। यह किसानों की आस पर पानी फेर सकता है। आम उत्पादक किसान समय रहते इसकी रोकथाम के लिए मंजरों को उपचारित कर लें तो इसका फायदा उत्पादन में मिलेगा।

## 23 मार्च को होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** आगामी 23 मार्च दिन गुरुवार को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायत वाइज जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं। उसी क्रम में रविवार को किसान ब्रिगेड की टीम डंडीला पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह लड़ाई आम जनों की हैं इसलिए सभी कार्यकर्ताओं को अपने कार्यों को गति देने की आवश्यकता है। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन उनका सुध लेने वाला कोई नहीं है किसान डबल बिजली बिल, भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या, सुखाड़ को लेकर परेशान है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है नवजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए इस गूंगी बहरी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को उत्प्रेरित किया कि तन मन धन से मिलकर पंचायत में लोगों को जोड़ने का कोशिश करें और अपने विचारों को उन तक पहुंचाएं तथा 23 मार्च को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर बुटन यादव, गणेश राम, लालजी यादव, दशरथ राम, विनोद यादव, विंदा यादव, जितेन्द्र यादव, जवाहिर चौहान, विकास कुमार, दुलारी देवी व फुलकुवर देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद नपं कार्यालय में एसएचजी से जुड़ी महिलाओं की हुई बैठक

**महिलाओं को स्वच्छता में भागीदारी के लिए मुहिम चलाने का हुआ निर्णय**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में तीन सप्ताह के स्वच्छता उत्सव के को सफल आयोजन हेतु शनिवार को एसएचजी के बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं को स्वच्छता में भागीदारी हेतु नगर पंचायत द्वारा मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया। एवम इसके साथ ही स्वयं प्रत्येक वार्ड से स्वच्छता आइकन हेतु नामांकन किया जायगा। जिसमें पाँच केटेगरी शामिल है। इसमें स्वयं सहायता समूह, माइक्रोइन्टरप्राइजेज, गैर सरकारी संगठन, स्टार्ट अप, व्यक्तिगत महिला लीडर एवम स्वच्छता चैंपियन अवार्ड विशेष थीम के लिए दिए जाएंगे। जैसे सामुदायिक , सार्वजनिक शौचालय का प्रबंधन, सैप्टिक टैंक सफाई, दूषित जल का ट्रीटमेन्ट, कूड़ा प्रबंधन, वेस्ट टू हेल्थ प्रोडक्ट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ट्रीटमेंट तकनीकी, नवाचार एवं प्रचार प्रसार प्रशिक्षण क्षमता निर्माण इत्यादि को दुरुस्त करने हेतु बेहतर सुझाव दिए जाएंगे। जिसमें से पाँच बेहतर सुझाव का चयन कर विभाग को भेजा जाएगा और विभाग? द्वारा पुरे राज्य से प्राप्त सुझाव प्रत्येक थीम का तीन तीन बेहतर सुझाव भारत सरकार को भेजा जाएगा।मौके पर नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि स्वच्छता उत्सव वह है कि एक दूसरे के अनुभव से सीख कर स्वच्छता जैसे विषय पर मिलकर काम करने के लिए प्रेरित हो। स्वच्छता यात्रा का समापन 30 मार्च 2003 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित जीरो वेस्ट अंतराष्ट्रीय दिवस पर किया जाएगा। 30 मार्च की नगर पंचायत द्वारा एवं स्वच्छता प्रशाल मार्च की निकाला जाएगा, स्वच्छ उत्सव 2023 के सफल आयोजन हेतु टीम गठन किया जा रहा है। बैठक में एसएचजी की महिलाओं के अलावा नगर प्रबंधक, वार्ड पार्षद एवम कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी बने अनुज चौधरी




**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को महान स्वतंत्रता सेनानी जुब्बा साहनी के शहादत दिवस पर 79वा शहादत दिवस के अवसर पर झारखंड निषाद विकास संघ का राज्य स्तरीय बैठक रांची स्थित प्रेस क्लब में किया गया, जिसमें संघ के केंद्रीय अध्यक्ष किशोर निषाद एंव प्रधान महासचिव रितेश निषाद के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए संघ के सभी पदाधिकारी गण अमर शहीद जुब्बा साहनी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर बैठक की शुरुआत की गई, जिसमें समाज के सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के प्रति चर्चा किया गया। जिसमे संघ के माध्यम से अनुज कुमार चौधरी को संस्थाल परगंना के प्रमंडलीय प्रभारी बनाया गया। संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी सह झारखण्ड निषाद विकास संघ के पलामू जिला अध्यक्ष अनुज चौधरी ने कहा कि झारखंड में अपना हक और अधिकार के लिये स्वजातीय समाज से तीन पदाधिकारी आगामी चुनाव लड़ेगी। तथा मोराबादी मैदान में रांची चलो और अपनी ताकत दिखाओ का विषय पर आगामी महीने में झारखंड निषाद विकास संघ के माध्यम से एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम कराने की बात कही। व झारखंड की राजनीति में हिस्सेदारी के लिए अपने समाज के लोगों को आगे आने के लिए कहा। मौके पर अजय मेटल, मंदीप मल्लाह, कमलेश चौधरी, रघु चौधरी, सुदामा चौधरी, चंदन चौधरी, विश्नदेव चौधरी अनिल चौधरी धनबाद से केन्द्रीय सचिव राजा निषाद, पप्पु निषाद, मनोज सहनी, रविंद्र धीवर, चाईबासा से महेन्द्र निषाद, हेमराज निषाद, जगदीश निषाद, सनी निषाद, शिवम निषाद पलामू से नंदु चौधरी, पारसनाथ चौधरी, रमेश चौधरी, सुकेन्द्र चौधरी, उदीत चौधरी, कमलेश चौधरी, रांची से महेश्वर सहनी, राहुल निषाद, कृष्णा निषाद, शिवा निषाद, सन्नी, आकाश, विनय, कमल चौधरी, जांगुरी सहनी, राजेश, चतरा से हीरालाल चौधरी, कमलेश चौधरी, बोकारो से संतोष निषाद, राजेश सहनी, जितेन्द्र निषाद, हजारीबाग से गुड्डु निषाद, रंजीत निषाद, अशोक निषाद, दुमका से भरत कापरी, रामगढ़ से पवन केवट, मिक्की केवट के साथ जिले कई पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित थें।

## युगल प्रसाद बने महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भगवान श्रीराम की जयंती समारोह रामनवमी को लेकर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। युगल किशोर प्रसाद एक बार फिर से नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष चुने गए। शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में हुई बैठक में युगल किशोर प्रसाद को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। युगल किशोर को बारहवी बार यह जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके पूर्व वे ग्यारह बार श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष रह चुके हैं। अध्यक्ष चुने जाने पर युगल किशोर प्रसाद ने कहा कि उनका प्रयास शांति सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूरे उल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाये जाने का होगा। जल्द ही कमेटी के अन्य पदधारियों की घोषणा भी कर दी जाएगी। बैठक की अध्यक्षता गणेश गिरी ने की राम संचालन विजय ओझा ने किया बैठक में दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र प्रसाद नागिन, बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, ज्योति पांडेय, सोमेश सिंह, प्रभात कुमार, अग्रवाल सुरेश कुमार टाम, अजीत सिन्हा, मुकेश अग्रवाल, राजू चंद्रवंशी, मनोहर कुमार लाली, कमल गुप्ता, श्याम जी चौधरी, आशीष भारद्वाज, कुंवर अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, रितेश कुमार लवली, विनीत पांडे अमन कुमार, मनीष भिवानिया, पंकज शर्मा, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, संजय बर्मन, ब्रजेश शुक्ला अमृता अग्रवाल चंद्रभूषण चंद्रवंशी रमेश शुक्ला छोटी त्रिपाठी शंभू अग्रवाल, मुन्ना कुमार लल्लू श्रावण अग्रवाल, अमित कुमार टूटू, निकू सिंह, सहित काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

## पड़वा के कजरी-बटसारा एनएच 75 अर्जनाधिन रैयतों की हुई बैठक

**➲मुआवजा राशि बाजार दर पर निर्धारित करने की मांग को ले संघर्ष समिति का गठन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू :** एनएच75 अर्जनाधिन कजरी व बटसारा की रैयतों की बैठक मध्य विद्योलय कजरी प्रांगण में रविवार हो हुआ। बैठक में भूअर्जन किये जाने वाले भूमि का अपर्याप्त मुआवजा राशि को ले चर्चा किया गया। रैयतों ने कहा कि निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ व्यावसायिक प्रतिष्ठान, उद्योग, माइंस चल रहे है. कजरी और बटसारा में अर्जनाधिन होने वाले भूमि औद्योगिक/व्यावसायिक क्षेत्र है. दोनो गांव मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित है। भूमि चार से पांच लाख रुपये डेसीमल बिक रहा है. वर्तमान समय मे बिक रहे दर के चारगुना मुआवजा राशि भुगतान करने को ले उपायुक्त, अंचल अधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी व परियोजना निदेशक को आवेदन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में 11 सदस्यीय संघर्ष समिति का गठन किया गया। इसमे गौरव सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, बृजबिहारी सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, प्रेमरंजन सिंह, अरुण सिंह, श्यामदेव साव, अजित कुमार सिंह, राजबली ठाकुर का नाम शामिल है। बैठक में दिलीप सिंह, परशुराम सिंह, वेदव्यास सिंह, मनोज सिंह, विकास सिंह, मुकेश कुमार सिंह, राधामोहन सिंह, माणिक साव, घनश्याम ठाकुर, दिलीप चंद्रवंशी, रवि कुमार, कृष्णा सिंह, जगदीप प्रसाद सिंह, संजय कुमार सिंह, बिमलेश सिंह, मिथिलेश सिंह, कामेश साव, मनोज साव, विजय सिंह सहित दर्जनों प्रभावित ग्रामीण मौजूद थे।

# ब्लॉक मोड़ पर की गई मोटरसाइकिल जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** थाना अंतर्गत गढ़वा एसपी के निर्देश पर ब्लॉक मोड़ पर एसआई कुंदन कुमार यादव के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले करीब आधा दर्जन मोटरसाइकिल को पकड़ कर थाना ले आई। उक्त चेकिंग में ड्राइविंग लाइसेंस, इन्सुरेंस, रेजिस्ट्रेशन पॉल्युशन, हेलमेट की जांच की गई साथ ही जरूरी कागजातों की जांच की गई। उक्त मौके पर एएसआई अभिमन्यु सिंह, रैबुल अंसारी, सहित जवान शामिल थे।

## मुख्य पथ से लेकर बेलपहाड़ी गांव तक पक्कीकरण पथ निर्माण में भारी अनियमितता



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुसकैनी पहाड़ स्थित मुख्य पथ से लेकर बेलपहाड़ी गांव तक पक्कीकरण पथ निर्माण में संवेदक द्वारा व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। उक्त पक्कीकरण पथ निर्माण ग्रामीण विकास विभाग के तहत करोड़ो रूपये की लागत से कराई जा रही है। सड़क निर्माण के संवेदक और वन विभाग की मिलीभगत से दुधवनिया और आस पास के जंगलो में से घटिया किस्म के पत्थर का उत्खनन करवाते हुए पत्थरो का उठाव करवाकर रात के अंधेरे में निर्माणाधीन सड़क के किनारे डंप कराया जा रहा है। अवैध तरीके से उत्खनित घटिया किस्म के पत्थरो का उपयोग पक्कीकरण पथ निर्माण के दौरान जगह जगह बंधा पर बनने वाली गार्डवाल निर्माण में संवेदक द्वारा धड़ल्ले से कराया जा रहा है। संवेदक द्वारा सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता के कारण उस क्षेत्र के लोगो के बीच सड़क की गुणवत्ता को लेकर तरह तरह की बाते कर रहे है। जबकि दूसरी तरफ स्थानीय ग्रामीणों का कहना है, कि संवेदक द्वारा पक्कीकरण पथ निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार कार्य न कराकर पूर्व में बने सड़क को बिना खोदे उसके उपर से सिर्फ मिट्टी हटाकर मैटेरियल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। पहाड़ो में से अवैध तरीके से पत्थरो को उत्खनित कर सड़क निर्माण में लगाये जाने के सवाल पर रेंजर प्रमोद कुमार ने कहा कि किसी भी कीमत पर पहाड़ो से पत्थरो का अवैध उत्खनन नही होने देंगे। अगर उक्त सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा सुरक्षित वन क्षेत्र के पहाड़ो से अवैध तरीके से उत्खनित पत्थर लगाया जा रहा है, तो मामले की जाँच कर इसमें संलिप्त दोषियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराई जायेगी।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने किया कमेटी का विस्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए दिन रविवार को एक प्रदेश कार्यकारणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष जयंत झा कि देखरेख में की।जिसमें युवा नेतृत्व के साथ साथ अनुभव का इस्तेमाल करते हुए 7 जिला अध्यक्षों सहित पलामू प्रमंडलीय कमिटी का गठन करते हुए संगठन का विस्तार किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव आलोक तिवारी को, प्रदेश प्रवक्ता राम निवास तिवारी को वहीं पंडित पाण्डे मनोज सिंह को पलामू प्रमंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।मनोज पांडेय पूर्व से ही ब्राह्मण समाज के सिरमौर के तौर पर जाने जाते हैं।उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने समाज के लिये बहुत से बेहतर कार्य करते हुए समाज के लिए अग्रणी भूमिका निभाई है। वही प्रमंडलीय संरक्षक मृत्युंजय तिवारी छोटू, परशुराम खाप निवासी नवीन पांडे प्रमंडलीय संगठन मंत्री, प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अरविंद पांडे, आशुतोष तिवारी ब्राह्मण को जबकि प्रमंडलीय सोशल मीडिया प्रभारी संजम दुबे को बनाया गया।वही पलामू जिला अध्यक्ष के तौर पर मुख्य रूप से सिंगरा निवासी युवा शक्ति कम उम्र में समाज में अपनी एक अमिट छाप छोड़ने वाले मधुकर शुक्ला को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही गढ़वा गोपालपुर के मीनू दुबे को गढ़वा जिलाध्यक्ष, शुभम गिरी को लातेहार जिलाध्यक्ष, नविन्दु पांडे को रांची जिलाध्यक्ष, किंकर पांडे को हजारीबाग जिलाध्यक्ष, शंकर पांडे को गुमला जिलाध्यक्ष,शशि पांडे को रामगढ़ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष जयंत झा ने बधाई देते हुए कहा कि उनके द्वारा जल्द ही जिला और प्रमंडलीय कमिटी का गठन करते हुए समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचने के राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के उद्देश्य को पूरा किया जाएगा। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव समाज के लिए वरदान साबित होगी ये उद्देश्य हरहाल में पूरा किया जाएगा।

## उंटारी रोड सतबहिनी में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों को किया गया सम्मानित

**➲विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी सेवाओं में कार्यरत युवाओं ने किया था सम्मान समारोह का आयोजन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के सतबहिनी गांव में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्र और राज्य सरकार के सर्विस से करीब दर्जनभर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। गांव के युवाओं की ओर से आयोजित कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता वेदप्रकाश शर्मा ने किया। सम्मान समारोह के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों ने अपने कला का जादू रातभर बिखेरा। श्रोताओं की मांग के अनुरूप गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं के भरपुर मनोरंजन किया। सम्मान समारोह में जिन सेवानिवृत्त कर्मियों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया उसमें बैंक कर्मी विंध्याचल शर्मा, अक्षयवर शर्मा, शिक्षक जयशंकर शर्मा, रेलकर्मी नवल शर्मा, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मोतीलाल शर्मा हवलदार बादशाह शर्मा, सब इंस्पेक्टर महेंद्र नाथ शर्मा और बीरबल शर्मा, कैप्टन योगेंद्र शर्मा, सूबेदार मेजर समता प्रसाद शर्मा, समाजसेवी बाबूराम दीक्षित और विश्वम्भर दीक्षित को वहां के विभिन्न सेवा में कार्यरत युवाओं की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं उनके सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कर उस पल को यादगार बना दिया। झारखंड के गायक कलाकार रौशन पांडेय, बिहार के पवन कुमार और पूजा गुप्ता की टीम ने भक्ति, श्रृंगार और वीररस के कई गीत संगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं के भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर टाटा टेल्को इंजीनियर नीरज शर्मा, जेएनयू दिल्ली के प्रोफ़ेसर चन्द्रशेखर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, धंजू शर्मा, देवेंद्र शर्मा, मंटू शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, संतोष शर्मा, सतीष कुमार शर्मा, पपु शर्मा, सोनू शर्मा, सुनील शर्मा, बीरेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, नीतेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, प्रवीण शर्मा, अविनाश शर्मा, नंदा पासवान आदि लोगों ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**रांची।** श्री साईं कृपा मित्र मंडल (ट्रस्ट) साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया, रांची के द्वारा निःशुल्क तृतीय चिकित्सा शिविर का आयोजन आयुष डायग्नोस्टिक के सहयोग से अमरावती कॉलोनी चौक, चुटिया रांची में आयोजित किया गया। जिसमें शारीरिक जांच के रूप में ब्लड ग्लूको, ब्लड प्रेशर, लीवर जांच, एवं और भी अन्य शारीरिक जांच कर परामर्श व दवाई निशुल्क दिया गया। निशुल्क स्वस्थ शिविर में सैकड़ों वृद्ध महिलाएं एवं पुरुषों ने अपना स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया। मौके पर उपस्थित क्षेत्र के संजीव पांडे के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संस्था के अध्यक्ष अमर कुमार ने कहा की मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। संस्था के सचिव बापी सहिस ने कहा की संस्था निरंतर जांच शिविर का आयोजन करती रहेगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अजीत सिंह, सुशील चौबे , कोषाध्यक्ष शशांक केवल , सह- सचिव रोहित पांडे , मीडिया प्रभारी राजेश सिंह ,भूपेंद्र प्रसाद ,अजय शाह ,अमित सिंह , राजन पासवान , महेंद्र कुमार मौजूद रहें।

### ऐप से संबंधित शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना जिला रामगढ़ के सौजन्य से प्रशस्त ऐप से संबंधित शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षक के रूप में संजय कुमार, पावेल कुमार सपना कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण में रामगढ़ गोला चितरपुर दुल्मी पतरातू एवं मांडू के सभी शिक्षकों को प्रशस्त ऐप का प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है । इसीलिए विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उनके सहायक शिक्षक को विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान हेतु प्रशिक्षण दिया गया एवं भारत सरकार के द्वारा दिए गए मापदंडों का उल्लेख किया गया । अब किसी भी विद्यालय में कोई भी दिव्यांग बच्चा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं से अछूता नहीं रहेगा।

# आदिवासी ना तो हिंदू है और ना ही सनातन सरना धर्म कोड लागू हो : बंधन तिग्गा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी मैदान में रविवार को आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठनों की सरना धर्म कोड महारैली हुई। रैली में झारखंड सहित नेपाल, भूटान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार के आदिवासी शामिल हुए हैं। महारैली के जरिये आदिवासी संगठनों ने केंद्र सरकार और भाजपा से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग उठाई।

महारैली को संबोधित करते हुए सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि आदिवासी ना तो हिंदू है और ना ही सनातन। इसलिए आदिवासियों को समाप्त करने की साजिश बंद होनी चाहिए। देशभर में 12 करोड़ से अधिक आदिवासियों का अपना धर्म है, जो अपनी संस्कृति, अपना संस्कार, अपना पूजा स्थल और अपने रीति रिवाज से चलते हैं, हिंदू



लॉ से नहीं। इसलिए आदिवासियों के लिए सरना धर्म कोड लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ऐसा नहीं करेगी, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

बंधन तिग्गा ने कहा कि साजिश के तहत आदिवासियों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2011 में देशभर में लगभग 50 लाख आदिवासियों ने अपना धर्मकोड जनगणना प्रपत्र में दर्ज कराया। दुनियाभर में 40 लाख से अधिक लोगों ने सरना धर्म कोड अंकित कराया है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि आदिवासी हिंदू या सनातन हैं। उन्होंने कहा कि जब तक जनगणना प्रपत्र में अलग से सरना धर्म कोड नहीं होगा, तब तक हम लोग राष्ट्रीय जनगणना होने नहीं देंगे। सरना धर्म कोड के लिए आर-पार की लड़ाई होगी और हम लोग सरहद पार करने को तैयार है।

### आठ सूत्री मांग

-झारखंड सरकार ने 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा से पारित करके शर्मा धर्मपुर प्रस्ताव भेजा है। पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रस्ताव पास करके केंद्र को भेज दिया है। इसे केंद्र सरकार अविलंब लागू करें।

-देश में 12 करोड़ से अधिक आदिवासी रहते हैं, पूरे देश में करीब 700 जनजातीय समुदाय हैं, जिसकी अपनी परंपरा, धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज और पूजा-पाठ है। इसलिए आदिवासी हिंदू का अंग नहीं है। आदिवासियों को हिंदू बनाने की साजिश बंद हो।

-पेसा कानून और टीएसी मजबूती से लागू हो।

-आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जमीन को चिन्हित करके उसे सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए राज्य सरकार राशि का आवंटन करें।

-आदिवासियों की जमीन पर वाहनों का अवैध कब्जा हो रहा है। सादा पट्टा पर अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री हो रही है। जमीन संबंधी रिकॉर्ड से ऑनलाइन छेड़छाड़ हो रहा है। इसे रोकने के लिए राज्य सरकार पहल करे।

-आदिवासी महिला गैर आदिवासी पुरुष से विवाह करती है तो उस महिला को आदिवासी स्टेटस अधिकार से पूरी तरह वंचित किया जाये।

-झारखंड में वन पट्टा कानून की स्थिति बहुत लचर है। अब तक 25 प्रतितश लोगों को भी वन अधिकार कानून के तहत वन पट्टा नहीं मिला है। राज्य सरकार जल्द से जल्द इसे देने का काम करे।

-रघुवर दास की सरकार ने गांव के उपयोग की जमीनों को लैंड बैंक बनाकर अधिग्रहण करने का काम किया है। इसलिए सरकार लैंड बैंक कानून को वापस ले।

# श्रीश्री महाबली हनुमान भक्त मंडल के अध्यक्ष बने अमित सोनी

**श्री रामनवमी महोत्सव एवं मंगलवरी सप्तमी, अष्टमी व नवमी धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मण्डल रातू रोड राँची की बैठक रविवार को माउंट मोटर स्तिथ हनुमान मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता आयुष राज वर्मा ने की। बैठक में आय व्यय प्रस्तुत किया गया। श्री श्री महाबली हनुमान भक्त मण्डल का कमिटी भंग कर 2023 में श्री रामनवमी महोत्सव एवं मंगलवरी सप्तमी,अष्टमी व नवमी धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में 2023 के लिए पदाधिकारी गण का सर्वसम्मति से चयन किया गया। जिसमे अध्यक्ष बने अमित सोनी। कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष राज वर्मा,वरीय उपाध्यक्ष हर्ष श्रीवास्तव,रामावतार जायसवाल मनीष नायक ,मणिकांत कुमार (हर्ष ), कर्ण पाठक,उपाध्यक्ष कुमार गौरव(राणा),कृष्णा राम,जय गणेश सोनी,सुन्दरम सिंह,अंशु तिर्की,शिबु चौहान, मोहित सोनी,अभिनाश यादव, मंत्री आशीष सोनी, जयन्त मुंजल सह मंत्री अंकित सोनी , पवन यादव , आयुष सोनी ,अंकित राज, बंटी सोनी ,मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता राजवीर चौधरी , सौरव कुमार , महामंत्री धीरज दयाल कुशवाहा,जुलूस प्रभारी कुकू नायक,विष्णु यादव,सुजीत,सन्तु यादव,आकाश सोनी , सोनू कुमार ,विशाल यादव,शाशक सोनी संरक्षक गुलशन मिड्डा,बिजय बर्मन,रामधन बर्मन,सागर वर्मा ,रवि कुमार पिंकू,संतोष गुप्ता , कुमार राजा,शंकर प्रसाद, गोपाल पारीक को बनाया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयुष राज वर्मा ने किया। अंत मे समिति के उपाध्यक्ष स्वर्गीय नितेश कुमार(मुकुल जी)के निधन पर 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# जनजातीय धर्म का आस्था है सरना धर्म कोड : प्रेम शाही

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद के राष्ट्रीय महासचिव प्रेम शाही मुंडा ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि सरना धर्म महारैली मोराबादी में आहूत सफलता के लिए धन्यवाद देता हूंद्य परंतु एक प्रांतीय स्तर पर धर्म का उलगुलान से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान आदिवासियों के अन्य प्रदेशों के 781 जनजातीय के धर्म आस्था गोंडी,कोया पुनेम,खासी, भिल्ली,कोया पुनेम,आका, डोनी पोलो,सनमाही बिदिन आदि धर्मो का छोड़ना न्याय संगत नहीं होगा इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक विचार पर बहस होना अति आवश्यक है । यदि देश के आदिवासियों को एक छाता के नीचे लाना है तो सभी आदिवासियों को एकताबद्द होकर आदिवासी धर्म (ट्राइबल रिलिजन ) के अंतर्गत आना ही होगा द्यहडधर्मी करने से देश के आदिवासी एक नहीं हो सकते हैं द्यसरना एक प्रांतीय स्तर का धर्म स्थल ( आस्था )अन्य प्रदेशों में दूसरे नामों से जाना जाता है द्यदेश का आदिवासी को आदिवासी धर्म शब्द से ही धर्मकोड का मार्ग प्रशस्त होगाद्य नहीं तो रैली होते रहेंगेद्य महारजिस्टर जेनरल ऑफ इंडिया इस पर विचार नहीं कर सकतीहै आदिवासियों के धार्मिक गणना न कर जातीय गणना करती है द्य इसलिए सभी धार्मिक अगुवा से अपील है कि एक मंच पर आकर धर्म कोड के नाम पर सहमति जरूर बनाएं ।

# 22 वर्षों में सुदेश ने कुडमी के लिए क्या किया जो मुसलमान के लिए आवाज उठाएगा : इमाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का बयान आया है ÷मुस्लिम समुदाय के अधिकारो से जुड़े मुद्दे को पार्टी मुखर रूप से उठायेगी÷ इस बेतुका बयान का इमाम सफी ने पुरजोर विरोध किया है और सुदेश महतो से कुछ तीखे सवाल किया है।इमाम सफी ने सुदेश महतो से पुछता है कि झारखण्ड में सबसे अधिक समय लगभग 18 वर्ष तक बीजेपी के साथ आजसू पार्टी सरकार में रही है। इस दौरान उसने झारखण्ड के महतो समाज के लिए कुछ काम नहीं किया, जबकि वह खुद कुड़मी समाज से आते हैं, तो मुस्लिम समाज के लिए खाक काम करेगा ? 2000 ई0 में झारखण्ड बनने के बाद ओबीसी के आरक्षण



को 27 प्रतिशत से घटकर 14 प्रतिशत क्यों किया, जबकि संपूर्ण देश में अभी भी 27त्न आरक्षण ओबीसी को प्राप्त है ? झारखण्ड बनने के बाद झारखण्ड के क्षेत्रीय भाषा में मगही, भोजपुरी, बंगाली,उड़िया आदि को क्यों शामिल किया ? 2016 में झारखण्ड विरोधी व गैर संवैधानिक नियोजन नीति 1985 क्यों बनाया ? सुदेश महतो समेत झारखण्ड व खतियान विरोधी तमाम नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि जाति-धर्म की राजनीति करना छोड़कर मुद्दे की राजनीति करें। वर्ना 2024 में अपना खाता भी नहीं खोल पाओगे।

# झारखंड में 25 मार्च से नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चैती छठ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** छठ महापर्व का त्योहार साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार एक चैत्र माह और दूसरा कार्तिक मास में चैती छठ पूजा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के साथ देश के कई हिस्सों में मनाया जाता है। चैती छठ पूजा 25 मार्च से नहाय खाय से शुरू और 28 मार्च को सूर्योदय के समय सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगी

25 मार्च : नहाय खाय, 26 मार्च : खरना, 27 मार्च : संध्या अर्घ्य, 28 मार्च : सूर्योदय अर्घ्य धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, संतान की कामना और घर-परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख, खुशहाली की कामना करने वाली महिलाओं के लिए यह व्रत उत्तम माना गया है।



पौराणिक कथाओं के अनुसार, छठी मैय्या को भगवान सूर्य की बहन माना जाता है। मान्यता है कि छठ महापर्व में छठी मैय्या व भगवान सूर्य की पूजा करने से छठी मैय्या अत्यंत प्रसन्न होती हैं। इस व्रत के पुण्य के प्रभाव से घर में सुख-शांति व खुशहाली आती है।

# महिलाओं को जागरूक होना जरूरी : महेंद्र पाठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांटा टोली के मंगल टावर में रांची जिला महिला समाज के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजक सामाजिक कार्यकर्ता सह भाकपा महिला नेत्री फरजाना फारुकी की अध्यक्षता में हुई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह , महिला नेत्री बीना लिंडा, यास्मीन लाल , नीलम




बड़ा मुन्नी देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया । भाकपा महेंद्र पाठक नेकहा की महिलाओं को अपने हक और अधिकार के लिए सड़कों पर आना चाहिए। क्योंकि केंद्र सरकार को या राज्य सरकार दोनों ने ही महिलाओं को छला है । केवल वोट के समय हिंदूऔर मुसलमान में बाटकर अंधविश्वास फैलाकर वोट तो हासिल करती है और सत्ता में जाने के बाद महिलाओं के हक और अधिकार को भूल जाती है।

सम्मानित किया सम्मानित होने वाले में मुख्य रूप से महिला नेत्री अगता पन्ना, मोनी प्रवीण, मुन्नी , रजनी मुर्मू,ललिता तिर्की, रफत प्रवीण, स्वाना खातून, शबाना,पार्वती देवी,एवम नूरी खातून को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी।

# रांची : श्री रामनवमी महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री रामनवमी महोत्सव 2023-24 को सफल बनाने के लिए श्री महावीर मंडल केन्द्रीय चुटिया की बैठक प्राचीन श्री राम मंदिर में सम्पन्न हुई ।बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में आए सभी अतिथियों एवं अखाड़ाधारियों का स्वागत शै महावीर मंडल राँची के मंत्री कैलाश केसरी के द्वारा किया गया। बैठक में नयी कमेटी का गठन किया गया। जो कि इस प्रकार है मुख्य संरक्षककैलाश केशरी,




पद्मश्री मुकुन्द नायक ,मदन सिंह, सुरेश साहु,गोकुल दास, विजय तिर्की,संयोजक विजय कु. साहु ,संरक्षक मणपूरण नायक, राधेश्याम केशरी,सावर अग्रवाल, भोला राम ,बैजनाथ सिंह, सुनील सहाय, रामशरण तिर्की ,अध्यक्ष कृष्णा सहाय ,कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह,महासचिव अनिल सिंह, उपाध्यक्ष राजकुमार महतो ,ज्ञानीमहतो,कौशल चौधरी, चंदन नायक, किशोर राम, विक्की शर्मा, धंजु नायक, विजय बड़ाईक अमित साहु,विजय सिंह, रानू चौबे रवि सिंह, धनंजय सिंह, विनोद श्रीवास्तव , दीपेश पाठक , प्रदीप कुमार साहू, मंत्री कृष्ण साहु,विक्रम साहु,गुजा तिर्की, संजु महतो,गणेश अग्रवाल, परमजीत सिंह , विकास जैसवाल , पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष शेरू साहु,आदित्य मोहन ,मिडिया प्रभारी रतन लाल ,अमन श्रीवास्तव, रितेश साहु तथा 51 कार्यकारणी सदस्य बनाया गया ।

# झामुमो 50 लाख सदस्य बनाकर पार्टी को करेगा मजबूत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनाने में जुटा हुआ है। इसके लिए पार्टी 50 लाख नए सदस्य बनाएगी। इसमें तेजी लाने के लिए झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य विनोद कुमार पांडेय ने रविवार को सभी जिलाध्यक्षों, सचिव, संयोजक, सभी जिला समिति, जिला संयोजक मंडली को आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सभी जिलों में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में वे तेजी लाएं। साथ ही इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। अभियान में तेजी लाने के लिए सभी जिलों में कार्यक्रम तय करें। तय कार्यक्रम की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व को भी देने का निर्देश दिया गया है। उल्लेखनीय है कि 50 लाख सदस्य बनाने का यह फैसला 18 दिसंबर, 2021 को रांची के हरमू स्थित सोहराय भवन में हुए पार्टी के 12वें केंद्रीय महाधिवेशन में लिया गया था।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति का भूमि पूजन, 22 को कलश स्थापना

**रांची :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब का पंडाल का भूमि पूजन रविवार को किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने विधि पूर्वक पूजा कराया। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि इस बार पहले से बड़ा और आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाएगा। साथ ही मां दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा धूमधाम से की जायेगी। भूमि पूजन में समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता,उदय साहू,अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू,महामंत्री गोपाल पारीक सहित अन्य कार्यकर्तृता उपस्थित थे।

# रांची में पहला मंगलवारी जुलूस 14 मार्च को, रामनवमी 30 मार्च को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची में रामनवमी और चैती दुर्गापूजा की तैयारी शुरू हो गयी है। रामनवमी का पहला मंगलवारी जुलूस 14 मार्च को निकलेगा। इसके बाद 21 मार्च को दूसरा, 28 को तीसरा और अंतिम मंगलवारी जुलूस निकलेगा। 29 मार्च को महाअष्टमी है। इस दिन मंगल आरती होगी और झांकी निकाली जायेगी। 30 मार्च को रामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दिन रात 11ऱ53 बजे तक नवमी तिथि मिल रही है, जिस दिन मध्याह्न काल में नवमी तिथि मिलती है, उसी दिन रामनवमी मनायी जाती है। 30 मार्च को



रात 11.31 बजे तक पुनर्वसु नक्षत्र और रात 1:42 बजे तक अतिगण्ड योग रहेगा। इसके अलावा सिद्धि योगा मिल रहा है। इस कारण से यह तिथि काफी शुभ मानी जा रही है। 30 मार्च को ही रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी।

22 मार्च से विक्रम संवत और वासंतिक नवरात्र विक्रम संवत-2080 भी 22 मार्च से शुरू हो जायेगा। साथ ही वर्ष प्रतिपदा की शुरुआत होगी। पंडित रामदेव पाण्डेय ने बताया कि 22 मार्च को नया साल शुरू हो रहा है। इस दिन गंगा सहित अन्य सहायक नदियों में स्नान, नया वस्त्र पहनने, घरों में नया झंडा लगाने, पंचांग पूजन और श्रवण, दान का महत्व ह। कृषि कार्य शुरू करने का भी विधान है। साथ ही गुड़ी पड़वा, सिंधी नववर्ष, तमिल नववर्ष भी शुरू होगा। वासंतिक नवरात्र भी 22 मार्च से शुरू हो जायेगा। रात 9:24 बजे तक प्रतिपदा होने के कारण भक्तों को कलश स्थापना का काफी समय मिलेगा। प्रातःकाल में देवी पूजन का काफी महत्व है। 23 मार्च को द्वितीया, 24 को तुतीया, 25 को चतुर्थी, 26 को पंचमी, 27 को बेलवरण, 28 को महासप्तमी, 29 को महाअष्टमी, 30 को महानवमी और 31 मार्च को दशमी है।

# संदीप ने राज्यपाल को भेंट की आदिवासियों पर लिखी अपनी पुस्तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से आदिवासी समुदाय के सकारात्मक पहलुओं पर लिखनेवाले जमशेदपुर के लेखक संदीप मुरारका और डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने रविवार को मुलाकात की। लेखक संदीप मुरारका ने गवर्नर को आदिवासियों पर लिखी गयी अपनी पुस्तक देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व भेंट की। इस पुस्तक में पद्म पुरस्कारों के सम्मानित 76आदिवासी व्यक्तित्वों के साथ-साथ परमवीर चक्र, महावीर चक्र, ध्यानचंद अवार्ड एवं नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों के बारे में बताया गया है।

मौके पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आदिवासी हमारे लिये प्रेरणास्त्रोत हैं, क्योंकि परस्थितियों के विपरीत होने के बावजूद अपने कठिन संघर्ष से वे सफलताओं का परचम लहरा रहे हैं। संदीप मुरारका शॉर्ट बॉयोग्राफी और फीचर के जरिये लगातार प्रेरक आदिवासी चरित्रों से पाठकों को रुबरु करा रहे



हैं। उन्होंने 23 राज्यों की लगभग 52 जनजातियों के विख्यात आदिवासियों पर कॉफी टेबल बुक लिखी है।देश के 105 विशिष्ट जनजातीय व्यक्तित्व शीर्षक के नाम से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक में वैसे आदिवासियों का परिचय समाहित है। इस सचित्र रंगीन पुस्तक का प्रकाशन हिंदी भाषा में कोलकाता के विद्यादीप फाउंडेशन की ओर से किया गया है। साथ ही अंग्रेजी, ओड़िया, पंजाबी, मगही, भोजपुरी और संताली में इसका अनुवाद किया गया है।

**आदिवासियों पर तीन पुस्तकें लिख चुके हैं मुरारका:** संदीप मुरारका पहले भी आदिवासियों पर तीन पुस्तक लिख चुके हैं। उनकी पुस्तकें 'शिखर को छूते ट्राइबल्स भाग एक से तीन' शोधार्थियों और यूपीएससी के छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय हो चुकी हैं।

# मस्जिद जाफरिया में मजलिस चेहल्लुम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मस्जिद जाफरिया रांची में मजलिस चेहल्लुम का आयोजन किया गया। मजलिस के मुख्यातिथि मौलाना नाजिम अली खैराबादी ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश राज्य और समाज को एकता के लिए एक ऐसे लीडर की जरूरत है जो हर मैटर्स को कुरआन पाक और पैगंबर के द्वारा एकता और भाईचारे की दावत दे।

मुसलमानों में जो बिखराव पैदा हो गया है उसे कुरान व हदीस के रौशनी में दूर करे। मुसलमानों को चाहिए कि कुरान और अहल ए बैत का दामन से जुड़े रहे। ताकि दीन व दुनिया दोनो में सफल हो। वहीं मस्जिद जाफरिया के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने मजलिस को संबोधित करते हुए हजरत अली की शान और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला।

साथ ही शिक्षा की महत्व को बताया। यह मजलिस सैयद अकील रजा, सैयद नासिर हुसैन, सैयद अमीर हुसैन ने अपने सवर्गीय पिता सैयद अबुल हसन इब्न निआमत हुसैन की याद में किया था। कार्यक्रम का संचालन ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने किया, सोजखानी सैयद अता इमाम रिजवी और पेश खानी सैयद निहाल हुसैन, कासिम अली, अमूद अब्बास,बुलंद अख्तर ने किया। मौके पर सैयद हसनैन जैदी, अशरफ हुसैन, जावेद हैदर, अली हसन फातमी, मेहंदी इमाम, सैयद काजिम हुसैन, इकबाल हुसैन, यादगार नकवी, इकबाल फातमी, सैयद यावर हुसैन, सैयद समर अली समेत सैकड़ों लोग थे।

# एक ही परिवार के सात सदस्यों को पर्यटक मित्रों ने डूबने से बचाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** हुण्डरु जलप्रपात पर्यटन स्थल में हजारीबाग मटवारी से घुमने आये पर्यटक को योगिया दह में एक ही परिवार के सात सदस्यों को पर्यटक मित्रों ने डूबने से बचा लिया । सभी पर्यटक पावर प्लांट दो के रास्ते योगिया के पास पहुंचे थे सभी सदस्य गाड़ी संख्या JHO2BC-2480 से हुण्डरु फॉल पहुंचे थे और समूह के एक बच्चा रूद्र कुमार शर्मा उम्र करीब 9 बर्ष पानी के पास चला गया और पानी में खेलने लगा खेलने के क्रम रूद्र कुमार शर्मा पत्थर से फिसल कर गहरे पानी में गिर गया ।

रूद्र कुमार को बचाने के उसके पिता बचाने के दौड़ा और बेल्ट खोलकर बचाने के लिए बेल्ट फेका लेकिन तबतक बच्चा पानी के नीचे चला सभी सदस्यों ने रूद्र कुमार शर्मा को बचाने के उतरे तो सभी लोग विनय कुमार शर्मा,नंदलाल शर्मा,कौशल किशोर शर्मा आयुश्री कुमारी, रितिक कुमार सहित छह लोगों नेगहरे पानी में डुबने लगे पानी के बाहर खडी दो महिलाओं ने बचाव बचाव कहके चिल्लाने लगे चिल्लाने के आवाज सुनकर झरना के पास तैनात



पर्यटक मित्र बुधराम बेदिया, रंजन कुमार बेदिया,और महेश्वर बेदिया एव स्थानीय दुकानदार रामकुमार बेदिया व जितू बेदिया ने तुरंत दौड़ कर पहुंचा और जान की बाजी लगा गहरे पानी में छलांग दिया और पानी में डुब रहे सात लोगों को सकुशल बाहर निकाला घटना दोपहर 2 बजे की है उसमें से रितिक कुमार उम्र 25 दह के गहरे पानी में डुब गया और बेहोश हो गया था पर्यटक मित्रों के काफी मश्कत के बाद रितिक कुमार को पानी से बाहर निकाला तब तक रितिक कुमार का सांसे चलना बंद हो गया था पर्यटक मित्रों ने तत्काल रितिक कुमार को जमीन में लेटा कर CPR तकनीकी से आक्सीजन देने लगा और करीब एक घंटे के काफी कोशिश के बाद धीरे धीरे रितिक कुमार का सांस चलने लगा रितिक कुमार को CPR तकनीकी से ही जान लोटाना सम्भव हुआ इधर रितिक कुमार की बहन आयुश्री कुमारी उम्र 21 बर्ष भी. बार बार बेहोश हो रही थी सभी सदस्यों को बेहतर ईलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया मौके पर रामकुमार बेदियारामकुमार बेदिया, जितू बेदिया,बालेश्वर बेदिया राजकिशोर प्रसाद, , हरिचरण बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया,विवेक महतो आदि मौजूद थे ।

## गोमिया विधायक ने दो योजना का किया शिलान्यास

**तेनुघाट :** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट पंचायत मे विभिन्न योजनाओं के तहत गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो के द्वारा दो योजना का शिलान्यास किया गया. वंही सबसे पहले महतो को घरवाटांड निवासी चन्द्रिका यादव, संजय यादव, घनश्याम यादव, विधायक प्रतिनिधि राजेश यादव, संतोष श्रीवास्तव के द्वारा फूल माला पहनाकर स्वागत किया. वही पत्रकारों को योजना के बारे मे बताया की उन्नीस लाख एकतालिस हजार आठ सौ चौदह रूपये के लागत से तेनुघाट बांध प्रमंडल के तहत दो अदद गार्ड रूम का निर्माण करना और सहायक निवंधक सहयोग समितियों के सहकारिता भवन का निर्माण तिहतर लाख रूपये से निर्माण तय सीमा मे संवेदक के द्वारा किया जाना हैं ।

# परीक्षा को उत्सव के रूप में लें विद्यार्थी : सकलदीप भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक सकलदीप भगत ने दीप प्रज्वलन कर किया। आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों से समा बाँध दिया। वहीं, सीनियर छात्राओं ने अपने अनुभवों को भी बयां किया। संस्थान तीन माह पूर्व से बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए साप्ताहिक जांच परीक्षा आयोजित कर रहा था। इससे छात्रों के आत्मविश्वास में इजाफा हुआ। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राएं मेहनत व ईमानदारी के साथ अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे। आपने जो कुछ संस्थान से सीखा है, अपने जीवन में उसे अवश्य चरितार्थ करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है आप तनावमुक्त एवं एकाग्र होकर परीक्षा की तैयारी करें परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें जिससे आपको सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अंत में बेस्ट डिसिप्लिन के लिए क्रिस्टीनाओड़ेया को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया ।मौके पर शिक्षिका रिया तथा सावित्री के साथ-साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# राधानगर थाना के एसआई ने जबरन घर में घुस महिला से की अभद्रता, एसपी को आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहेबगंज :** राधानगर की रवैया दिनों दिन दबंगई में बदलते जा रहा है। जिसका परिणाम राधानगर एवं राजमहल थाना में देखने को मिल रहा है। क्षेत्र में चर्चा हो रहा है कि अगर जन रक्षक ही दबंगई में उतर जाए तो जन रक्षा पर विश्वास अब और किस पर होगी। ताज़ा मामला इन दिनों राधानगर थाना क्षेत्र में प्रकाश में आया है। राधानगर गांव की एक नव विवाहित महिला ने राधानगर थाना में पदस्थापित एसआई रवींद्र कुमार पर अनैतिक रूप से रात्रि में घर में घुसकर मारपीट करने तथा अभद्रता से पेश आने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक साहिबगंज अनुरंजन किस्पोट्टा से मदद की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के राधानगर मीरनगर चौक की पलक कुमारी का आरोप है कि शनिवार रात्रि लगभग साढ़े नौ बजे राधानगर थाना के एसआई




रवींद्र कुमार दो तीन पुलिस बल के साथ उसके ससुराल के आंगन में घुस आए। बरामदे में सो रहे महिला का ससुर अनिल कर्मकार ने पुलिस अधिकारी को अपने आंगन में देखा तो पुछा कि क्या बात है इतनी रात में मेरे घर कोई बात है। उन्होंने पूछा कि शिवा कर्मकार कहां है? जबाव की प्रतीक्षा किए बिना वह मेरे कमरे में घुस आए और मेरे पति शिवा कर्मकार के साथ मारपीट करने लगे तथा कहा कि अपनी पत्नी को थाना पहुंचाओ। इस पर मैंने आपत्ति जताई कि मैं हिंदू रीति रिवाज से विवाह कर अपने पति के साथ रह रही हूं और मैं यहीं रहूंगी। इस पर रवीन्द्र कुमार ने कहा पुलिस गाड़ी में तुम्हारी मां साधना देवी साथ में है। तुमको हमारे साथ चलना होगा। इतने में हल्ला गुल्ला सुनकर काफी संख्या में लोग मौजूद हुए तो एसआई रवींद्र कुमार दूसरे दिन सुबह मेरे पति को साथ लेकर थाना आने की धमकी देकर चले गए। महिला का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में तुरंत पुलिस अधीक्षक साहिबगंज से दूरभाष के माध्यम से सारी घटना की जानकारी दी तथा शनिवार को उनके कार्यालय में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार को भी शिकायत की प्रतिलिपि देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि थाना प्रभारी राकेश कुमार ने उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है तथा जांच के आदेश दिए हैं।

**जाने आखिर क्या है मामला :** महिला की शादी राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर निवासी शिवा कर्मकार के साथ हिंदू रीति रिवाज से विगत वर्ष 9 अक्टूबर 2022 में हुआ था। उसकी विवाह से उसकी मां साधना देवी को आपत्ति है तथा उसकी इच्छा के विरुद्ध राधा नगर थाना में शिवा कर्मकार के विरुद्ध प्राथमिकी कांड संख्या 216/22 दर्ज कराई थी। जिसमें रवींद्र कुमार कांड के अनुसंधानकर्ता है। शिवा कर्मकार अडानी पावर प्लांट गोड्डा में काम करता था। वहां से राधानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर है। महिला का कहना है उसकी मां शादी से खुश नहीं है इसलिए अक्सर पुलिस का सहारा लेकर उसके ससुराल वालों को परेशान करते रहते है। राधानगर थाना के एसआई रवींद्र कुमार दो तीन बार ऐसी हरकत कर चुके हैं जबकि हम दोनों पति पत्नी खुशी पूर्वक रह रहे हैं। मेरी मां ने मेरी मर्जी के खिलाफ पहले झूठा मुकदमा दर्ज किया जिससे मेरे पति की नौकरी चली गई। अब पुलिस को ढाल बनाकर परेशान कर रही है।

# बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातू की प्रधानध्यापिका बनीं मालती देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** खूंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के ऊपरबालालौंग के जोजोहातु ग्राम में स्थित बिरसा उच्च विद्यालय में छात्र, अभिभावक, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, आमजन और शिक्षाविदों के बीच आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें बारी- बारी से वक्ताओं ने विद्यालय की स्थापना वर्ष 1990 से अब तक वर्ष 32 वर्ष बीत जाने के बावजूद विद्यालय के विकास नहीं होने पर मंथन किया ,सभी वक्ताओं ने सरकार से अति पिछड़े और नक्सल प्रभावित रहे इस क्षेत्र में विद्यालय के स्थायी प्रस्विकृति करने को लेकर पहल करने की



बात कही। विद्यालय के संचालक और भूमिदाता सागर मुंडा ने कहा कि विद्यालय का मुख्य भवन अष्टम वित्त आयोग की राशि से बना था जिसकी स्थिति वर्तमान में जर्जर है और विद्यालय में दो कमरे का एक भवन तत्कालीन खूंटी सांसद कड़िया मुंडा के मद से बना था जिस पर अब विद्यालय चल रहा है विद्यालय में ना तो शौचालय स्थिति अच्छी है और न ही बाउंड्री है,जिला के वरीय अधिकारी विद्यालय का दौरा कर चुके हैं लेकिन अब तक विद्यालय की स्थिति जस के तस है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि विद्यालय में 300 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं जिनका रिजल्ट अव्वल दर्जे का है पर अब तक विद्यालय की जर्जर स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है हालांकि इस संबंध में मेरे नेतृत्व में विद्यालय का एक प्रतिनिधिमंडल स्थानीय विधायक, स्थानीय सांसद, जैक अध्यक्ष और झारखंड के शिक्षा मंत्री से मिलकर विद्यालय के विकास के लिए आग्रह किया गया है।मौके पर विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका मालती देवी (एमएबीएड) को प्रधानाध्यापिका के रूप में चयनित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सेवानिवृत्त शिक्षक अरविंद कुमार गुप्ता, ऊपरबालालौंग पंचायत के मुखिया अमित मुंडा, सारगेया पंचायत की मुखिया जयंती देवी, शिक्षक लखींद्र महतो, मंगल सिंह मुंडा, शिव शंकर हजाम, रामनाथ महतो और समाजसेवी दुबराज स्वांशी, जंगल मुंडा,शंकर महतो,शिवेश्वर महतो,फागु महतो, महेश महतो,महेंद्र मुंडा,मंगल सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

# तीन दिवसीय श्री राम चरित् पाठ व प्रवचन का समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी टुंगरीधार स्थित गांव मे तीन दिवसीय श्री राम चरित् पाठ व प्रवचन का आयोजन किया गया! बगांल के कोलमा पाटू से आए पुरोहीत ने राम चरित् पाठ व प्रवचन किया! सर्वप्रथम महिलाओं ने पहला दिन कलश यात्रा निकाला! सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र पहनकर स्वर्णरेखा नदी से कलश में जल भर जय श्री राम का नारा लगाते उक्त जगह पहुंचे! जहाँ पुरोहीत द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर श्री राम चरित् पाठ का शुभारंभ किया! तीन दिनों तक भक्तों की काफी भीड़ जमी रही! अंतिम दिन पश्चिम बगांल तुलीन के बनसा पार्टी ने राम गुण गाकर भक्तों का मन मोह लिया भक्तों ने भी साथ मे जयकारा



लगाया, काफी दुर दराज से श्रध्दालु आए हुए थे।

सभी ने रामायण पाठ व प्रवचन का लाभ उठाया!एवं विधिवत पुजा हवन कर तीन दिवसीय राम चरित् पाठ व प्रवचन का समापन किया एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया साथ ही सारी महिलाएं एवं पुरुष मिलजुल कर मुरी स्थित स्वर्णरेखा नदी में घट विसर्जन किया!इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे महिलाओं का काफी योगदान रहा! इस मौके पर बालिका देवी, रिना देवी, सिमा देवी, माधुरी देवी, पुष्पा देवी, सवनि देवी, दिपाली देवी, अंजना देवी, अमरनाथ महतो समेत काफी ग्रामीण मौजूद थे।

# सरहुल पूजा नववर्ष के स्वागत का प्रतीक है : सीताराम

**बेरमो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नावाडीह प्रखंड के गोनियाटो पंचायत स्थित परसाबेड़ा में आदिवासी समाज के द्वारा आदिवासियों का महापर्व सरहुल पर्व परंपरागत रीति-रिवाज से मनाया गया। जिस प्रकार से हिन्दू धर्म लोगों को भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की जाती है ठीक उसी प्रकार आदिवासी संस्कृति का प्रतीक सरहुल नृत्य से समाज को प्रकृति के महत्व के प्रकृति के पेड़-पौधे पर अस्था होती है । इस मौके आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए समाजसेवी सीताराम सोरेन ने कहा कि सरहुल पूजा नववर्ष के स्वागत का प्रतीक है और सरहुल पर्व अनादिकाल से फागुन पूर्णिमा के दिन से पुरे क्षेत्र मनाया जाता है। आदिवासी संस्कृति का जन्म और विकास प्रकृति के गोद में हुआ है वही करमचंद सोरेन ने कहा आदिवासियों के पर्व एवं पूजापाठ प्रकृति से जुड़े हुआ है। इसके साथ ही इसके महत्व के संबंध में मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मरांडी ने संथाली भाषा के लोक गीत के नृत्य के साथ प्रकृति के महत्व को बताने का प्रयास किया वही पुर्व मुखिया गणेश सोरेन ने भी संबोधित कर प्रकृति की रक्षा करना एक संविधानिक कर्तव्य बताया । अन्य वक्ताओं ने यह बताने की कोशिश की कि सरहुल गीत का अर्थ बताते हुए कहा कि ये बड़ा चांद वही चांद है, जो पूर्णिमा के दिन एक बड़े छाते के तरह नजर आता है। यह गीत अनादिकाल से आदवासियों के पूर्वजों के द्वारा गाया जाता रहा है। जिसका परिपालन आदिवासी समाज कर करता रहा है। सरहुल किसी व्यक्ति या पार्टी का पर्व नहीं कृपा टिकैट कुमार ने कहा कि सरहुल किसी व्यक्ति या पार्टी का पर्व नहीं है। सरहुल हम सब का पर्व है। जो हमारी संस्कृति व परंपरा को राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लिए मिटाना चाहते हैं, वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगे। सरहुल पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, एकता और प्रकृति से आदिवासियों का लगाव है। मौके पर जिप प्रतिनिधि टिकेत कुमार , विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी , मुखिया कुमारी अमृता , प्रतिनिधि रामकुमार मराड़ी ,पुर्व मुखिया गणेश सोरेन , समाजसेवी सीताराम सोरेन ,करमचंद सोरेन ,नायके कार्तिक मरांडी ,नन्दलाल टुडू ,सोनाराम मरांडी ,राजेश मरांडी ,बिरसा सोरेन ,समीर मरांडी ,छोटेलाल टुडू ,दिनेश मरांडी ,जितेन्द्र मुर्मू ,सुनिल मरांडी ,जयराम मुर्मू ,राजेश मुर्मू सहित कई महिला पुरूष उपस्थित थे ।

# झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के पितृशोक पर नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के सलगाड़ीह निवासी झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय महतो के पिता सेवानिवृत शिक्षक नागेश्वर महतो की 75 वर्ष की आयु में रांची स्थित अस्पताल साईं में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई,स्व. नागेश्वर महतो सामाजिक कार्यो मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया करते थे साथ गरीबों की सेवा करते थे। पांच परगना क्षेत्र उन्हे एक समाजसेवी के रूप में जाना जाता है,वे अपने युवावस्था के दौरान एक अच्छे फुटबाल खिलाडी भी थे,वे अपने पीछे भरा पुरा परिवार पांच पुत्र और एक पुत्री छोड़कर गए हैं। रविवार को उनके पार्थिव शरीर का दाह संस्कार गागर सोतिया नदी में किया जहां शवयात्रा में सैकड़ों लोग मौजूद थे।इधर स्व. नागेश्वर महतो के निधन पर सिल्ली के विधायक सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो, तमाड के विधायक विकास कुमार मुंडा कांके के विधायक समरीलाल,मांडर के पूर्व विधायक सह पूर्व शिक्षा मन्त्री बन्धु तिर्की,चाईबासा के सांसद गीता कोड़ा,पूर्व मुख्य मंत्री मधु कोड़ा, खरसांवा के विधायक दशरथ गागराई, चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, चाईबासा के विधायक दीपक बिरूवा, झारखंड प्रशिक्षित बेरोजगार शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव रमेश कुमार महतो आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है ।

# स्वतंत्रता सेनानियों का खूंटी में किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव वेद प्रकाश मिश्रा ने , स्वतंत्रता सेनानी पोदना बालमूचू और उनकी पत्नी जो सरकार के तरफ से पेंशन ना मिलने और 5 एकडू जमीन जो सरकार के तरफ से मिलना था। सरकार से रोष प्रकट करते हुए वे लोग चाईबासा से पद यात्रा करते हुए मुरुहु पहुंचे । माला पहना कर मुरहू में स्वागत किया और पदयात्रा साथ में करते हुए खूंटी के डाक बंगला में रात्रि विश्राम की व्यवस्था कराई और सुबह पद यात्रियों को रांची की ओर जाने के क्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पद यात्रियों को खूंटी से विदाई दी स्वागत करता कार्यकारी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अरुण संगा।



अरुण संगा ने उन्हें आश्वासन दिया खूंटी जिला युवा कांग्रेस की टीम उनकी मदद करेगी। मौके में खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, खूंटी 20 सूत्री सदस्य मोहम्मद सोहेल अंसारी,अजय मुंडा, अनमोल होरो सीब्लू खान उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया दो पहिया जांच अभियान, बिना हेलमेट वालो को बांटा फूल

**कोटालपोखर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोटालपोखर थाना के द्वारा रविवार को दो पहिया वाहन जांच अभियान अनोखे ढंग से कोटालपोखर थाना प्रभारी सतीश आशीष तिर्की के नेतृत्व में चलाया गया।बिना हेलमेट के बाइक चला रहे वाहन चालकों को थाना प्रभारी कोटालपोखर के द्वारा हेलमेट एवं गुलाब का फूल वितरण किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चालकों को शपथ दिलाया गया कि आज के बाद कभी भी बिना हेलमेट पहने बाइक नही चलाएंगे एवं यातायात नियमों का पालन करेंगे।गनी चौक के पास पुलिस की इस अनोखे कार्यक्रम की जनता ने सराहना किया।

## प्रशासन के द्वारा क्षेत्र में लगातार दोपहिया वाहन जांच जारी

**मंडरो (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : मिर्जाचौकी पुलिस प्रशासन के द्वारा नीमगाछी कीर्तनया सड़क पर दो पहिया वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें आने जाने वाले वाहनों के कागजात जांच की गई।इस दौरान कई मोटर साइकिल के कागजात हेलमेट इंश्योरेंस आदि की जांच की गई।इस दौरान लगभग पांच मोटरसाइकिल को खामियों में पकड़ कर लाया गया जिसका चालान काट कोर्ट से छुड़ाने हेतु वाहन मालिक को दिया गया।वही मामले में थाना प्रभारी प्रकाश रंजन ने बताया की क्षेत्र में लगातार वाहनों की जांच की जा रही है आगे भी होती रहेगी साथ हीं क्षेत्र के मोटर साइकिल चालक से अपील भी किया की जब भी मोटर साइकिल चलाएं अपने वाहन के कागजात व यातायात नियम का पालन अवश्य करें ताकि आपका यातायात सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे।

# पुरखों ने जो विरासत आदिवासी समाज को दिया है उसे आगे बढ़ाना है : डॉ. बिरसा उरांव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** नवा वर्षगाठ सरना प्रार्थना सभा एवं झंडा गाड़ी का छोटा नागपुर आदिवासी सरना समिति, महुरुम टोली बूटी मोड़ में सरना झंडा बदली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष आदिवासी विकास परिषद झारखंड डॉक्टर बिरसा उरांव उपस्थित थे। उन्होंने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुरखो ने जो विरासत आदिवासी



समाज को दिया है। उसे आगे बढ़ाते जाना हैं, सरना धर्म और संस्कृति परंपरा को बचाना होगा। और आदिवासी रीति रिवाज से पूजा किया गया।मौके पर मुख्य रूप सेमहादेव उरांव, मदन उरांव, बिशु उरांव, एतवा खाका, डॉक्टर अनिल केरकेट्टा, बसंती उरांव, बिना कुजूर, शशि उरांव, अनिल उरांव, सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने कम दरों पर होम लोन किया पेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा में अपने ग्राहकों के लिए बड़ौदा होम लोन की सुविधा जल्दी एवं आसान रूप से उपलब्ध करा रही है और वह भी देश में अन्य बैंकों की अपेक्षा सबसे कम ब्याज दर पर अर्थात् 8.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष के दर पर उपलब्ध करा रही है। उक्त जानकारी देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए हमेशा से ही उन्हें बेहतर सुविधा एक आसान प्रक्रिया के जरिये उपलब्ध कराते आ रही है। इसी क्रम का यह हिस्सा है कि हम अपने ग्राहकों के लिए देश में सबसे कम ब्याज दर पर अर्थात् 8.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष के दर पर होम लोन 31 मार्च 2023 तक उपलब्ध करा रहें हैं। उन्होंने अपने ग्राहकों को अपील करते हुए कहा कि इस आसान ब्याज दर पर ग्राहक 31 मार्च से पहले इसका लाभ उठायें।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

## सीआईआई यंग इंडियन के शिविर में 108 की हुई जांच




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीआईआई यंग इंडियन के द्वारा आज आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित जमशेदपुर क्लोरोकेम प्रा. लिमिटेड परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आईएचएमओ जिला अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक एसआरके कमलेश ने बताया फोर्टिस हॉस्पिटल कोलकाता के सहयोग से 108 लोगों की ईसीजी ,सामान्य रोग, डायबिटीज , ब्लड प्रेशर , हिमोग्लोबिन , वजन , दंत रोग आदि की जांच की गयी। मौके पर कंपनी के प्रबंधक मनोज कुमार गुटगुटिया , शिवकुमार अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए। मेडिकल टीम में फोर्टिस हॉस्पिटल के विकेश सिन्हा , रेनो प्लस के विकास अग्रवाल, डॉ मतीन अहमद खान , डॉ पंकज सिंह, डॉ अफसाना परवीन ,राहुल कुमार शर्मा , अमरजीत कुमार , अमन राज , मणी एवं अमित इत्यादि का योगदान रहा।

## टीआरएफ मैन्युफैक्चरिंग टीम व महामिलन सेवाश्रम संघ का होली मिलन कार्यक्रम संपन्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टी.आर.एफ. मैन्यूफैक्चरिंग जीएम विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सालबोनी स्थित महामिलन सेवाश्रम संघ के परिवार संग होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर सेवाश्रम के बच्चों, संघ संचालक महाराज एवं सभी कार्यकर्ताओं को अबीर लगाकर होली मिलन किया गया। सभी को दोपहर का भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में आश्रम के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर विनोद कुमार सिंह ने भविष्य में भी हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में यू.आर. राजू, जयंत कुमार सिंहा, वेद प्रकाश, विनय कुमार त्रिपाठी, सुधीर कुमार, डी.के. शर्मा, राजेन्द्र सिंह, शैलेश राय, पुनेश शर्मा, भी.बी.आर. राजू, सुमन दत्ता, अंजनी कुमार, डी.के. प्रजापति, मनीष कुमार सिंह आदि उपस्थित थें। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन डी.के. प्रजापति के द्वारा किया गया। टीम के इस प्रयास के लिए संघ के महाराज ने अपना आभार प्रकट किया।

## कांग्रेस का 'हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा' साकची बाजार में आयोजित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा कार्यक्रम चंपारण होटल साकची से शुरू करते हुए साकची बाजार में किया गया । इस पदयात्रा में राहुल गांधी के द्वारा भेजे हुए संदेश पत्र( देशवासियों के नाम अपील )को दुकानदारों और नगर वासियों के बीच बांटा गया और अंसार खान तथा रियाजुद्दीन खान एवं कांग्रेस जनों ने तमाम मार्केट के लोगों को भारत में आसमान छूती महंगाई, जबरदस्ती थोपी गई जीएसटी, रसोई गैस की बढ़ोतरी, डीजल और पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी ,खाद्यान्न के तेल और सामग्रियों की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर लोगों को आगाह किया। और राहुल गांधी के भारत जोड़ो पदयात्रा के बारे में बताया। गरीब लोग खाने खाने को तरस रहे हैं और अंबानी एवं अदानी जैसे प्रधानमंत्री मोदी जी के मित्र मालामाल होते जा रहे हैं। अंसार खान एव रियाजुद्दीन खान तथा कांग्रेस जनों ने ने बताया के आज हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा में कांग्रेस पार्टी को काफी लोगों का सहयोग मिला और आम जनों ने कांग्रेस पर भरोसा जताया । इस मौके पर शिल्पा चक्रवर्ती, पवन बबलू, मोहम्मद नूर आलम, फिरोज आलम, आदिल खान, मोहम्मद शमसी, मोहम्मद नईम, मोहम्मद दिलशाद, मोहम्मद खुर्शीद आदि मौजूद थे।

# सरकार बनाने नहीं, राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है भाजपा : अर्जुन मुंडा

### बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा का सरायकेला एवं खरसावां विधानसभा की संयुक्त कार्यशाला संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** उत्कलमणि आदर्श पाठागार सरायकेला में रविवार को भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सरायकेला एवं खरसावां विधानसभा की संयुक्त कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते कहा अब हमारा देश एक वैश्विक ताकत है और दुनिया हमें गंभीरता से सुनती है।अब राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम सिर्फ जातीय आधार पर नही बनते। हमे डिजिटली अपडेट रहने के साथ साथ जमीनी स्तर पर भी जागरूक रहना है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार बनाने के लिए काम नही करती बल्कि वह राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है। कार्यक्रम के कोल्हान प्रभारी अजय राय ने कार्यक्रम की रूप रेखा और कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यशाला में जे.बी तुबित, मंगल सोय, गणेश माहली, मीनाक्षी पटनायक, मनोज चौधरी, दुलाल स्वांसी, राकेश मिश्रा, ठाकुर दास महतो, सोहन सिंह, पंकज कुमार, बद्री दरोगा, बिरेंद्र सिंह एवं बलवंत पांडे सहित अन्य अपेक्षित कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंच का संचालन राकेश सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मधु गोराई ने किया।

## पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर की गई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पोटका प्रखंड सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के सफल संचालन, टीकाकरण, टैंगिंग, इनएप इंट्री सहित अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित वैक्सीनेटर व कृषक मित्रों ने एक एक अपनी समस्या गिनाया। जिला पशुपालन पदाधिकारी ने समस्याओं का निदान करने का आश्वासन देते हुए सरकार के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ निखिल कच्छप, प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी डा.अशोक कुमार, प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी कृष्ण कांत तिवारी, डा.मोनिका मुर्मू, डा.आनंद कु.आनंदमय, पशुधन सहायक राजकुमार साव, आस्तिक गिरी, रवि रंजन प्रसाद, पियुष कु.मंडल, चिन्मय मंडल, संजित सरदार, पी एन मंडल, सुजीत कुमार सरदार, छीता मुर्मू, निर्मल बेसरा सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांसद विद्युत महतो के कार्यालय पर कांग्रेस के विरोध को भाजपा ने बताया सस्ती लोकप्रियता



**भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो के आवास पर केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हेतु प्रेस-वार्ता बुलाई गई थी। परंतु प्रेस-वार्ता के मध्य में चंद कांग्रेसी इसमें विघ्न डालने पहुंच गए।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भाजपा जमशेदपुर ने सांसद विद्युत वरण महतो के कार्यालय के बाहर कांग्रेसियों के प्रदर्शन को सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास बताया। भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो के आवास पर केंद्रीय बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हेतु प्रेस-वार्ता बुलाई गई थी। परंतु प्रेस-वार्ता के मध्य में चंद कांग्रेसी इसमें विघ्न डालने पहुंच गए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का अधिकार सभी को है। परंतु रविवार को कांग्रेस के इस कथित प्रदर्शन की जानकारी ना सांसद कार्यालय, ना ही जिला प्रशासन एवं ना ही लोकतंत्र के सजग प्रहरी मीडिया को थी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को वास्तव में सांसद विद्युत महतो से मिलकर अपनी बातों को रखना था तो उन्हें इस प्रकार की अभद्रता नही करनी चाहिए थी।

## महिला कांग्रेस के साथ हुए अभद्र व्यवहार के विरोध में कांग्रेस ने फूंका सांसद का पुतला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर के निर्देशानुसार जुगसलाई बिस्टुपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत सिंह के नेतृत्व में जमशेदपुर के पूर्व सांसद, तीन राज्य प्रभारी डॉ अजय कुमार पर त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में हुए जानलेवा हमले एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रही पूर्वी सिंहभूम महिला कांग्रेस कमेटी की महिलाओं के साथ किए गए अभद्र व्यवहार एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृहमंत्री अमित शाह ,त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ मानिक शाह एवं जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ,राजा सिंह राजपूत मनीष चंद्रवंशी, अमित दुबे दीपक साहू मोहम्मद तसलीम ,गुलाम अली ,मोहम्मद टिंकू सुल्तान अहमद ,आसिफ शेख, रेनू कुमारी ,विपिन ठाकुर, चंदन यादव, अंकित शर्मा ,करण सोनकर ,रवि राय एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे

## बुरुडीह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़े दर्शक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरुलडीह :** कुकडु प्रखंड अंतर्गत बुरुडीह में आज सांस्कृतिक झुमुर नाच सह मुर्गा लड़ाई कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक सविता महतो के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो के द्वारा यह मेला विगत कई वर्षों से आयोजन किया जाता रहा है। मेले में तापसी महतो द्वारा झुमुर टीम द्वारा दर्शकों को जमकर झुमाया। मुर्गा लड़ाई में इस क्षेत्र के मुर्गा प्रेमी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर विधायक सबिता महतो, आप्त सचिव क़ाबलु महतो, आयोजक शक्ति पद महतो, कुकडु प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, उपाध्यक्ष नावकिशोर हांसदा, सहित कई झामुमो नेता, कार्यकर्ता सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन का जिला अनुमंडल व प्रखंड कमेटी की हुई घोषणा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत, जेजेए संस्थापक सदस्य सह राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय लाभ, एवं नवल किशोर सिंह के द्वारा एक दिवसीय कोल्हान प्रमंडल दौरा के क्रम में कांड्रा स्थित हैप्पी लकी होटल में सरायकेला खरसावां जिला कमेटी, चांडिल अनुमंडल कमेटी और गम्हरिया प्रखंड कमेटी की घोषणा की गई। घोषणा से पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अमरकांत एवं शाहनवाज हसन द्वारा बैठक कर पत्रकारों के हितों और अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। उनके द्वारा सरायकेला खरसावां जिला कमेटी सहित अन्य कमेटियों की घोषणा की गई।

**सरायकेला जिला कमेटी :** अध्यक्ष - भाग्यसागर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष - के दुर्गाराव,उपाध्यक्ष- सुरेंद्र मार्डी, दीपक कुमार दारोगा व लखिन्द्र नायक, महासचिव- अजित लाभ, सचिव - उमाकांत प्रधान, गणेश सरकार, संयुक्त सचिव - महानंद प्रधान, पारस कुमार। संगठन सचिव - पीताम्बर सोय। कोषाध्यक्ष - गोलक बिहारी। मीडिया प्रभारी- विजय साव और प्रदेश प्रतिनिधि - शेख अलाउद्दीन, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन चांडिल अनुमंडल कमिटी। अध्यक्ष - उपेन्द्र प्रसाद महतो। उपाध्यक्ष - संजय महतो, महासचिव- हिमांशु गोप, सचिव संजय शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य - शिवनाथ महतो,धीरेन्द्र नाथ महतो व भास्कर मिश्रा ।

**गम्हरिया प्रखंड कमेटी :** अध्यक्ष - मनीष कुमार,उपाध्यक्ष - उत्तम कुमार, महासचिव - अनूप मिश्रा, सचिव - मधुसुदन सिंह, कोषाध्यक्ष - जगजीवन महतो, कार्यकारिणी कमेटी सदस्य- अजीत कुमार मंडल,जगबंधु महतो और दिलीप कुमार। इस दौरान बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार गणेश सरकार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज स्वर्णकार ने दिया। कांड्रा और राजनगर में हुई बैठक में काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## गोल्डन बॉयज ने हिल टॉप चैलेंजर्स को 20-0 से हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** गोल्डन बॉयज अंडर 7 टीम ने जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 में अभी तक की सबसे बड़ी जीत अपने नाम दर्ज की. उन्होंने जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हिल टॉप स्कूल चैलेंजर्स को 20-0 से हराया. 10 महीने तक चलने वाले बेबी लीग टूर्नामेंट के तीसरे हफ्ते में गोल की बारिश देखने को मिली, जिसमें सभी श्रेणियों और आयु समूहों में हाई स्कोर देखा गया. जमशेदपुर एफसी, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन (जेएफए) और झारखंड स्पोर्टिंग एसोसिएशन (जेएसए) के साथ मिलकर जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग 2023 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है, इसमें बच्चों को यू5, यू7, यू9, यू 11 और यू 13 श्रेणियों में विभाजित किया गया है. टूर्नामेंट के तीसरे सप्ताह में यू 5 श्रेणी से चार टीमें, और यू 7, यू 9, यू 11 और यू 13 श्रेणियों में से प्रत्येक में दो टीमें शामिल हुईं, सभी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी एरिया में बने अलग अलग पिचों पर एक्शन में नजर आई.

**जमशेदपुर गोल्डन बेबी लीग टूर्नामेंट के तीसरे सप्ताह के परिणाम इस प्रकार हैं -** अंडर 5 श्रेणी- एचटीएस स्टार्स 3-6 श्री स्टार, अंडर 5 श्रेणी- रॉकी स्टार 4-6 जमशेदपुर कोल्ट्स, अंडर 7 श्रेणी- हिल टॉप लिटिल चैलेंजर्स जमशेदपुर 0-20 गोल्डन बॉयज, अंडर 9 श्रेणी- कार्मेल वारियर्स 0-4 रोनाल्डो हिल टॉप स्कूल जमशेदपुर, अंडर 11 श्रेणी-लोयोला प्लाटून 10-0 रेड ड्रैगन्स, अंडर 13 श्रेणी-गोल्डन फेजेंट हिल टॉप स्कूल जमशेदपुर 7-0 कार्मेल यूनाइटेड।

## आदित्यपुर सीआरपीएफ कैंप में एक शाम शहीद ए आजम भगत सिंह के नाम कवि सम्मेलन आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एक शाम शहीदे आजम भगत सिंह के नाम का आयोजन आदित्यपुर स्थित 157 बटालियन सी आर पी एफ परिसर में दिनांक 13 मार्च की शाम 6 बजे से होगा, जिसका आयोजन सी आर पी एफ 157 बटालियन द्वारा किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का संयोजन जोहर इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कवि सम्मेलन का संचालन जमशेदपुर पुलिस लाइन के सार्जेंट और प्रख्यात हास्य कवि कुमार संजय करेंगे। इस अवसर पर जमशेदपुर और रांची से एक से बढ़कर एक कवि और कवयित्री अपनी रचनाओं को प्रस्तुति देंगे। कवि सम्मेलन में शहर की अंतराष्ट्रीय कवयित्री अंकिता सिन्हा जवानों को देश भक्ति कविता सुनाएंगी। इसके साथ ही जमशेदपुर की मशहूर कवयित्री सोनी सुगंधा अपनी माटी की भोजपुरी भाषा में अपनी रचना की प्रतुति देंगी। साथ ही जमशेदपुर से उपासना सिन्हा, अंजू अन्नी, रांची से चंदन प्रजापति, खुशबू बरनवाल सीपी दर्शकों को कवि सम्मेलन में चार चांद लगा देंगे।

# धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में मुशायरा आज शिरकत करेंगे देश के कई दिग्गज शायर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर के उर्दू प्रेमी समुदाय के लिए बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम मुशायरा 2023 का आयोजन अर्बन सर्विसेज, टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा 13 मार्च 2023 को धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में शाम 5.30 बजे से किया जा रहा है। जिसमे शायर वसीम बरेलवी (बरेली, उत्तर प्रदेश), इकबाल अशर (नई दिल्ली), नदीम शाद (देवबंद, उत्तर प्रदेश), डॉ. कलीम कैसर (गोरखपुर, उत्तर प्रदेश), मोईन शादाब (नोएडा, उत्तर प्रदेश), नुसरत मेहदी (महिला कवयित्री - भोपाल, मध्य प्रदेश), अल्तमश अब्बास (हरिद्वार, उत्तराखंड), जहाज देवबंदी (सहारनपुर), सूफियान काजी (मुंबई)। , मकसूद अनवर मकसूद (कतर, यूएई), एमडी असलम खान जमशेदपुरी (मेरठ) शामिल होंगे। साथ ही जमशेदपुर के कुछ शायर अहमद बद्र, असलम बद्र और अनवर अदीब भी उर्दू प्रेमी समुदाय को मंत्रमुग्ध करने के लिए मंच तैयार करेंगे। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के सीनियर मैनेजमेंट, टाटा स्टील फाउंडेशन, जिला प्रशासन जमशेदपुर और जमशेदपुर की गणमान्य हस्तियां शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि अर्बन सर्विसेज, टाटा स्टील फाउंडेशन इस शहर में कला और संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है और स्थानीय समुदाय के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। यह उर्दू भाषा को बढ़ावा देता रहा है और इसलिए इस तथ्य पर जोर देने के लिए हर साल मुशायरा आयोजित करता रहा है कि आज भी लेखक/कवि अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए उर्दू को एक माध्यम के रूप में चुनते हैं।

## जन वितरण प्रणाली दुकानदार शीतल माहतो निलंबित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** परियोजना निदेशक समिति जनजाति विकास अभिकरण शाखा के आईटीडीए द्वारा कुचाई प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अरूवां पंचायत के अंतर्गत डोरो गांव में संचालित जन वितरण प्रणाली शीतल महतो के दुकान में सूचना पट्ट में लाभुकों की सूची खाद्यान्न का दर प्रारंभिक एवं शेष भंडार तथा सतर्कता समिति का विवरण अंकित नहीं होने और इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन का उपयोग नहीं कर के तराजू से माप कर खाद्यान्न का वितरण करने के कारण निलंबित किया गया। जन वितरण प्रणाली के दुकानदार शीतल माहतो को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई है। निलंबित जन वितरण प्रणाली दुकानदार शीतल माता को निर्देश देते हुए कहा गया है कि 72 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने को कहा गया है।अन्यथा अनुज्ञप्ति को रद्द करने की कार्रवाई भी? की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया है। कि राज्य सरकार का निर्देशानुसार नियमों का पालन कर लाभुकों को ससमय अनाज का उपलब्ध कराएं। राज्य सरकार के आदेश का उल्लंघन एवं खाद्यान्न की गड़बड़ी व अन्य शिकायतों पर अनुज्ञप्ति की रद्द की? जा सकती है। निरीक्षण में मुख्य रूप से आईटीडीए निर्देशक संदीप दोराईबुरू अंचल अधिकारी रवि कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संपादकीय

### विकास के नए भूखंड

**अधोसंरचना** निर्माण के अगले दौर में हिमाचल की पृष्ठभूमि को भविष्य के जैसे सपनों की जरूरत थी और इस लिहाज से सुक्खू सरकार की प्राथमिकताएं देखी और समझी जाएंगी। काफी कुछ कहा जाता रहा है, लेकिन जब से प्रदेश की दिशाओं का मिलन मुकम्मल अधोसंरचना व कनेक्टिविटी के सेतु चुन रहा है, तब से राज्य के संतुलन में भौगोलिक अपेक्षाएं देखी जाने लगी हैं। परवाणू-शिमला और कीरतपुर-मनाली जैसी फोरलेन के बाद अब जिक्र शिमला-मटौर और पठानकोट-मंडी जैसी फोरलेन परियोजनाओं का होने लगा है, तो यह आबादी के आधार पर प्रदेश का सबसे अहम घनत्व है और इसके भीतर से लांघती ऐसी महत्त्वाकांक्षा का महत्त्व किसी भी सरकार की विश्वसनीयता बढ़ा देता है। सुखद पहलू यह कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ऐतिहासिक विरासत के दरवाजे खोलकर खुद में कांगड़ा को समाहित करते संदर्भ ओढ़ लेते हैं, जबकि इससे पूर्व नेताओं ने सियासत के अंकगणित में कांगड़ा को टुकड़ों में विभाजित करके न केवल क्षत्रप तैयार किए, बल्कि केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान की अहमियत को भी टुकड़ों में विभाजित कर दिया। बहरहाल दो फोरलेन परियोजनाओं की माटी पर ऐसे सपने श्रृंगार करने लगे हैं, जो शिमला की दूरी को सीमित तथा पर्यटन की जरूरत को हल करने का संकल्प ले रहे हैं। ऐसे में यह एक अवसर की तरह मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व को परिभाषित कर सकता है। प्रदेश में कमोबेश हर मुख्यमंत्री ने अपने नाम के साथ विकास के खूबसूरत अर्थ जोड़े हैं। यहां पानी से लेकर सडक वाले मुख्यमंत्री रहे हैं, तो क्या विकास की अगली उड़ान पर सुक्खू भविष्य की अधोसंरचना के रचयिता के रूप में सिद्धहस्त होंगे। कांगड़ा में पर्यटन की राजधानी खोजते उनके संकल्प अगर कनेक्टिविटी को भी सुदृढ़ कर पाए, तो आधे से अधिक काम पूरा हो जाएगा। इसी दृष्टि से कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार उनके इरादों की बुलंदी को माप रहा है। फोरलेन व हवाई अड्डा विस्तार के साथ-साथ रानीताल-बिलासपुर रेल लाइन की परिकल्पना सारे परिदृश्य की आर्थिकी को संबल देगी। सौ किलोमीटर लंबी प्रस्तावित रेल लाइन वास्तव में ऐसी परियोजना साबित होगी, जो हिमाचल के दिल के करीब रहेगी। अब तक हिमाचल अपने रेल विस्तार को नंगल-तलवाड़ा के संपर्क के साथ देखता रहा है या तो लेह रेल के ख्वाबों से खुद को जोड़ता रहा है। पाठकों को याद होगा कि हमने शुरू से ऊना ट्रेन का रुख ज्वालाजी की ओर मोड़ने तथा बाद में इसे बिलासपुर, कांगड़ा और मंडी की ओर बढ़ाने की बार-बार सलाह दी थी। दरअसल हिमाचल में रेल विस्तार की सारी संभावनाएं या तो सेब ढुलाई व सीमेंट उद्योग या धार्मिक पर्यटन से जुड़ती हैं। रानीताल से बिलासपुर तथा बाद में अंब-अंदौरा से ज्वालाजी मंदिर रेल लाइन से जुड़ जाता है, तो हिमाचल के प्रमुख धार्मिक स्थलों की क्षमता में निखार आएगा। रेलवे विस्तार को आर्थिक दृष्टि से देखें तो रानीताल-बिलासपुर का प्रस्ताव पहली बार हिमाचल के दिल को छू रहा है। हम पुनः दोहरा दें और यह हमारा शुरू से मानना रहा है कि हिमाचल की सडक़ों का केंद्र बिंदु हमीरपुर, रेल विस्तार के लिए ऊना से ज्वालाजी का जुडऩा और हवाई सेवाओं का अहम पड़ाव कांगड़ा एयरपोर्ट साबित होगा। इसी के साथ जल परिवहन की दृष्टि से कोल बांध, गोविंद सागर तथा पौंग डैम की क्षमता को देखा जाए, तो कई अनछुए आकर्षण तथा आर्थिक संभावनाएं सामने आएंगी। हिमाचल में विकास के वास्तविक अर्थ कनेक्टिविटी के अलावा सार्वजनिक सेवाओं में गुणवत्ता लाने तथा जनापेक्षाओं के समुद्र में नई किश्तियां चलाने के रहेंगे। सरकारी ढांचे की उपयोगिता बढ़ाने के लिए यह अहम कदम होगा कि अनावश्यक कार्यालय बंद किए जाएं और जब सुक्खू सरकार ऐसा कर पाएगी, तो इसका गुणात्मक प्रभाव भी देखा जाएगा। प्रदेश को सही मायने में पर्यटन राज्य बनाने के लिए सुक्खू सरकार अगर ग्रामीण स्तर तक आवश्यक ढांचा विकसित कर पाती है, तो यह क्रांतिकारी रूप से इस उद्योग को समृद्ध करेगा। राजनीति से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास की समग्रता में हर कोना जुडऩा चाहिए और इस दृष्टि से भविष्य की अधोसंरचना का संकल्प तैयार करना होगा।

> प्रदेश में कमोबेश हर मुख्यमंत्री ने अपने नाम के साथ विकास के खूबसूरत अर्थ जोड़े हैं। यहां पानी से लेकर सडक वाले मुख्यमंत्री रहे हैं, तो क्या विकास की अगली उड़ान पर सुक्खू भविष्य की अधोसंरचना के रचयिता के रूप में सिद्धहस्त होंगे। कांगड़ा में पर्यटन की राजधानी खोजते उनके संकल्प अगर कनेक्टिविटी को भी सुदृढ़ कर पाए, तो आधे से अधिक काम पूरा हो जाएगा। इसी दृष्टि से कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार उनके इरादों की बुलंदी को माप रहा है। फोरलेन व हवाई अड्डा विस्तार के साथ-साथ रानीताल-बिलासपुर रेल लाइन की परिकल्पना सारे परिदृश्य की आर्थिकी को संबल देगी। सौ किलोमीटर लंबी प्रस्तावित रेल लाइन वास्तव में ऐसी परियोजना साबित होगी, जो हिमाचल के दिल के करीब रहेगी। अब तक हिमाचल अपने रेल विस्तार को नंगल-तलवाड़ा के संपर्क के साथ देखता रहा है या तो लेह रेल के ख्वाबों से खुद को जोड़ता रहा है।

## बोध कथा

### कठिन परिस्थितियों में विचलित न हों

**कठिन** से कठिन परिस्थितियों में भी विचलित न हों। दूसरों के त्रास से घबड़ायें नहीं । सहजता से अपने काम में लगे रहें । तो कोई शत्रु भी सामने नहीं टिक पायेगा।-कठिनतम और जटिलतम परिस्थितियों में भी धैर्य बना रहे इसी का नाम सज्जनता है। केवल फूल माला पहनकर अभिवादन कर देना ही सज्जनों का का लक्षण नहीं। यह तो कोई साधारण से साधारण मनुष्य भी कर सकता है। मगर काँटों का ताज पहनने के बाद भी चेहरे पर सहजता का भाव बना रहे, बस यही सज्जनता व महानता का लक्षण है। भृगु जी ने लात मारी और पदाघात होने के बाद भी भगवान विष्णु जी ने उनसे क्षमा माँगी। इस कहानी का मतलब यह नहीं कि सज्जनों को लात से मारो, अपितु यह है कि सज्जन वही है जो दूसरों के त्रास को भी विनम्रता पूर्वक झेल जाये। सज्जन का मतलब सम्मानित व्यक्ति नहीं, अपितु सम्मान की इच्छा से रहित व्यक्तित्व है। जो सदैव शीलता और प्रेम रुपी आभूषणों से सुसज्जित है वही सज्जन है।

प्राप्यापदं न व्यथते कदाचि- दुद्योगमन्विच्छति चाप्रमत्तः।
दुःखं च काले सहते महात्मा धुरन्धरस्तस्य जिताः सप्तनाः ॥

## अमृत कलश

### दूसरी भाषा

**मुझे** पैदा हुए अभी तीन ही दिन हुए थे और मैं रेशमी झूले में पड़ा अपने आसपास के संसार को बड़ी अचरज भरी निगाहों से देख रहा था। तभी मेरी माँ ने आया से पूछा, "कैसा है मेरा बच्चा ?"

आया ने उत्तर दिया, "वह ख़ूब मजे में है । मैं उसे अब तक तीन बार दूध पिला चुकी हूँ । मैंने इतना ख़ुशदिल बच्चा आज तक नहीं देखा ।"

मुझे उसकी बात पर बहुत गुस्सा आया और मैं चिल्लाने लगा, "माँ यह सच नहीं कह रही । मेरा बिस्तर बहुत सख़्त है और, जो दूध इसने मुझे पिलाया है वह बहुत ही कड़वा था और इसके स्तनों से भयंकर दुर्गंध आ रही है । मैं बहुत दुखी हूँ ।"

परंतु न तो मेरी माँ को ही मेरी बात समझ में आई और न ही उस आया को ; क्योंकि मैं जिस भाषा में बात कर रहा था वह तो उस दुनिया की भाषा थी जिस दुनिया से मैं आया था । और फिर जब मैं इक्कीस दिन का हुआ और मेरा नामकरण किया गया, तो पादरी ने मेरी माँ से कहा, "आपको तो बहुत ख़ुश होना चाहिए; क्योंकि आपके बेटे का तो जन्म ही एक ईसाई के रूप में हुआ है ।"

मैं इस बात पर बहुत आश्चर्यचकित हुआ । मैंने उस पादरी से कहा, "तब तो स्वर्ग में तुम्हारी माँ को बहुत दुखी होना चाहिए ; क्योंकि तुम्हारा जन्म एक ईसाई के रुप में नहीं हुआ था ।"

किंतु पादरी भी मेरी भाषा नहीं समझ सका ।

## राहुल गांधी को अमेठी से हार का और वायनाड से जीत का मजा चखाया है

# क्या राहुल गांधी ने देश से गद्दारी की..?

कृष्णमुरारी त्रिपाठी

> भारत में लोकतंत्र की बहाली के अमेरिकी और यूरोप को आगे आना चाहिए ।उन्होंने ब्रिटेन में भारत की संसद की अवमानना करते हुए भारत में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता खत्म होने की मुनादी कर दी। मीडिया से लेकर न्यायपालिका, जनादेश, संसद सबको उन्होंने अपमानित किया ।कुलमिलाकर राहुल गांधी का यह ब्रिटेन दौरा – भारत की सम्प्रभुता के वरिोध का सुनियोजित इवेंट्स बनकर सामने आया। राहुल गांधी जिस देश की न्यायपालिका पर हमला बोल रहे हैं। उसी देश की न्यायपालिका ने उन्हें– नेशनल हेराल्ड के आर्थिक मामले में धोखाधड़ी पर दर्ज मुकदमे की बेल दी है। वे भारत की जिस संसद की वदिेश में अवमानना कर रहे हैं, उसी संसद में वे घण्टों मुद्दावहीन नौटंकियां दिखाते रहते हैं। कभी आंख मारते हैं ।तो कभी स्पीकर के चेम्बर पर जाते हुए जोकर की तरह नजर आते हैं।

**ब्रिटेन** के निजी पर्यटन दौरे पर गए राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी बयानों की झड़ी लगा दी। वे वहीं नहीं रुके बल्कि – उन्होंने अपनी हर प्रेस कान्फ्रेंस / कार्यक्रम में भारत की संवैधानिक संस्थाओं व भारत विरोधी हमले करते रहे ।और भारत की न्यायपालिका का अपमान करते हुए उसे कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने विदेश में भारत के संवैधानिक संस्थानों पर भी हमला बोला। और चीन का गुणगान करते हुए वे चीन के प्रति प्यार ज़ाहिर करते हुए नज़र आए। जबकि इसके पूर्व भी उन्होंने अपना चीनी प्रेम दिखलाते हुए — भारत व चीनी सेना के मध्य हुए गलवान संघर्ष में भी उन्होंने भारतीय सेना पर प्रश्नचिन्ह उठाए थे। तो वहीं भारत को राज्यों के संघ के रूप में बताते हुए 'राज्यों को बार्गेनिंग के अधिकार' पर बातें की। जो भारत के संवैधानिक ढाँचे की बिल्कुल विरोधी बाते हैं। वे प्रेस कांफ्रेंस में भारत के लोकतन्त्र को मरा हुआ घोषित करने से नहीं चूके। और अपने एजेंडे को चलाते हुए उन्होंने कहा कि – भारत में लोकतंत्र की बहाली के अमेरिकी और यूरोप को आगे आना चाहिए। उन्होंने ब्रिटेन में भारत की संसद की अवमानना करते हुए भारत में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता खत्म होने की मुनादी कर दी। मीडिया से लेकर न्यायपालिका, जनादेश, संसद सबको उन्होंने अपमानित किया। कुलमिलाकर राहुल गांधी का यह ब्रिटेन दौरा – भारत की सम्प्रभुता के विरोध का सुनियोजित इवेंट्स बनकर सामने आया। राहुल गांधी जिस देश की न्यायपालिका पर हमला बोल रहे हैं। उसी देश की न्यायपालिका ने उन्हें — नेशनल हेराल्ड के आर्थिक मामले में धोखाधड़ी पर दर्ज मुकदमे की बेल दी है। वे भारत की जिस संसद की विदेश में अवमानना कर रहे हैं, उसी संसद में वे घण्टों मुद्दाविहीन नौटंकियां दिखाते रहते हैं। कभी आंख मारते हैं। तो कभी स्पीकर के चेम्बर पर जाते हुए जोकर की तरह नजर आते हैं। जिस देश में अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता खत्म होने की बात कर रहे हैं — ये उसी देश की खूबसूरती है कि देश तो देश विदेश में भी भारत के विरुद्ध हमला करने वाले बयानों पर भी, यह देश कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर रहा है। राहुल गांधी क्या यह भूल जाते हैं कि – भारत की वर्तमान नरेन्द्र मोदी सरकार को इस देश की जनता ने चुनाव में भारी जनमत देकर सत्ता पर बैठाया है। क्या यह देश की वही जनता नहीं है जिसने राहुल गांधी को अमेठी से हार का और वायनाड से जीत का मजा चखाया है। भारत के लोकतन्त्र को मरा घोषित करते हुए क्या राहुल गांधी की आत्मा नहीं काँपी? वे



जिस देश के लोकतन्त्र को मरा हुआ घोषित कर रहे हैं, उस देश ने उन्हें इतनी बड़ी पहचान दी कि — राहुल गांधी विदेश में भारत की सम्प्रभुता पर भी हमला करते हुए भी हँस रहे हैं। क्या राहुल गांधी को याद नहीं है कि – उनकी दादी इंदिरा गांधी ने सन्1975 में लोकतंत्र की हत्या करते हुए 'आपातकाल' की जंजीरों में देश को जकड़ दिया था। उन्हें कोई याद दिलाए कि – लोकतन्त्र की हत्या आपातकाल की अमानुषिक बर्बरताओं में हुई थी। राहुल गांधी जिस अमेरिका और यूरोपीय देशों से भारत के लोकतन्त्र की बहाली की बात कर रहे हैं – क्या सचमुच में उनके यहां लोकतन्त्र है? ट्रम्प की हार के बाद कैपिटल हिल के नज़ारे और ब्रिटेन में अस्थिर सरकारें – बेमौसम बदलते प्रधानमंत्री किस लोकतन्त्र की बानगी दे रहे हैं? क्या राहुल गांधी की चुनावी हार की खीझें उनकी देशविरोधी सनक में बदल गई हैं? जिसके कारण वे ऐसा कर रहे हैं। देश को पूँछना चाहिए कि —नकली गांधी खानदान के शहजादे को भारत के लोकतन्त्र व जनमत का विदेश में अपमान करने का अधिकार किसने दिया है? देश की जनता ने चुनाव में — कांग्रेस और नकली गांधी खानदान को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। हर चुनाव में कांग्रेस रसातल में डूबती जा रही है। लेकिन अपने देशद्रोही -भारत विरोधी एजेंडे से क्यों बाज नहीं आ रही है ? ये वही राहुल गांधी हैं जो भारत की सेना पर सवाल उठाते हैं। सर्जिकल स्ट्राइक का सेना से सबूत मांगते हैं। भारतीय सेना का अपमान करते हैं। संसद में बहस करने की बजाय आँख मारते हुए नजर आते हैं। और हर उस चीज में अव्वल रहते हैं जिसका इशारा इनकी टूलकिट गैंग करती है। क्या राहुल गांधी मिशनरियों के एजेंट हैं ? जो भारत विरोधी अभियान की सुपारी लिए हुए हैं? क्या राहुल गांधी और भारत को बदनाम करने वाले सभी विदेशी षड्यंत्रकारी आपस में मिले हुए हैं? और उसी भारत विरोधी टूलकिट के हिसाब से एजेंडा चला रहे हैं? क्या राहुल गांधी को नरेन्द्र मोदी विरोध और राष्ट्र विरोध का अंतर नहीं पता है? राहुल गांधी ऐसे में देश के प्रधानमंत्री बनेंगे? क्या कांग्रेस के शहजादे का यही अभियान है ? भारत विरोधी जार्ज सोरोस की भाषा बोलने वाले — राहुल गांधी भारत के खिलाफ विदेशी शक्तियों को इकठ्ठा होने के लिए कह रहे हैं। क्या यह सरासर राष्ट्र द्रोह नहीं है ? सोचिए! यदि गलती से भी ये विक्षिप्त और मिशनरी प्लांटेड राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनते तो क्या होता? इनकी डिग्रियों का असली नाम 'रॉल विंची 'ही है। तो वहीं दोहरी नागरिकता के आरोप ही इन पर समय समय पर लगते रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में बेल पर चल ही रहे हैं। क्या आपको नहीं लगता है कि — राहुल गांधी का नार्को टेस्ट होना चाहिए ? ताकि देश जान तो सके कि – इन्होंने देश के लोकतन्त्र को खत्म करने के लिए , भारत विरोध के लिए कौन सी टूलकिट बनाई है? वहीं पाकिस्तानी मूल के कमाल मुनीर और राहुल गांधी का कनेक्शन भी कई प्रश्न चिन्ह उठाता है। कैंब्रिज में राहुल गांधी का पूरा प्रोग्राम डॉ. कमाल मुनीर ने आयोजित किया था। डॉ. कमाल मुनीर पाकिस्तानी मूल के हैं ।साथ ही वे कैंब्रिज के असिस्टेंट प्रो वीसी भी है। उन्होंने राहुल गांधी को कार्यक्रम का बुलावा भेजा था और पूरा कार्यक्रम आयोजित किया । डॉ. कमाल मुनीर कश्मीर को पाकिस्तान के मिलाने के पक्ष में रहते हैं ।उन्होंने भारत विरोधी कई खतरनाक ट्वीट भी किए हैं । कमाल मुनीर हिंदुओं पर आपत्तिजनक हमले करने वाले बयानों के लिए जाने जाते हैं ।और इन कमाल मुनीर को पाकिस्तानी सरकार ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशा' पाकिस्तान से भी सम्मानित किया है। डॉक्टर कमाल मुनीर लाहौर के रहने वाले हैं। राहुल गांधी और कमाल मुनीर के इस कनेक्शन से — आसानी से समझा जा सकता है कि – देश की सम्प्रभुता व अखण्डता की सुपारी देने वाले राहुल गांधी देश से गद्दारी कर रहे हैं या नहीं? पहले जार्ज सोरोस का भारत की लोकतान्त्रिक सरकार को गिराने का षड्यंत्रकारी बयान, और उसके बाद राहुल का कैम्ब्रिज में भारत विरोधी भाषण। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत विरोधी बयानों की ताबड़तोड़ फेहरिस्त। और जार्ज सोरोस, कमाल मुनीर , टूलकिट के अनुसार राहुल की कठपुतली चाल ; क्या सबकुछ स्पष्ट नहीं कह रही है? क्या कैम्ब्रिज में कोई चुनावी सभा चल रही थी, जो राहुल गांधी भारत विरोधी बयान देकर – अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर — भारत का अपमान कर रहे थे। क्या राहुल गांधी का उद्देश्य अब भारत विरोध हो चुका है।

# बेरोजगारी के दौर में युवा शक्ति कौशल और शिक्षा

> कौशल एवं व्यवसायिक शिक्षा की जरूरत केवल वंचित समुदायों के लोगों को ही नहीं बल्कि उन लोगों को भी जरूरत है जो औपचारिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पायें। भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला युवा देश है और यह युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है। लिहाजा केंद्र सरकार की नीतियों में बजट में, योजनाओं में। युवाओं को लेकर भवषि्य के वकिास का वजिन दिखाई देता है ।जैसा कि अमृत काल के बजट में युवाओं और उनके भवषि्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप से कैसे युवाओं की तकदीर बदल रही है। सुधारों के साथ शिक्षा क्षेत्र की कैसे तस्वीर बदल रही है। युवाओं के दम पर दुनिया के सामने कैसे मजबूती से खड़ा हो रहा है भारत ।युवा किसी भी देश का भवषि्य है, आज, भारत वशि्व की सबसे बड़ी शक्ति के परू में उभर रहा है। यहाँ प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल वकिास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है।

**युवाओं** को आत्मनिर्भर बनाने के लिये देश की व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। कोरोना ने देशवासियों को ऐसे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां पर अनेक लोगों को कौशल की आवश्यकता है । इस समय हर वर्ग के व्यक्ति को एक सभ्य आजीविका की जरूरत है। कौशल एवं व्यवसायिक शिक्षा की जरूरत केवल वंचित समुदायों के लोगों को ही नहीं बल्कि उन लोगों को भी जरूरत है जो औपचारिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पायें। भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला युवा देश है और यह युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है। लिहाजा केंद्र सरकार की नीतियों में बजट में, योजनाओं में। युवाओं को लेकर भविष्य के विकास का विजन दिखाई देता है ।जैसा कि अमृत काल के बजट में युवाओं और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप से कैसे युवाओं की तकदीर बदल रही है। सुधारों के साथ शिक्षा क्षेत्र की कैसे तस्वीर बदल रही है। युवाओं के दम पर दुनिया के सामने कैसे मजबूती से खड़ा हो रहा है भारत। युवा किसी भी देश का भविष्य है, आज, भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यहाँ प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है। युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट्र का भी समर्थन करता है। युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास और उद्यमशीलता से जोड़ना जरूरी है। साथ ही उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी अति आवश्यक है। कोरोना माहमारी के समय अनेक लोगों को अपने रोजगार, व्यवसाय और नौकरी से हाथ धोना पड़ा इसलिये जरूरी है कि हमारे देश के सभी बच्चों को कौशल विकास की शिक्षा प्रदान की जाये ताकि उनमें उद्यमशीलता का गुण विकसित हो। कौशल विकास न केवल आजीविका का साधन है बल्कि सामान्य दिनचर्या में स्वयं के जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का एक विशेष माध्यम भी है। अतः युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से न केवल गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बुराईयो इत्यादि का समाधान मिल सकता है अपितु वे राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। आज यह आवश्यक हो गया है, कि युवाओं की ऊर्जा को उध्वगायी बनाया जाये, शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाया जाये, युवाओं में कौशल और तकनीकी क्षमता विकसित की जाए, जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की मुख्य चुनौतियों से निपटने में सफल हो सके। वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से युवाओं को आज के अनुकूल कौशल का निर्माण करने वाला प्रशिक्षण देना होगा तभी कौशल विकास सफल हो सकता है। कौशल विकास एक बड़ी नैतिकता और जवाबदेही का कार्य है जिसके माध्यम से युवाओं को उद्यमशील बनाया जा सकता है। स्किल्ड युवा निश्चित रूप से कौशल युक्त भारत का निर्माण कर सकता है। कोरोना के समय में भारत में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। इस समस्या को काफी हद तक कौशल विकास को विकसित कर कम किया जा सकता है, भारत में कौशल विकास तथा बेरोजगारी की समस्या के मूल में स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की अनुपस्थिति है इसलिये स्कूली स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करना बहुत जरूरी है। युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट्र का भी समर्थन करता है। कौशल विकास न केवल आजीविका का साधन है बल्कि सामान्य दिनचर्या में स्वयं के जीवंत और ऊर्जावान महसूस करने का एक विशेष माध्यम भी है। अतः युवा शक्ति को शिक्षा, कौशल विकास और प्रशिक्षण द्वारा बेहतर मानव संसाधन के रूप में विकसित करने से न केवल गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक बुराईयां इत्यादि का समाधान मिल सकता है अपितु वे राष्ट्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। वर्ष 2014 की एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत को भली भांति प्रशिक्षित कुशल श्रमिकों की भारी कमी का भी सामना करना पडा है तालिका 1.0 के माध्यम से यह समझा जा सकता है कि यद्यपि भारत युवाओं का देश है परन्तु कुल कार्यबल में से केवल 2.3 प्रतिशत ही औपचारिक रूप से प्रशिक्षित है। जबकि अन्य विकसित देशों में प्रतिशत काफी अधिक है। भारत में कौशल विकास में आने वाली सबसे बड़ी समस्या यह है कि यहां लगभग 93 प्रतिशत लोग अकुशल है। यहाँ प्रतिवर्ष लगभग 26.14 मिलियन अकुशल लोग रोजगार के लिए 15-45 उम्र समूह में सम्मिलित हो रहे है। अतः 7 वर्ष में लगभग 104.62 मिलियन अकुशल तथा पहले से कृषि एवं गैर कृषि में लगे हुए 298 मिलियन लोगो को 2022 तक कौशल युक्त करना एक बडी चुनौती है। इसके अतिरिक्त ऐसे बेरोजगार लोगो को शिक्षित करना जिन्होनें अपनी स्कूली शिक्षा प्राप्त नही की है या बीच में छोड़ दी है, भी एक बडी समस्या है। महिलाओं की घटती भागीदारी भी एक गंम्भीर समस्या है। 2011 की जनगणना के आँकडों के अनुसार महिलाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में रोगजार में भागीदारी 33.3 प्रतिशत से घटकर 26.5 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्रों में भागीदारी 17.8 प्रतिशत से घटकर 15.5 प्रतिशत रह गई है। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं औद्योगिक सेक्टरों में भी अकुशल कार्यबल आर्थिक विकास के लिए बाधक बन रहा है जिसके परिणाम स्वरूप उत्पादकता प्रभावित हो रही है तथा बडी संख्या में बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। अतः युवाओं के लिए रोजगार उपलब्ध कराना भी एक बहुत बडी चुनौती है। इस दृष्टिकोण से हमें उद्यमिता विकास पर भी ध्यान देने की जरूरत हैं। उद्यमिता में भारत की स्थिति 143 देशों में 76वें स्थान पर है। भारत में प्रति 1000 वर्किंग लोगों पर 0.09 कम्पनी रजिस्टर्ड है, जो कि जी-20 देशों में सबसे कम है।




## देश दुनीया से

### प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में सुझावों की कमी

**विपक्षी** दलों के नेताओं ने भ्रष्टाचार के कलंक को मिटाने के बजाय प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) और केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे गए पत्र से यह साबित कर दिया कि भ्रष्टाचार के समूल खात्मे से किसी का सरोकार नहीं है। देश कैसे भ्रष्टाचार से मुक्त हो, इसकी विपक्षी दलों को चिंता नहीं है। इसका सुझाव या वैकल्पिक समाधान पत्र में नहीं सुझाया गया। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्षी एकता की बात कल्पना रह गई है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के विरुद्ध चलाई विपक्षी मुहिम से कांग्रेस और वामदलों ने कन्नी काट ली। कांग्रेस की नाराजगी की वजह यह है कि जब सोनिया गांधी और उनके दामाद राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कार्रवाई की गई तब एक भी विपक्षी पार्टी साथ नहीं आई। किसी विपक्षी दल के नेता ने इसे गलत बताकर विरोध जाहिर नहीं किया। विपक्षी नेताओं ने पत्र में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच हो रहे विवादों का भी उल्लेख किया है। पत्र में कहा गया, 'देश भर में राज्यपालों के कार्यालय संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं और अक्सर राज्य के शासन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वे जानबूझकर लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई राज्य सरकारों को कमजोर कर रहे हैं। चाहे वो तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, तेलंगाना के राज्यपाल हों या दिल्ली के उपराज्यपाल हों। राज्यपाल केंद्र और राज्यों के बीच दरार की वजह बन रहे हैं।' विपक्षी दलों का यह पत्र दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा की गई कार्रवाई के संदर्भ में लिखा गया है। इस पत्र के सूत्रधार तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव रहे हैं। राव की बेटी के. कविता का नाम भी शराब घोटाले में है। ईडी कविता से पूछताछ के लिए सम्मन जारी कर चुकी है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री राव सरकारी खजाने से साढ़ पांच करोड़ का सोना तिरुपति बालाजी के मंदिर में चढ़ाने को लेकर विवादों में रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि आप सहित विपक्षी दल सीबीआई की कार्रवाई को गलत ठहरा रहे हैं, किन्तु अधीनस्थ अदालत ने इस मामले में सिसोदिया को जमानत देने से इंकार कर दिया। विपक्षी दलों का आरोप है कि दोनों जांच एजेंसियां गैर भाजपा दलों की सरकारों के खिलाफ छापे की कार्रवाई कर रही हैं। ईडी और सीबीआई ने क्षेत्रीय दलों के नेताओं और मंत्रियों के खिलाफ वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर कार्रवाई की है। इनमें कांग्रेस, डीएमके, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आरजेडी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति सहित अन्य पार्टियां शामिल हैं। इनमें से कई सालों से जेल में बंद लालू यादव अभी तक चारा घोटाले में अपनी जमानत तक नहीं करवा पाए हैं। यादव पर रेल मंत्री रहते किसानों की जमीन के एवज में रेलवे में नौकरी दिलाने के मामले में सीबीआई अलग से कार्रवाई कर रही है। भ्रष्टाचार के ऐसे पारदर्शी मामलों में विपक्षी दलों के नेता चुप्पी साध जाते हैं। ईडी और सीबीआई को भी इस बात की चिंता रहती है कि बगैर पर्याप्त सबूत के छापे की कार्रवाई के बाद अदालत ने प्रतिकूल टिप्पणी कर दी या तत्काल जमानत मंजूर कर ली तो केंद्र की भाजपा सरकार पर उंगलियां उठने लगेंगी। ऐसे में विपक्षी दलों के बदनियती से की गई कार्रवाई के आरोपों को बल मिलेगा। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण संवैधानिक स्तंभ अदालत हैं। विपक्षी दलों को चाहिए था कि प्रधानमंत्री के बजाय ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के मामलों को संयुक्त रूप से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते। इसी तरह राज्यपालों के संविधान से इतर हस्तक्षेप करने के मुद्दे को भी अदालत से तय कराया जा सकता है। यदि मामला सुप्रीम कोर्ट जाता तो कम से किसी तरह के पक्षपात की उम्मीद नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के नेताओं का यह भी आरोप है कि भाजपा सरकार की वजह से देश की आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खतरे में है।

> कांग्रेस की नाराजगी की वजह यह है कि जब सोनिया गांधी और उनके दामाद राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कार्रवाई की गई तब एक भी वपिक्षी पार्टी साथ नहीं आई। किसी वपिक्षी दल के नेता ने इसे गलत बताकर वरिोध जाहिर नहीं किया। वपिक्षी नेताओं ने पत्र में राज्यपाल और राज्य सरकारों के बीच हो रहे ववािदों का भी उल्लेख किया है। पत्र में कहा गया, 'देश भर में राज्यपालों के कार्यालय संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन कर रहे हैं और अक्सर राज्य के शासन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। वे जानबूझकर लोकतांत्रिक परू से चुनी हुई राज्य सरकारों को कमजोर कर रहे हैं। चाहे वो तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, तेलंगाना के राज्यपाल हों या दिल्ली के उपराज्यपाल हों।

## नागरिक बोध

# पुस्तक मेले में न होते हुए

**ख़बरें** गवाह हैं, लेखकों, किताबों व प्रकाशकों के नकद मिलन मेले में इस साल खूब भीड़ रही। वैसे डिजिटल होने का बहुत फायदा है लेकिन जो मज़ा सशरीर आमने सामने प्रशंसा, सिर्फ इशारों में कटाक्ष या पीठ के पीछे खड़े होकर चर्चा करने में है वह और कहां। पुस्तक मेले में जितने हाथ मिलाए गए, लगता है उतने ही दिलों का मिलन भी हो गया। देखा जाए तो वर्तमान, अच्छी यादों में बदलकर भविष्य के लिए संबल बन जाता है। पुस्तक मेले में अपने चिर परिचित, अपरिचित या अतिअपरिचित व्यक्तियों, लेखकों और साहित्यकारों को सामने पाकर मेले में पहुंचने वाला हर बंदा खुद को थोड़ा सा लेखक समझ लेता है। किसी की भी पहली पुस्तक ही प्रसिद्ध हाथों से रिलीज़ हो सकती है। अनुभवी लेखक की बत्तीसवीं पुस्तक तो वहीं लोकार्पित होनी होती है। कहीं पढ़ा था किताबें समाज में परिवर्तन लाती हैं तो दर्जनों के हिसाब से पुस्तकें लिखने वालों ने काफी ज्यादा बदलाव ला दिया होगा। ऐसे में सिर्फ विचारों में क्रान्ति की चाहत पोषित करने वाले आम व्यक्ति के दिमाग में भी लेखन का कीड़ा घुस जाता होगा। नई किताबों की ताज़ा सुगंध, स्थापित लेखकों और प्रकाशकों के साथ सेल्फी खिंचवाकर हाथ में कलम होना या कुछ टाइप करना महसूस होता होगा। हमारी साहित्यिक परम्परा है कि किताब या लेखक से मिलकर कमबख्त दिमाग संजीदगी से सोचने लगता है कि काश हम भी लेखक होते। पुस्तक मेले में कई लोगों ने चुटकी तो ली होगी कि फलां बंदे ने अमुक यशस्वी लेखक के साथ या प्रसिद्ध प्रकाशक के स्टाल पर फोटो खिंचवाकर अपना लेखक होना जताया। लेकिन वहां कोई लेखक होने, बनने या दिखने के लिए ही तो नहीं जाता, किताबी मेले में दूसरों की पुस्तक लोकार्पण की मिठाई या कुछ भी खाने के बहाने फेसबुकिया या व्हत्सेपिया मित्र लेखक भी तो मिलते हैं। कुछ लेखक वहां पहुंचकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक, समीक्षक, मुख्यमंत्री या फिर राज्यपाल के प्रसिद्ध हाथों से पुस्तक का ख़ास पैकिंग खुलवाने की तुलना ज़रूर करते होंगे। बताते हैं मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने से किताब भी बहुत ज्यादा खुश होती है। अब तो किताब लिखना, छपवाना और लोकार्पण करवाना आसान हो गया है, लेकिन पाठक, मित्रों या सरकार को किताब बेचना मुश्किल। वैसे मेले में होकर खुद पर इतराने और फेसबुक के लिए काफी सामान मिल जाता है। चित्रों से लगता है वहां सभी एक दूसरे से असली प्यार से, असली गले मिलकर असली खुश होते होंगे। छोटे शहर की साहित्यिक दुनिया की तरह लेखक, वहां बड़े खेमों में बिल्कुल बंटे नहीं होंगे। उनमें ईर्ष्या, एक दूसरे को खारिज करने जैसी कुभावनाएं नहीं होती होंगी।

# मंत्री सत्यानंद भोगता ने क्षेत्र की जनता के साथ चोली दामन का रिश्ता किया कायम

## शाशन प्रशासन की संयुक्त तालमेल का लाजवाब मिशाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हादसा कोई भी साधारण नहीं होता है। लेकिन उन हादसों में छुपा मां की ममता से कौन नहीं मर्माहत होता है, यह बड़ी बात है। मौत तो रहस्य होता है। परंतु मौत के बाद शव की रहस्य सर्वाधिक गम देता है।ऐसा ही एक दो घटना हाल के दिनों में चतरा जिले में घटी। जिसे जिला प्रशासन चुनौती के रूप में स्वीकार किया।अंततः रात दिन एक कर के शव को बरामद कर ग़मज़दा परिवार को सुपुर्द किया। आज भी चार दिनों से जल में लापता एक शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द किया गया। तमासिन जलप्रपात, प्रतापपुर के भूखण्ड हो या नावाडीह पनारी के माईनस तालाब में डूबा युवक की शव। चतरा शाशन प्रशासन की संयुक्त तालमेल का लाजवाब मिशाल पेश कर रहा है। एक दो नहीं बल्कि ऐसे दर्जनों उदाहरणों से चतरा पटा हुआ है। जनप्रतिधि के रूप में झारखंड सरकार के लोकप्रिय मंत्री सत्यानंद भोगता क्षेत्र की जनता के साथ चोली दामन का रिश्ता निभाने में इतिहास रचते जा रहे हैं। बावजूद इसके मंत्री को अपने मंत्रालय श्रम नियोजन प्रशिक्षण एंव कौशल विकास की पूरे सूबे की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के साथ दौरे पर भी अक्सर देखे जाते हैं। क्षेत्र की जनता के हर खुशी और गम में बराबर शरीक रहते हैं। जिले की विकास के लिए प्रशासन को मोटिवेट करने से लेकर अपराध पर नियंत्रण में अपना पूरा समर्थन देते हैं। पर्व तेहवार के अवसर पर खुशगवार माहौल बनाने को लेकर भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। माननीय मंत्री सत्यानंद भोगता जिले की जनता के बीच एकता के प्रतीक बन गए हैं। माननीय मंत्री श्री भोगता का भेदभाव मुक्त आचरण और कुशल व्यवहार की चौतरफा चर्चा है। जनप्रतिधि के रूप में जनता के बीच सर्वाधिक रहने का रिकॉर्ड भी मंत्री सत्यानन्द भोगता ने अपने नाम कर लिया है। जिले की आम अवाम के प्रति समर्पित डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन की संयुक्त नेतृत्व मे पूरी व्यवस्था सक्रिय है।जिला वासियों की हर सम्भव सहयोग करने में फिलहाल उक्त पदाधिकारियों की नेतृत्व में पूरी व्यवस्था महत्वपूर्ण किरदार निभाने में व्यस्त हैं। विकास के कार्यो से लेकर अपराध नियंत्रण हर क्षेत्र में आज चतरा अव्वल स्थान की ओर अग्रसर है। इस प्रकार शाशन और प्रशासन के द्वारा की जा रही प्रयास से चतरा जिला निकट भविष्य में विकसित और जागरूक जिलों की श्रेणियों में शुमार होगा।

# नल जल योजना फेल, चुआंड़ी से लोग पी रहे पानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आजादी के 75 साल बीत जाने व झारखंड गठन होने के 22 साल बीत जाने के बाद भी सासंग पंचायत गांव के तुरी टोला के लोग चुआंड़ी के पानी पीने को हैं मजबूर सरकार की योजना विफल होती दिख रही है एक तरफ सरकार नल जल योजना चला रही है वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण चुआंरी के पानी पीने को विवश हैं सदर प्रखंड के सांसग पंचायत ग्राम सांसग तुरी टोला में 50 अनुसुचीत जाति परिवार के लोग रहते हैं। जिन को पानी पीने के लिए घनघोर संघर्ष करना पड़ता है। तुरीटोला के लोग कई मूल समस्या से ग्रस्त हैं। यहां के लोग पानी भरने में ही घंटो समय लग जाता है। एक छोटी सी चुआड़ी है उसमें भी लोगों को नंबर लगना पड़ता है। अगर प्रशासन इन लोगों के लिए समुचित जल की व्यवस्था कर देती है तो इन गरीबों लोगों को बहुत बड़ा राहत मिल जाएगी। इन लोग इस संबंध में कई दरबार में आवेदन दे चुके हैं। परंतु इन लोगों का समस्या कोई सुनने वाला नहीं है।

## शिव मंदिर की स्थापना दिवस पर चैता का आयोजन

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कुटमु मोड़ स्थित शिव मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर चैता दो गोला और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि व क्षेत्रीय विधायक रामचन्द्र सिंह ने भगवान शिव पर फूल माला चढ़ाकर और राजा मेदिनी राय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष प्रसाद गुप्ता ने किया। इस दौरान विधायक रामचन्द्र सिंह समेत सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जहाँ सैकड़ो की संख्या में लोग भंडारे में शामिल हुए। मौके डॉ आशीष रंजन, प्रिंसपल सुनीता खलखो, उमेश टोपो,बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह, मनोज जयसवाल, शिवानन्द तिवारी, मो शाहिद अंसारी, उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल, मुखिया कालो देवी, दीपक सिंह, बबलू कई लोग उपस्थित रहे।

## चतरा पुलिस व वन विभाग के संयुक्त कार्रवाई में 10 एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले को नशामुक्त के साथ अपराधमुक्त बनाने को लेकर चतरा एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर बृहद रूप से चलाया जा रहा है नशामुक्त अभियान। जिसमें पुलिस को मिल रही है बड़ी सफलता। प्रशिक्षु डीएसपी धनंजय राम के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान में चतरा के मसूरिया तरी जंगल में लगे 10 एकड़ में पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया। साथ ही अफीम के अवैध खेती करने वालों को चिह्नित किया जा रहा है। एनडीपीएस एक्ट के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के तैयारी में जुटे है। कुन्दा व लावालौंग में भी पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। चतरा जिले के कई थाना में अभियान चला कर सैकड़ों एकड़ में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट किया जा रहा है।

# रांची के लिए रवाना हुआ सरना धर्मालंबियों का काफिला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड से सरना धर्म महारैली मोरहाबादी रांची के लिए प्रखण्ड अध्यक्ष जयपाल उरांव महासचिव डॉ रामप्रीत लोहरा कोषाध्यक्ष राजदेव उरांव के संयुक्त नेतृत्व में बारीयातु प्रखण्ड से वाहनों का काफिला रवाना हुआ। महासचिव रामप्रीत लोहरा ने बताया कि बारियातू प्रखण्ड के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों से कुल 22 वाहन रवाना हुआ जिसमें चार बस भी सामिल थे। वाहनों में सैकड़ों सरना धर्मावलंबी आदिवासी परंपरागत वेशभूषा में सवार थे। डॉ रामप्रीत लोहरा ने सरना धर्म कोड के बारे में कहा कि हमारे देश में अनेक धर्म है जिसका कोड मिला हुआ है। धर्म से किसी समुदाय विशेष के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान होती है। सरना हम आदिवासीयों का धर्म है। जो सभी धर्मों से अलग है। इसमें प्रकृति की पुजा होती है। यह आदि धर्म होने के बावजूद इस धर्म को धर्म कोड नहीं मिला है। जबकि आदिवासी सरना धर्म मानने वालों की संख्या बौध, जैन, धर्मालंबियों के अपेक्षा कहीं अधिक है। आदिवासी संस्कृति, परंपरा, एवं विरासत को जिवित रखने के लिए धर्म कोड जरूरी है। सरना धर्म कोड मिलने से आदिवासी संस्कृति का विकास होगा, प्रकृति पुजा का विस्तार होगा। जल, जंगल जमीन के प्रति समाज में प्रेम व लगाव बढ़ेगा। जो आगे चलकर प्रर्यावरण संरक्षण में मददगार बनेगा। यह समस्त विश्व के लिए जरूरी है। इस महत्वपूर्ण मौके पर राजी पहाड़ा सरना प्रार्थना सभा जिलाध्यक्ष अशोक उरांव जिला सलाहकार सजु उरांव मिडिया प्रभारी सुरेश उरांव, सीता मनी उरांव, मुनेश्वरी उरांव, मुनिया उरांव, संजय उरांव, धनेश्वर उरांव, श्रवण उरांव सहित अनेकों समाज के अगुआ गण सम्मिलित थे। इसके अलावा बालुमाथ से सुबोध उरांव, लातेहार से रवि भगत, चन्दवा से मनीलाल उरांव हेरहंज के जलेसर उरांव के नेतृत्व में सैकड़ों सरना धर्मावलंबी आदिवासी सरना धर्म महारैली में मोरहाबादी रांची पहुंचे।

# डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लावालौंग पुलिस ने शनिवार के देर शाम 39.500 किलो ग्राम डोडा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है।गिरफ्तार युवक लावालौंग थाना क्षेत्र के सुलमा गांव के हरनाही टोला के नरेश कुमार पिता बिनेश्वर गंझु। का नाम शामिल है। पुलिस ने। चेकिंग के दौरान तस्कर के पास से डोडा और बाइक जब्त की है। यह जानकारी एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली। थी कि सुलमा के हरनाही टोला में अवैध रूप से एक व्यक्ति मोटर साइकिल में डोडा लौड कर कही जा रहा है।सूचना के सत्यापन के आलोक में बीडीओ अमित कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी के क्रम में नरेश कुमार एक बिना रजिस्ट्रेशन के मोटरसाइकिल पर दो बोड़ा डोडा लेकर जा रहा था जहां छापेमारी टीम ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ लावालौंग थाना कांड 12/23 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अफीम की खेती करने और करवाने वालों के खिलाफ सख्त करवाई की जाएगी।। बता दें कि गिरफ्तार युवक नरेश का मंगलवार को शादी होना था। किंतु किस्मत फूटा नई नवेली दुल्हन से शादी टूटा।वहीं डोडा का धंधा का ख्यालात ने युवक को पहुंचाया हवालात। छापामारी दल में थाना प्रभारी बमबम कुमार, पुअनी रामाशीष शुक्ला, सअनि नागेश्वर पंडित और आईआरबी व सैट के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## झारखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालन यूनियन 14 मार्च को मुख्यमंत्री को मांग पत्र देंगे

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूनियन लगातार 5 वर्षो से अपनी बुनियादी मांगों को सरकारी एवं नियोला कंपनी सीएससी के समक्ष रख रहे हैं सरकार प्रज्ञा केंद्र में संचालकों का हक अधिकार से वंचित कर रही है उन्हें मूलभूत सेवाओं से हटाकर निजी कंपनी घ्रस्ष्ट को एजेंट बना दिया है। गत 14 फरवरी को प्रज्ञा केंद्र संचालक नियोक्ता कंपनी के कार्यालय में धरना दिया था तब स्टेट के अधिकारियों ने मांग पत्र लेते हुए उसे ससमय सरकार के समक्ष रखने की बात की थी जो आज तक नहीं किया गया इसके उलट सीएससी के द्वारा झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र संचालक यूनियन के अधिकारियों को गोली मारने की धमकी दी जाने लगी इसकी लिखित सूचना भी झारखंड राज्य प्रज्ञा केंद्र के संचालक यूनियन पुलिस महानिदेशक महोदय व मुख्यमंत्री महोदय को भी दी गई परंतु कोई कार्यवाही ना होना यह दर्शाता है कि निजी कंपनी के हाथ की कठपुतली बन चुकी है। यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा जोहार यात्रा के दौरान अनेकों जिलों में मुख्यमंत्री महोदय से मिलकर इन मुद्दों पर ध्यान आकर्षण किया और प्रसिद्ध प्रतिनिधिमंडल को अपनी बात रखने के लिए समय का अनुरोध किया इसके अलावा अनेकों बार उनके आवासीय कार्यालय में भी मुलाकात करने की कोशिश की गई साथ ही साथ उनके निजी सचिव को ईमेल के माध्यम से भी पत्राचार किया परंतु आज 2 वर्षों में ना तो श्रीमान के द्वारा ना ही सरकार के द्वारा पराया केंद्र संचालकों को मुद्दों को कहा गहनता से लिया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार पराइयां केंद्र संचालकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है।

# प्रखंड व अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला : आजसू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार शहर चटनाही स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एक बैठक रखी गई जिसकी अध्यक्षता आजसु पार्टी जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने की इस बैठक में मुख्य रूप से अंचल से त्रस्त लोग भाग लिए एवं अपनी समस्याओं को विस्तृत रूप से जिला अध्यक्ष के सामने रखा मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा की अंचल को भू माफियाओं एवं दलालों से मुक्त कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा और आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रावण पासवान ने कहा की आज अंचल कार्यालय में छोटे-छोटे काम को लेकर भी अंचल कर्मचारियों के द्वारा आमजन को दौड़ाया जा रहा है वही दलाल के माध्यम से तुरंत काम करा जाता है आजसू पार्टी ऐसे भ्रष्टाचारी लोगों को जिले में बर्दाश्त नहीं करेगी। आंदोलन के माध्यम से अंचल को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का काम किया जाएगा। मौके पर संजय तिवारी जुबेर अंसारी नवल प्रसाद उत्तम कुमार गुप्ता प्रदीप मिश्रा जैनुल अहमद तस्लीम खान मजीद अंसारी राहुल दुबे रोहित सिंह संजय पासवान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू, ग्राम दुदुवा में कलश यात्रा निकाली गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया प्रखंड के दुदुवा में हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर कलश शोभायात्रा निकाली गई इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ कलश सह शोभायात्रा यज्ञ मंडप से केशोबह जलासय पहुंची जहां ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। जहां कलश यात्रा में शामिल महिलाएं, कुमारी कन्या और तुला नगर भ्रमण करते हुए कलश देवी मंडप में स्थापित किया गया इस मौके पर मुख्य रूप से सिमरिया प्रमुख, उप प्रमुख, सेरन दाग पंचायत के मुखिया सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महुगांई में रामनवमी पूजा कमेटी का गठन, बिजली साव बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के पांकी प्रखंड के महुगांई में रामनवमी पूजा महोत्सव मनाने को लेकर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से बिजली साव को अध्यक्ष चुना गया। इसी तरह अरविंद कुमार प्रजापति को सचिव, संजय राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि जितेंद्र उर्फ जीतन मिस्त्री को उपाध्यक्ष, बलराम प्रजापति को उप सचिव, बीरबल प्रजापति को उप कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सत्येंद्र राम, विवेक उरांव, ज्ञानी प्रजापति, मनोज कुमार पांडेय, राजू कुमार प्रजापति उर्फ दिलीप कुमार, जयपाल उरांव, छोटेंद्र राम, दीपक कुमार प्रजापति, रमेश प्रजापति, अनिल चौधरी , अटल कुमार, सुपेंद्र साव, शिवकुमार उरांव, सुनील उरांव आदि लोगों को सदस्य बनाया गया है। बैठक में धूमधाम से रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में पारित किया गया कि रामनवमी जुलूस पूरे गांव के साथ - साथ झलखंडी मंदिर तक निकाला जाएगा। अखंड कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई।

## हरिहरगंज में मैट्रिक के चार व इंटरमीडिएट के दो परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देंगे परीक्षार्थी

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक द्वारा संचालित मैट्रिक तथा इंटरमिडिएट की कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रखंड में मैट्रिक के लिए चार तथा इंटर के लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी तथा पुलिस अधिकारी की तैनाती संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है। साथ ही परीक्षा केन्द्र के दो सौ गज की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इनमें मैट्रिक के 2305 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें परीक्षा केन्द्र राजकीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय पर मैट्रिक के 722 बालिका उच्च विद्यालय हरिहरगंज पर 413, बाल किशोर सिंह कॉलेज कौवाखोह मे 619 तथा मोतीराज महिला इंटर कॉलेज में 551 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं इंटर के लिए मोतीराज महिला कॉलेज, बालकिशोर सिंह कालेज तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के 816, परीक्षा केन्द्र बालिका उच्च विद्यालय पर मैट्रिक के लिए स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कोठिला, तेन्दुआ, खड़गपुर, सुलतानी, विश्रामपुर पिठौरा तथा आवासीय अनुसूचित जाति विद्यालय कौवाखोह के कुल 480 तथा इंटर के लिए सीता +2 उच्च विद्यालय व प्रोजेक्ट धनमानी +2 उच्च विद्यालय के 1040 छात्र परीक्षा देंगे। जबकि मैट्रिक के लिए परीक्षा केन्द्र मोतीराज महिला इंटर कालेज पर सीता उच्च विद्यालय , स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कटैया के 567 तथा परीक्षा केन्द्र बालकिशोर सिंह कॉलेज कौवाखोह में हरवंश उच्च विद्यालय ढकचा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिकाविद्यालय, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सरसोत, कोकरो व बभंडी के 617 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# मो महफूज बने यूथ मोमिन कांफ्रेंस के पत्थलगड्डा प्रखंड अध्यक्ष, ग्रामीणों ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/पत्थलगडा :** ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस की अहम बैठक चुनाव प्रभारी सह यूथ मोमिन कांफ्रेंस के जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी की अध्यक्षता में पत्थलगड्डा प्रखंड के सिंघानी में उर्दू स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूथ प्रदेश महासचिव मो इकबाल अंसारी मौजूद थे। जबकि बैठक का संचालन मौलाना महफूज रहमान ने किया। कार्यक्रम का आगाज हाफिज मो तौफीक ने तिलावते कुरान से किया। बैठक में मोमिन कांफ्रेंस को और भी ज्यादा धारदार कैसे बनाया जाय,गांव स्तर तक मोमिन कांफ्रेंस को कैसे पहुंचाया जाए, समाज में तेजी से फैल रही वैमनस्ता, कुरीति जैसे दहेज जैसी कुप्रथा, शराब पर पाबंदी, शिक्षा के प्रति जागरूक बनाकर हक अधिकार के प्रति जागरूक कैसे बनाया जाय ,तथा सामाजिक क्षेत्र, राजनैतिक क्षेत्र में कैसे भागीदारी सुनिश्चित की जाय इन्ही सब प्रमुख मुद्दों पर परिचर्चा की गई। बैठक के बाद चतरा जिले के शेष प्रखंडों में भी अवामी तौर पर बैठक कर दहेज, शराब, अशिक्षा जैसी मुद्दों को डोर टू डोर जाकर जागरूक करने का काम किया जाएगा।यह निर्णय मोमिन कान्फ्रेंस ने बैठक में लिया है। बैठक में सर्वसम्मति से जिला कार्यकारिणी के लिए मौलाना महफूज रहमान को चुना गया जबकि प्रखंड अध्यक्ष के लिए मो महफूज, कार्यकारी अध्यक्ष मो इसराइल, उपाध्यक्ष मौलाना मुस्ताक, सचिव मो परवेज, कोषाध्यक्ष मो इफ्तेखार, मीडिया प्रभारी मो अख्तर अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य मो इस्माइल, मो फिरदौस, मो रहूफ को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष नेसार अंसारी तथा प्रदेश महासचिव मो इकबाल अंसारी को गर्मजोशी से माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया।इस बैठक में मो समशाद, मो शहजाद, मो यासिर, अबु तल्हा, मो कौशर के अलावे, पत्थलगड्डा प्रखंड के दर्जनों मोमिन शुभचिंतक मौजूद थे। अंत में पूरे मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कर सभा की समाप्ति की गई।

# मनोकामना मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन माँ दुर्गा, बजरंगबली के मूर्ति का हुआ नगर भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोकामना मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान का कार्य जारी रहा। इस दौरान पूजन स्थल में भक्तों का आवागमन होते रहा एवं भंडारे के प्रसाद का सभी भक्तजन लाभ लिये। रविवार को गाजे बाजे के साथ माँ दुर्गा की प्रतिमा, बजरंगबली की प्रतिमा का नगरवासियों के दर्शनार्थ हेतु नगर भ्रमण करवाया गया। जिसमें सनातन धर्मावलम्बी महिलायें व पुरुष का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे रास्ता उपस्थित सभी पुरुष व महिलाएं भजन कीर्तन व धार्मिक बैंड धुन में झूमते हुए नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत वनवासी कल्याण से हुई जो शहर के मिशन चौक,राणा चौक, महावीर चौक, होते हुए वनवासी कल्याण स्थित मनोकामना मंदिर पहुची। आयोजन समिति ने सभी सनातन लोहरदगा वासियों को नगर भ्रमण में शामिल हो कार्यक्रम को सफल करने में सहयोग हेतु हृदय से धन्यवाद दिया और आगे भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा की बात कही। गौरतलब है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु आकर भंडारे एवम पूजा पाठ का धार्मिक लाभ उठा रहे हैं। रविवार को सुबह में पूजन हवन समेत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इधर शहर की विभिन्न सड़को पर माँ की प्रतिमा का दर्शन के लिए लोग कतारबद्ध तरीके से खड़े थे। लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इधर नगर भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुश्तैद थी।

## कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने 22 गरीब वर वधू की शादी कराई



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम में कन्या सोशल वेलफेयर फाउडेशन के द्वारा 22 जोड़े वर और वधु का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ,कन्या सोशल वेलफेयर फाउडेंशन के डायरेक्टर मिथलेश कुमार के नेतृत्व में विवाह संपन्न हुआ, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा ज़िले के कुल 22 गरीब वर वधु के विवाह करवाया गया सभी वर और वधु को संस्था के द्वारा पलंग, रजाई, तोसक, मिठाई, कपड़े, सृंगार का समान समेत कई वस्तुओ को भेंट स्वरूप दिया गया, मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, मेयर अरुणा शंकर, समाजसेवी रामदास साहू, भोजपुरी गायक मोनू अलबेला, समाजसेवी रानी माँ रूपा, आध्यत्मिक गुरु प्रणय कुमार सिन्हा समेत कन्या सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

## फिजिक्स वाला सेमिनार का हुआ आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्स वाला के तत्वावधान में बरकाकाना स्थित सीसीएल सामुदायिक भवन में रविवार को कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आभार रामगढ़ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन मार्केटिंग हेड सैयद परवेज अहमद ने किया। मुख्य तौर पर एसोसिएट डायरेक्टर एवं रांची के सेंटर हेड डॉक्टर एनडी वर्मा चीफ बिजनेस कोलैबोरेटिंग ऑफिसर ईस्ट जोन हेड देवब्रत दास तथा बिजनेस हेड रांची के अमित गुप्ता उपस्थित हुए इस अवसर पर रामगढ़ एवं आसपास से कार्यक्रम में आए बच्चों को उनके कैरियर के प्रति जागरूक किया गया।

## उपरखखरा में बाहा परब में शामिल हुए बजरंग महतो



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड के उपरखखरा में बाहा परब में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो और सरना स्थल जा कर माथा टेक सरना बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किये। साथ ही इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आखाडा का फीता काटकर उद्घघाटन किये एवं आखाडे में मांदर बजाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिए और उपस्थित सभी बाहा परब एवं सरना पूजा की हार्दिक शुभकामनायें दिये। मुख्य अतिथि बजरंग महतो का उपरखखरा पहुंचने पर ग्रामीणों के द्वारा विधिवत स्वागत किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी जिला उपाध्यक्ष जेएमएम विनित प्रभाकर अन्दु राम महतो धीरेन महतो बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो आयोजन कमिटी के आशीष मुर्मू सहदेव मुर्मू सुरेश किस्कू मटुकलाल मांझी सुधू करमाली अल्का करमाली बिरेन्द मांझी बालेश्वर किस्कू महेश मांझी रामू मुर्मू सुरेन्द्र मांझी एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सार्वजनिक बसंती दुर्गा पूजा समिति की नई कमेटी का विस्तार



**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड अंतर्गत नगर बरसोत सार्वजनिक बसंती दुर्गा पूजा समिति की नई कमेटी का विस्तार किया गया।एवं सर्वसम्मति से ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मुख्य प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो एवं उपाध्यक्ष चंदेश्वर साव,सचिव राजेश कुशवाहा कोषाअध्यक्ष शैलेश कुमार उपाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं अजीत राम को उप सचिव सूरज चंद्रवंशी उपकोषाध्यक्ष दामोदर महतो को बनाया गया। इस बैठक की अध्यक्षता दामोदर महतो ने किया। पूजा कमेटी अध्यक्ष विष्णुधारी महतो ने कहा कि या मेला कई दशकों से एवं पूर्वजों के समय से बसंती दुर्गा पूजा मनाया जाता है।जो आज भी काफी आकर्षक एवं भव्य तरीके से मनाई जाती है। इस बार या मेला 22 मार्च से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होगा। यह मेला 10 दिनों तक चलेगा। मंगला जुलूस की देखरेख प्रदीप कुशवाहा एवं उनके सहयोगियों के द्वारा किया जाएगा। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुजीत प्रसाद पूर्व अध्यक्ष संतोष रजवार सिकंदर केशरी, एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बड़कागांव कुशवाहा समाज के पदाधिकारियों का हुआ चयन



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव सूर्य मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को कुशवाहा समाज के पदाधिकारियों के चयन को लेकर बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पूर्व विधायक लोकनाथ महतो व संचालन मुखिया संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार मेहता ने किया। इस दौरान महा रामनवमी एवं कुशवाहा समाज के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। बड़कागांव कुशवाहा समाज का अध्यक्ष लालमणि महतो, उपाध्यक्ष धर्म नाथ महतो, सचिव जयनाथ महतो, उपसचिव सरोज कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, उप कोषाध्यक्ष श्याम देव कुमार सहित कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, डॉ. बालेश्वर महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, प्रो.कृतिनाथ महतो, शशि मेहता, लखन महतो, धर्मनाथ महतो, सनोज कुमार, उप मुखिया सत्यदेव महतो, राजू कुमार, जयराज कुमार, किशोर कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार, खुदन महतो, वीरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सुजीत कुमार, आदि थे।

# हेसला : ग्रामीणों ने 24 मार्च को सरहुल पूजा मनाने का लिया निर्णय

➲ दस सदस्य संचालन समिति का हुआ गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** हेसला के ग्रामीणों ने रविवार को सरहुल पूजा मनाने को लेकर अहम बैठक आयोजित किया। इसकी अध्यक्षता महावीर बेदिया व संचालन सरयू बेदिया ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 24 मार्च को सरहुल पूजा धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिसके लिए 10 सदस्य संचालन समिति का गठन किया गया। इसमें मुख्य जिम्मेवारी कोषाध्यक्ष विक्रम बेदिया, सह कोषाध्यक्ष प्रभात बेदिया, प्रयाग बेदिया, सदस्यों में गंगा बेदिया प्रदीप बेदिया, मनोज बेदिया, रामचंदर करमाली, सुरेश मुंडा, दिलीप बेदिया, वीरेंद्र बेदिया, बबलू बेदिया को दिया गया। वक्ताओं ने कहां कि प्राकृतिक की आराधना पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर वर्ष की भांति किया जाना हैं। जिसके लिए सभी सहयोग प्रदान करेंगे। मांदर की थाप पर सभी प्राकृतिक संरक्षण और बचाने का संकल्प लेंगे। पहानो, गोड़ाईतो के द्वारा विधिवत पूजन कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा। साथ ही गांव और संसार की खुशहाली के लिए प्राकृतिक से कामना की जाएगी। सरहुल पूजा की तैयारी के लिए सभी से लगने की अपील भी की गई। मौके पर गोपाल मुंडा, कोलेश्वर बेदिया, आनंद बेदिया, संजय बेदिया, महेश प्रजापति, वासुदेव बेदिया, सुरेश मुंडा, गुरु चरण बेदिया, संजय बेदिया, संजीव बेदिया, प्रकाश बेदिया, लोकेश बेदिया, सुनील कुमार बेदिया, विकास, प्रकाश, अनिल, अमित मुंडा, सचिन बेदिया समेत कई ग्रामीण युवा उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अस्मिता से हो रहा खिलवाड़

## रेलवे स्टेशन से फिर गायब हुआ सौ फीट ऊंचा तिरंगा

प्रभात मंत्र संवाददाता





**हजारीबाग :** देश की आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को हजारीबाग शहर के रेलवे स्टेशन में सौ फीट ऊंचा फहराया गया है, परंतु हर कुछ महीनों के उपरांत राष्ट्रीय ध्वज गायब हो जाता है। विगत 23 जनवरी 2021 को रेलवे विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को रेलवे स्टेशन के प्रांगण में फहराया गया था। जिसमें स्थानीय सांसद, सदर विधायक एवं कई गणमान्य उपस्थित हुए थे। इस तिरंगे को फहराने का मकसद देशभक्ति की भावना शहरवासियों में जगाना था। परंतु अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह राष्ट्रीय ध्वज अपने निर्धारित स्थान से बार-बार गायब नजर आता है। हजारीबाग रेलवे स्टेशन से राष्ट्रीय ध्वज के गायब होने से शहरवासियों में काफी रोष है। रेलवे स्टेशन से तिरंगा गायब होना कोई नई बात नहीं है। इससे पूर्व भी 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय ध्वज अपने निर्धारित स्थान से गायब था और उस वक्त भी हजारीबाग यूथ विंग ने ट्विटर के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को लगाने का आग्रह रेल मंत्रालय से किया गया था। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रेलवे स्टेशन में लगे तिरंगे के गायब होने की शिकायत ट्विटर के माध्यम से रेल मंत्री एवं रेल के अधिकारियों को की है। शिकायत के पश्चात रेल मंत्रालय के ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से 24 घंटे में तिरंगे झंडे को लगाने का आश्वासन दिया गया है।बहरहाल शहर के प्रबुद्ध लोगों में इस घटना से रोष है।

## सहारा और एलआईसी डूबती नैया, इनमे जमा पैसों की निकासी संदिग्ध : डॉ आरसी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** कांग्रेस आगामी 13 मार्च को राजधानी रांची में राज भवन का घेराव के लिए विशाल मार्च का आयोजन करेगी ।क्योंकि भाजपा की नीतियों के कारण सहारा इंडिया का पैसा डूबने के कगार पर है। एलआईसी का भी निजीकरण मोदी जी के मित्रों द्वारा किया जा रहा है । घेराव को लेकर कांग्रेस के उत्तरी छोटा नागपुर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रमडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राज भवन का घेराव होगा डॉ मेहता ने कहा कि इसके लिए उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेसी एवं स्वास्थ्य विभाग के लोगों को शामिल होने की अपील करता हूं । उन्होंने कहा कि पंचायत ब्लॉक एवं मंडल स्तर से चुने गए लोग रांची पहुंच कर राज भवन घेराव में शामिल हो। डॉ मेहता ने कहा कि भाजपा सरकार की अडानी के पक्षधर नीति से आर्थिक संकट देश के घर-घर मे आ रहा है गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयो की बचत संकट में है।मौके पर कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष प्रोफेसर ब्रजकिशोर मेहता समेत कई अन्य उपस्थित थें।

## केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ राजभवन का घेराव करेगी कांग्रेस

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में हिंडनवर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अडानी ग्रुप में प्रधानमंत्री मोदी की संलिप्तता के आलोक में एक बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, कुशासन तथा आर्थिक विफलताओं से आम जनता का ध्यान भटकाने तथा मित्र पूंजीपतियों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट देने की जवाबदेही से भागने के सवाल पर हम मोदी सरकार को सड़क से लेकर संसद तक घेरने को कट्टिबध हैं। देशवासी देख रहें कि हिंडनवर्ग के खुलासे से अडानी का फैसला देख मोदी जी चुप क्यों हैं । बैठक में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में हजारों की संख्या में जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर से राजभवन मार्च में लोग शामिल होंगे । मौके पर अशोक देव जिला मीडिया प्रभारी निसार खान, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, ललितेश्वर प्रसाद चौधरी, नरेश गुप्ता, गुड्डू सिंह, शिव कुमारी सोनी, सदरूल होदा, बाबर अंसारी, विजय कुमार सिंह, मो. रब्बानी, बाबु खान, मो. मुस्ताक, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, दिलीप कुमार रवि समेत कई अन्य उपस्थित थें।

## रामनवमी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड में रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर आज सोमवार 3:00 बजे बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक बुलाई गई है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने दी है। उन्होंने बैठक में प्रखंड के तमाम रामनवमी पूजा समिति के अखाड़ा के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं वरीय पदाधिकारी के अलावा प्रखंड प्रमुख, जिप सदस्य, उप प्रमुख, मुखिया पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के अलावा प्रबुद्ध लोगों को बैठक में आमंत्रित किया है। बैठक में रामनवमी को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

## सामाजिक बुराइयों को दूर करता है यज्ञ : पूर्व विधायक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के रसोइया धमना छोटकी बरही में आयोजित वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठा के सात दिवसीय महायज्ञ के दूसरे दिन राष्ट्रीय प्रवाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी जी प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण के साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद साव, विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता भी मौजूद रहे। प्रयागराज की राष्ट्रीय प्रवाचिका के मुखारविंद से अमृततुल्य सागर बह रहे है, जिसमें लोग गोता लगा रहे हैं। प्रवचन को श्रवण कर लोग मानसिक शांति की अनुभूति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामकथा सिर्फ इतिहास ही नहीं बल्कि उसे अपने जीवन में उतारने वाली ग्रंथ है, जिससे मानव जीवन में सफलता की ओर बढ़ेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ सामाजिक बुराइयों को दूर करते हुए लोगों में नई ऊर्जा का संचार करता है, हमें पूरा पृथ्वी को एक परिवार की तरह समझना चाहिए एवं सभी जीवो पर दया का भाव रखना चाहिए।

## स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावितों की बैठक कटिया सरना स्थल काली मंदिर परिसर मे आदित्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 5 अप्रैल 2023 को विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा का प्रस्तावित स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा हुई। तथा स्थापना दिवस सफल बनाने हेतु दिनांक 13 मार्च 2023 को किनी और जराद में 15 मार्च को ग्राम हेसला, गेगदा, तालाताण्ड में 18 मार्च को ग्राम पतरातू सांकुल बरवा टोला तथा आरासाहा में 19 मार्च को ग्राम बरतूआ तथा 20 मार्च को ग्राम बरघुटुआ मेलानी एवं चेतमा में 22 मार्च को कटिया एवं हरिहरपुर और 23 मार्च को किरिगाढा में बैठक किया जाना तय किया गया। बैठक में कहा गया कि 5 अप्रैल 2023 को स्थापना दिवस में पीवीयूएनएल के विस्थापित प्रभावितों का हुजूम पीटीपीएस की धरती में उतरेगी । स्थापना दिवस की व्यापक तैयारी को लेकर सभी प्रमुख सक्रिय लोगों की बैठक आगामी 15 मार्च 2023 को पीटीपीएस में होगी। बैठक में मुख्य रूप से कुमेल उरांव, अब्दुल कयूम अंसारी, राजा राम प्रसाद,अलीम अंसारी, भगवान सिंह, छोटू करमाली, माधव प्रसाद, सुरेश साहू, श्याम कुमार, महतो संदीप कुमार, सुजीत कुमार, गोपाल महतो, धर्मनाथ सिंह, रिंकू देवी, आदि थे।

## सदर विधायक ने कटकमसांडी के 12 गांवों का किया तूफानी दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के 08 पंचायत के 12 गांवों का सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दौरा किया और क्षेत्र की कुल 38 बहन,बेटियों को आकर्षक लहंगा उनके शादी से पूर्व भेंट किया। विधायक मनीष जायसवाल ने पेलावाल, लूपुंग, डांड, कटकमसांडी, डांटो, आराभुसाई, शाहपुर और ढौठवा पंचायत के पेलावल, असधीर, लुपुंग, पिचरी, डांड, बिंड, बसतपुर, डांटो खूर्द,आराभुसाई, शाहपुर, ढौठवा और कटकमसांडी गांव का सघन दौरा किया। इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल का जगह जगह पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। दौरे के क्रम में वे कटकमसांडी जिप सदस्य ग्राम बसंतपुर निवासी लक्ष्मी देवी के देवर और आराभूसाई पंचायत के मुखिया आदित्य दांगी के भतीजा के शादी समारोह में भी शामिल हुए । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल के साथ कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, पुर्वी महामंत्री राकेश सिंह, जिप सदस्य मंजू नंदिनी, मनीष ठाकुर, बीरेंद्र कुमार बीरू, नरेश पासवान, श्यामलाल तुरी, लीलो सिंह भोक्ता, अजीत दास, अनिल शुक्ला, मथुरी मेहता, दीपक मेहता, दिलीप रविदास, दीपक यादव, सोहर राणा, प्रकाश केशरी, प्रेम प्रसाद, सुदर्शन रविदास, सरयू सिंह, मनोज पांडेय, अशोक सिंह, अनुराग मित्तल, मिथलेश राणा, आदि थे।

## राजभवन मार्च में भारी संख्या शामिल होंगे रामगढ़ के कांग्रेसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिनांक 13/3/23 को आहूत राजभवन मार्च में भारी संख्या में रामगढ़ जिला के कांग्रेसियों शामिल होंगे उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने देते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार की क्रोनी कैपटलिज्म की नीति के कारण देश आर्थिक संकटों से गुजर रहा है और सरकार देश के बुनियादी ढांचा को अडानी समूह को बेच रहे हैं इसके साथ साथ एलआईसी और एसबीआई जैसे सार्वजनिक संस्थाओं को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे देश के करोड़ों गरीब और मध्यमवर्गीय लोगों की बचत जोखिम में है। रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी प्रखंड अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों एवं काँग्रेस जनों को मार्च में शामिल होने के निर्देश दिए गए है।

## मां छिन्मस्तिका ट्रस्ट ने सफाई अभियान चलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** गोला के कुसुमडी गांव में मां छिन्नमस्ता ट्रस्ट के द्वारा गोला से दिल्ली तक स्वच्छता को लेकर सफाई अभियान का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बुलेट महतो एवं संचालन गुड्डू कुमार ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, गोला प्रखंड प्रमुख गीता देवी, नरगीश मुरुसद मौजूद थी। वहीं विधायक सुनिता चौधरी ने कहा कि मां छिन्मस्तिका ट्रस्ट ने स्वच्छता को लेकर जो गोला से दिल्ली तक जाने का निर्णय लिया गया ।

## हजरत दाता मेहराब शाह का सालाना 88 वां उर्स में की गई चादरपोशी

उर्स में दो दिवसीय मेले का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ राजागढ़ के समीप मजार हजरत दाता मेहराब साह का सालाना 88वाँ उर्स पर्व के दो दिवसीय मेला शनिवार से शुरू हुआ। इसके पश्चात विष्णुगढ़ चेडरा स्थित मदरसा से फातिहा रबानी के बाद गाजे-बजे के साथ चादर गागर निकाला गया। चादर गागर चेडरा से अखाड़ा चौक, गोला चौक, बोलियागंज चौक, कसेरा मुहल्ला होते हुए राजागढ़ के समीप स्थित मजार हजरत दाता मेहराब शाह पहुंच कर जुमला अराकीन इस्लामिया अजुमन समिति के द्वारा सरकारी चादर गागर सर्वप्रथम चढ़ाया गया। इसके बाद सभी लोगों ने बारी-बारी चादर चढ़ाया। उर्स मेले के मौके पर मेला में सभी प्रकार की दुकान लगी है, उर्स मेला में पहुंचे लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं लोगों को मनोरंजन के लिए कोलकाता का नामी कव्वाल अजहर साबरी के द्वारा 11:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक कव्वाली की व्यवस्था की गई है। इस उर्स मेला में विष्णुगढ़ प्रखंड के अलावे हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, बोकारो जिला के लोग उर्स मेला में शामिल होकर मन्नते पुरी होने पर पूरी श्रद्धा से काफी संख्या में हिंदू मुस्लिम चादर चढ़ाने आते हैं। इस उर्स पर्व के मौके पर मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब, साबिर शेख, सुल्तान हैदर, समसुल हक, राणा इकबाल खान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शेखर सुमन, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि हफीज खान, असगर खान, सोनू खान, इस्लाम खान, इमरान, कलाम खान समेत इस्लामिया अजमल समिति के सदर सिगरेसी के साथ-साथ भारी संख्या में लोग शामिल थे।

## समाज का निर्माण के लिए महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण : बजरंग महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत भवन में 'नारी शक्ति' विडियो वालंटियर्स के माध्यम से महिलाओं को उनके सामाजिक, राजनीतिक, रचनात्मक कार्यो के सम्मान में नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन किया साथ ही समाज में महिलाओं के उत्थान के लिए बेहतर कार्य करने वाली दर्जनों महिलाओं को प्रससती पत्र, मेडल, एवं कप देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बजरंग महतो ने जी कहा कि आज महिलाएं अपने समाज, देश, एवं राज्य के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए घर चौकठ से बाहर निकल चुकी है और हर रोज समाज, देश एवं राज्य के विकास तेजी आगे बढ़ कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। मौके पर गोला बीस सूत्री अध्यक्ष रामविनय महतो जी प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी जी जिला उपाध्यक्ष जेएमएम विनित प्रभाकर बीस सूत्री सदस्य गौरीशंकर महतो अन्दू राम महतो जी सईद अख्तर समीर अंसारी सहित सैकड़ों महिला शामिल हुई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दो अफीम तस्कर हुए गिरफ्तार



**कटकमसांडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पेलावल ओपी कांड संख्या 35/23 एनडीपीएस एक्ट के के तहत दो अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया गया। दोनों अफीम तस्कर को प्राथमिकी अभियुक्त 1.प्रवीण पिता प्रकाश दांगी 2.सचिन कुमार पिता दिनेश दांगी ग्राम गिद्धौर थाना गिद्धौर जिला चतरा को 2.776 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दर्जनों गरीबों को कराया भोज




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया गया। दस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल और शिक्षक भूपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिन्क ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पूरी सब्जी का वितरण किया। मौके पर डब्लू सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। मंच का उद्देश्य ही गरीब-जरूरतमंदों की सेवा है। उन्होंने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले सात वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। श्री सिंह ने ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की भी अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश शर्मा, लालू उरांव, दिलीप गांझू, सुकरा उरांव, लखन राम, संजीव सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

## डीएमएफटी ने अमृत सरोवर, निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट योजना अंतर्गत प्रखंड के लटानी गांव में अमृत सरोवर का निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार दिन को किया गया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के अनुज बसंत महतो, आजसू जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो, जिप सदस्य जेबा मरांडी, झामुमो के वरिष्ठ नेता अजीत मिश्रा, मुखिया ऐनुल हक के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। विधायक महतो के अनुज बसंत महतो ने कहा कि तालाब निर्माण से किसानों को खेतों में सिंचाई को लेकर काफी सुलभता मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू, झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, प्रमोद मंडल,भाजपा के वरिष्ठ नेता महादेव कुमार, भाजपा नेता विजय दास, वासुदेव कुमार, आदि लोग उपस्थित हुए।

## माता पार्वती मंदिर निर्माण के लिए बैठक



**करमाटांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमाटांड़ के झिलुवा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पार्वती मंदिर निर्माण हेतु रविवार को एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से 13-14 अप्रैल को झिलुवा मेला तक पार्वती मंदिर निर्माण पूर्ण रूप से कराने को लेकर चर्चा किया गया। सभी ने मेले के पूर्व मंदिर निर्माण हो जिसको लेकर सहयोग राशि से संबंधित चर्चा हुआ। हर हाल में मंदिर निर्माण कराने की बात कही ।वही 13-14 अप्रैल को होने वाले झिलुवा मेला को और भव्य मेला का आयोजन करवा सके जिस को लेकर चर्चा किया गया। इस वर्ष विधि व्यवस्था के साथ-साथ चडक पूजा ,भगता पूजा एवं मेले का आयोजन को भव्य रुप से किया जाएगा। वही प्रति सप्ताह रविवार समय 3 दोपहर बैठक का आयोजन कराने का करने का निर्णय लिया गया। मौके पर महेंद्र मंडल सुरेंद्र मंडल राम प्रसाद मंडल रामरतन मंडल निवास मंडल सनोज मंडल राजू मंडल मनोज मंडल हिमांशु मंडल अर्जुन मंडल प्रकाश मंडल नागेश्वर मंडल कृष्णा मंडल प्रवीण मंडल समेत सैकड़ों लोग बैठक में उपस्थित थे।

## राजस्व वसूली कार्य में लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा नप

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान नगर परिषद व नगर पंचायतों में राजस्व वसूली का कार्य लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है। इसके पीछे सरकारी नीतियों को इसका एक मुख्य कारण माना जा रहा है। बताया जाता है कि जिले के एक नगर पर्षद और दो शहरी नगर पंचायत में राजस्व वसूली के आंकड़े औसतन काफी कम है। जिले के एक मात्र नगर परिषद क्षेत्र झुमरी तिलैया में चालू वित्त वर्ष में प्रोपर्टी टैक्स अंतर्गत राजस्व वसूली का लक्ष्य करीब 8.83 करोड रखा गया है, पर 2 मार्च 2023 तक करीब 1.83 करोड़ राजस्व की वसूली हुई है।विदित हो कि होल्डिंग टैक्स में की गई वृद्धि के बाद इसका पुरजोर विरोध किया गया था। बाद में मामला विधानसभा में उठाए जाने के बाद नगर विकास विभाग की ओर से होल्डिंग टैक्स में की गई वृद्धि को स्थगित करते हुए एक कमेटी का निर्धारण किया गया है। हालांकि नगर निकायों में जिसे होल्डिंग के बिना कोई कार्य रुके रहने को लेकर होल्डिंग टैक्स जमा कराया जा रहा है, बावजूद इसके होल्डिंग टैक्स लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है।जबकि चालू वित्त वर्ष के कुछ ही दिन शेष है। यही हाल नगर पर्षद अंतर्गत वाटर चार्ज के रूप में वसूले जाने वाले राजस्व का है। वाटर चार्ज के रूप में 83.69 लाख रुपए वसूले जाने थे, पर 2 मार्च 2023 तक 29.48 लाख तक वसूली की जा सकी है। वहीं कोडरमा नगर पंचायत में प्रोपर्टी टैक्स के रूप में निर्धारित लक्ष्य करीब 1.8 करोड़ है, लेकिन 2 मार्च तक वसूली 34.35 लाख हुए है। जबकि वाटर चार्ज में 8.70 लाख के विरूद्ध मात्र 72 हजार रुपए की वसूली की जा सकी है। यह लक्ष्य का मात्र 8 फीसदी है। जबकि डोमचांच नगर पंचायत में प्रोपर्टी टैक्स वसूली का निर्धारित लक्ष्य 1.5 करोड के विरूद्ध मात्र 10.67 लाख रुपए वसूले गए है। इस नगर पंचायत में वाटर स्कीम लागू नहीं है।

# हर गांव से लोग आदिवासी महासम्मेलन में भाग लेकर इसे सफल करे : तरुण गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नारायणपुर :** विराट आदिवासी महा सम्मेलन के आयोजन को लेकर आजसू पार्टी की और से सम्पर्क किया जा रहा है ,इसी निमित इस कार्यक्रम की सफलता के लिए लगातार संपर्क अभियान नारायणपुर के हर पँचायत के हर आदिवासी गांव में चलाने का कार्यक्रम बनाया गया है ,इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह संथाल परगना के प्रभारी तरुण गुप्ता ने विस्तार से बताते हुए कहा कि आगामी 19 मार्च को नारायणपुर प्रखंड में आदिवासियों के हित और अधिकार को लेकर विराट महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है ,जिसमें बड़ी संख्या में आदिवासी प्रधान, नाइकी, माझी हडाम, पद हाड़ाम, जोग मांझि,यादी को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है ,साथ ही संथाली संस्कृति से जुड़े लोक कलाकरो में हास्य कलाकार बबलू हांसदा भी इस कार्यक्रम में भागीदारी होगी।आज इतने वर्षो के बाद भी आदिवासी गांव में बिजली, पानी, और शिक्षा की घोर समस्या बनी हुई है, आज भी बड़ी संख्या में आदिवासी नौजवान रोजगार के लिए अन्य प्रांतों में पलायन कर रहे हैं, इन विषयों को लेकर गन विचार-विमर्श के माध्यम से आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी संथाली कलाकारों को भी सम्मानित करने का लक्ष्य बनाया गया है ,वैसे संताली कलाकार जिन्हें आज तक मंच नहीं मिला, वैसे प्रतिभावान आदिवासी कलाकारों को समाज में सामने लाकर सम्मानित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस महासम्मेलन में बड़ी संख्या में आदिवासी नौजवान लोगों की भागीदारी कैसे बने इसके लिए व्यापक पैमाने पर रणनीति बनाई जाएगी ।इसी कार्यक्रम के निमित्त आज चम्पापुर पंचायत के हर घर,हर टोला के साथ साथ आदिवासी गांव अर्जुनडीह ,तलबेड़िया, जंगलपुर, छताबद , सोनाबाद और लखनपुर से लगातार संपर्क अभियान जारी है। ज्यादा से ज्यादा बड़ी संख्या में आदिवासी भाई इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पहुंचे इसी बात को लेकर आज लोगों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में नारायणपुर प्रखंड के डाक बंगला मैदान पहुंचे ।इस मौके पर बासुदेव गोस्वामी सुकदेव भंडारी, सुकदेव रवानी, मिशी लाल हांसदा,नरेश बास्की बरज किशोर मरांडी,सितमुनी हांसदा,मौजूद थे।

## कोडरमा : मैट्रिक- इंटर परीक्षा 14 से, बने 25 परीक्षा केंद्र, 942 वीक्षक नियुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले में आगामी 14 फरवरी से शुरू हो रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्वक आयोजित करने को लेकर शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। परीक्षा के लिए बनाए गए कुल 25 केंद्रों ,जिसमें 9 इंटर परीक्षा के भी केंद्र शामिल हैं ।कुल 942 वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।जिसमें 221 वीक्षक उसी स्कूल के शिक्षक को बनाया गया है । जबकि 721 अतिरिक्त शिक्षकों की उन केंद्रों पर मध्य एवं हाई स्कूल के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर वीक्षक का दायित्व दिया गया है। परीक्षा के कदाचार मुक्त आयोजित करने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में परीक्षा नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। केंद्र का वरीय प्रभार उप विकास आयुक्त के जिम्मे दिया गया है । जबकि जिला शिक्षा पदाधिकारी व एडीपीओ को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है।परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी को लेकर विभाग स्तर से नंबर जारी किए गए हैं। विभाग की ओर से जारी किए गए मोबाइल नंबर 8210 881 592 के अलावा 84096 12229 पर किसी भी प्रकार की परीक्षा से संबंधित सूचना दी जा सकती है।

## सुकूडीह क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल में पहुंचे दीप नारायण सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बाघमारा :** गोमो,सुकूडीह शहादत स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता - 2023 का फाइनल मुकाबला हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान फाइनल मैच प्रारंभ होने के पहले मुख्य अतिथि दीप नारायण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच का मुकाबला शिफान 11 बोकारो, और हयान 11 हरिहरपुर, के बीच हुआ। जिसमें शिफान 11 बोकारो 43 रन से फाइनल मैच जीता। बताते चलें कि शहादत स्पोर्ट्स क्रिकेट टूर्नामेंट सुकूडीह का शुभारंभ दिनांक- 5 फरवरी 2023 को हुआ था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि सुकूडीह शहादत स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता गोमो क्षेत्र के आस पास के खेल प्रेमियों के लिए ऐतिहासिक प्रतियोगिता है। ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ता है। अगर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाए तो गांव के युवा भी खेल के क्षेत्र में अपना प्रतिभा का प्रदर्शन प्रदेश और देश स्तर पर कर सकते हैं। पर दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि टुंडी विधायक को गांव के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कोई योजना नहीं है।

# लोकल सेल संचालन समिति बनाने को ले कुरसे में राजस्व गांव के ग्रामीणों की हुई बैठक

### कई विषयों सहित विस्थापित संयुक्त सेल संचालन नाम से समिति बनाने का हुआ निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** कुरसे पंचायत भवन में रविवार को भुरकुंडा परियोजना के अंतर्गत लोकल सेल संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया संदीप उरांव ने की। बैठक में राजस्व ग्राम कुरसे, बलकुदरा, देवरिया, दुंदुवा के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में आम सहमति बनाकर लोकल सेल संचालन समिति बनाकर सेल का संचालन करने की बात कही गई। जिसका नाम बिस्थापित सयुक्त सेल संचालन समिति,(भुरकुंडा परियोजना) रखने



पर सहमति जताई गई। जिससे सेल का सफल संचालन किया जा सके। कहा गया इसी समिति के माध्यम से आम अवाम और बेरोजगार लोगो को सेल में रोजगार दिया जायेगा। कहा गया की सेल संचालन समिति का सहमति पत्र मंगलवार को अंचलाधिकारी, एसडीओ और भुरकुंडा पीओ को देकर सेल का संचालन जल्द चालू कराने की बात कही जायेगी। मौके पर मुखिया विजय मुंडा, पूर्व पार्षद झरी मुंडा, विजय साहू, राणा सिंह, रामदास बेदिया, राजेंद्र मुंडा, प्रदीप मांझी, अमर यादव, संतोष मांझी, राजू मुंडा, योगेंद्र यादव, बीरेंद्र मांझी, सन्नी बेसरा, बिहारी मांझी, अजय साहू, कैलाश साहू, राजाराम प्रशाद, देवानंद प्रशाद, नंदकिशोर मुंडा, शंकर मांझी, फुलेश्वर राम, रोहित मुंडा, बिनोद करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

# निर्मल जैन ने 88 बार रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा 12 मार्च को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा 88 बार रक्तदान कर के किया गया तत्पश्चात सह कोषाध्यक्ष समी उर रहमान, सुरजीत नागवाल बलवंत लाल सुमन रोबिन जैन प्रेमजीत सिंह रौनक जैन निखिल मींस संजय कुमार सुमन महेंद्र प्रजापति राजेंद्र प्रजापति तुषार जैन गिरधारी प्रसाद कुशवाहा मनीष कुमार सिन्हा महेंद्र बग्गा सूरज जैन राजकुमार यादव अभिषेक अग्रवाल ओम कुमार आदि अनेक लोगों ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया रक्तदान के पश्चात समस्त रक्त दाताओं को एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन के द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ।होली की वजह से मार्च महीना में कोई रक्तदान शिविर का आयोजन नहीं किया जा सका यह मार्च का पहला रक्तदान शिविर हैं । शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन महासचिव विनीत छाबड़ा संयुक्त सचिव पुष्कर कुमार पुष्प कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष शमी उर रहमान प्रचार सचिव गौरव यादव मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आर खैरी मुकीम अख्तर मुरली प्रजापति शीला कुमारी मधु कुमारी अंशु कुमार उदय कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## पेलावल विकास मंच ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पेलावल विकास मंच द्वारा चौथे रक्तदान शिविर के रक्तदाताओं,रक्तवीरों एवं रक्तयोद्धाओं को सर्टिफिकेट सौंप कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया गया। अध्यक्षता एम.हक भारती ने किया।मुख्य अतिथिगण में जेपीएम अस्पताल के डॉ. ए. के. मेहता, प्रोफेसर सोमर साहू सुमन, प्रोफेसर भोला नाथ सिंह प्रोग्राम ऑफिसर मार्खम कॉलेज एवं एनएसएस जिला नोडल ऑफिसर, मो.समीर निदेशक क्वींसलैंड ग्रामर स्कूल, ऐलुन हक निदेशक संत लूसेंट पब्लिक स्कूल, राजीव कुमार गुरु, मो.हकीम के द्वारा बारी-बारी से उपस्थित 23 रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट सौंपा गया।सर्वप्रथम अमित विश्वकर्मा की अनुपस्थिति में सर्टिफिकेट उनकी माता को सौंपा गया। उसके बाद क्रमशः टिंकु कुमार पासवान, सुरेंद्र राम, कमरुद्दीन अंसारी, कुंदन कुमार सोनी, आफताब आलम, मनीष सिन्हा, संजय कुमार राणा, विक्की सोनी, मो.बेलाल, अरशद खान, मो. माजिद, मो.अमजद, मो. मोक्कम्मिल, मो. शाकिब, हदीश आलम, चन्द्रशेखर शर्मा एवं युवराज कुमार शर्माको सर्टिफिकेट सौंप कर सम्मानित किया गया।डॉ. ए. के. मेहता ने अपने संबोधन में रक्तदाताओं को ईश्वर समान इज्जत देने की बात कही। प्रोफेसर सोमर साहू %सुमन% ने कहा कि रक्तदान जीवनदान ही है। अपना बहुमूल्य रक्तदान मानवता की रक्षा के लिए महादान है, तथा पुण्य का कार्य है। रक्तदाताओं को सराहते हुए उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना किए। प्रोफेसर भोला नाथ सिंह ने कहा कि दान अनेक प्रकार से किया जाता है किंतु सबसे महादान रक्तदान ही है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित कुमार पासवान, महेश विश्वकर्मा, विक्की सोनी, सुधीर ठाकुर, इंजमामूल हक भारती, महेंद्र राम आसिफ अली का मुख्य योगदान रहा।

## बुढाखाप ग्रामीणों का तीन दिनों से जारी है प्रर्दशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी थाना क्षेत्र के बुढाखाप गांव के सैकड़ों लोग ने आलोक स्टील इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड के कारखाने गेट समीप तीन दिनों तक लगातार जारी हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि आलोक स्टील इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड में लगातार प्रदुषण से हमलोग शिकार हो रहे हैं। हम लोग खेती बाड़ी घर तथा पशु पक्षी जबरदस्त प्रभावित हो रहे हैं। हम लोग के बीच एक बच्चे खो चुके हैं। प्रदूषण के कारणकेंसर रोग से पीड़ित होना पड़ा। बचाने का प्रयास किया गया।

## हजारीबाग नूरा स्थित लड़कियों के यतीमखाना मदरसा अल बनात में हिफजुल कुरान व शैक्षणिक प्रदर्शन कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जमीयत उलेमा हजारीबाग के सचिव मौलाना शकीलुर रहमान कासमी की अध्यक्षता में रविवार को शहर के नूरा मोहल्ला स्थित लड़कियों का मदरसा यतीमखाना अल-बनात में हिफजुल कुरान व शैक्षणिक प्रदर्शन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ. इनाम नबी सिद्दीकी मुख्य रूप से उपस्थित थे। मदरसा की छात्राओं ने उर्दू हिंदी और अंग्रेजी में भाषण पेश की। मौलाना शकील-उर-रहमान कासमी ने अपने सम्बोधन में महिलाओं के लिए



कुरान को समझने की अहमियत बताई। डॉ ईएन सिद्दिकी ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि समाज को सुधारने में मदरसों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण रही है, इसकी महत्व को बताया। इस अवसर पर शबनम शाहीन समेत चार खुशनसीब लड़कियां जिनमें दिलशाद परवीन, ज़ियान जिब्रील, सना परवीन को मुफ्ती मुहम्मद यूनुस कासमी ने पवित्र कुरआन के कंठस्थ पद का उद्घाटन किया और बच्चियों को दुआ दी। कार्यक्रम के अंत में मदरसा की छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी। मदरसा शिक्षिका नीलम बानो, फखिरा मेहर, निगार, नाहिद अख्तर, मदरसा के मोहतमिम मौलाना मुहम्मद अमजद अली कासमी मदरसा के सचिव शारिक नसीम, अध्यक्ष मोअजम आलम के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मदरसा हुजा के छात्र दिलशाद परवीन ने बखूबी पेश किया।

# रक्तदान शिविर के कार्यक्रम प्रभारी बनें राहुल केसरी व पीयूष सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा ने 23 मार्च शहीद दिवस पर होने वाले एकदिवसीय रक्तदान शिविर के कार्यक्रम प्रभारियों की घोषणा की। इसके निमित्त भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी राहुल केसरी एवं जिला आई टी सेल प्रभारी पीयूष सिन्हा को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया. भाजयुमो जिला अध्यक्ष विकास सिन्हा ने कहा कि शहीद दिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे झारखंड प्रदेश मे 23 मार्च को रक्तदान शिविर




आयोजित करने जा रही है वही हजारीबाग में भी रक्तदान शिविर आयोजित होगी आप सभी से अपील करता हूं कि रक्तदान अवश्य करें ताकि आप का दिया हुआ रक्त से किसी की जान बचाई जा सकें.नवनियुक्त कार्यक्रम प्रभारी सह जिला मीडिया प्रभारी राहुल केसरी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश में भाजयुमो के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन एक सराहनीय कदम है आम जनता के प्रति हम सबों को आगे आना चाहिए और रक्तदान अवश्य करना चाहिए. नवनियुक्त कार्यक्रम प्रभारी सह जिला आईटी सेल प्रभारी पीयूष सिन्हा ने कहा कि मैं आम जनता से अपील करूंगा कि आप आगे आए और रक्तदान कर मानवता का परिचय दें ताकि किसी व्यक्ति की जान बच सकें और उनसे मिली दुआएं आपको हमेशा याद रहेगी।

## सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा क्यूआर कोड चिपकाया जा रहा है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नारायणपुर :** जामताड़ा एसपी के निर्देश पर जिले में सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए नारायणपुर थाना क्षेत्र में अब पुलिसिंग बीट निर्धारित किया गया है । थाना क्षेत्र में विभाजित बीट के जगह चिन्हित कर क्यू आर कोड चिपकाया जा रहा है। जिसकी सहायता से पेट्रोलिंग के दौरान गस्त करने वाले पुलिसकर्मियों को क्यूआर कोड स्कैन कर अपना लोकेशन शेयर करना होगा। इस मुहिम का नाम रक्षक रखा गया है ।रविवार को नारायणपुर थाना में पदस्थापित एएसआई लव कुमार द्वारा नारायणपुर हाई स्कूल, एसबीआई बैंक, नारायणपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय ,बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर क्यूआर कोड चिपकाया गया। इसकी मॉनिटरिंग थाना प्रभारी और एसपी कार्यालय से की जाएगी बीट का जिम्मा एएसआई रैंक के अधिकारी को सौंपा गया है ।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 18 से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय अष्टम प्रांतीय अधिवेशन आह्वान 2023 आगामी 18 और 19 मार्च 2023 को धनसार चौक स्थित सिद्धि विनायक रिसोर्ट में होगा। इस दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में लगभग 1000 युवा प्रतिनिधि शामिल होंगे।प्रांतीय अधिवेशन का उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल करेंगे। इस दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानियाँ, राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया और आगामी सत्र के लिए निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टर उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में धनबाद शाखा के अध्यक्ष सुभाष लिखमानिया ने दी।प्रेस वार्ता में मंच के कई पदाधिकारी भी मौजूद थे। सुभाष लिखमानिया ने बताया कि अधिवेशन का नाम आह्वान है जबकि इसकी थींम है-प्रयास, प्रगति और परिवर्तन।इन्होंने कहा कि दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के दौरान सत्र 2021-23 में संपादित कार्यक्रमों की समीक्षा अवलोकन के साथ-साथ आगामी सत्र के लिए कुछ संकल्पों का निर्धारण होगा और सत्र 22 23 में शाखाओं के द्वारा की गई गतिविधियों के आधार पर वार्षिक पुरस्कारों का वितरण भी इस अधिवेशन के दौरान होगा। इस अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष चेतन गोयनका है।

**अपनो से अपनी बात के जरिए होगा मोटिवेशन**

देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम सेठिया 18 मार्च को दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक 2 घंटे के सत्र में व्यक्तित्व विकास,



सांगठनिक क्षमताओं का क्रमिक उत्कर्ष करने सहित सार्वजनिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित बातें करते हुए सदस्यों से संवाद करेंगे और मोटिवेशनल स्पीच देंगे। एक देश एक माटी की तर्ज पर राष्ट्रीय एकता रैली का होगा आयोजन दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के दूसरे दिन 19 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय विकास एवं एकता रैली के माध्यम से देश की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। रैली के दौरान छऊ नृत्य, उलगुलान के जनक और धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा की झांकी सहित लाइव अमृतधारा को दिखाते हुए विभिन्न आंचलिक संस्कृति की प्रस्तुति इस अधिवेशन में होगी।दो दिवसीय अधिवेशन में शामिल होने हेतु केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, जामा विधायक सीता मुर्मू, देवघर के विधायक नारायण दास, महगामा विधायक दीपिका पांडे, कोडरमा विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार, बेरमो विधायक कुमार जय मंगल अनूप सिंह बोकारो विधायक वीरेंद्र नारायण, चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बावरी, सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, धनबाद एक पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल सहित प्रसिद्ध विभूतियों को निमंत्रण पत्र प्रेषित किया गया है।

**17 को होगी प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक**

मंच के अधिकारियो ने बताया कि दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन के पूर्व 17 मार्च को गोविंदपुर स्थित होटल मधुबन में अष्टम प्रांतीय कार्यसमिति की पांचवी बैठक संध्या 5 बजे से गोविंदपुर और गोविंदपुर उन्नति शाखा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगी।मीडिया प्रभारी ने बताया अधिवेशन के निमित्त प्रांतीय समन्वयक के रूप में आशुतोष कावरा एवं शाखा की तरफ से आवास व्यवस्था-नितिन अग्रवाल, संदीप बुधिया, रैली प्रभारी-सुशील सांवरिया, हर्ष सांवरिया, भोजन व्यवस्था प्रभारी-कमलेश केजरीवाल, पीयूष कुमार, प्रदीप अग्रवाल, पंजीकरण-मुकेश सोमानी, विकास झाझरिया, फोटो और बैनर प्रदर्शनी-विनीत खेतान आदि थे ।

## टुंडी के रामपुर मोड़ ईदगाह मस्जिद ढलाई में पहुंचे माना पाठक



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी के रामपुर मोड़ में आज रविवार ईदगाह मस्जिद की छत ढलाई में जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक पहुंचे और अपने हाथों से एक कड़ाही सिमेंट देकर छत ढलाई कार्य का शुभारंभ किया मौके पर मुरारी सिंह चौधरी, गिरधारी तिवारी , मनोज पाण्डेय, मोहम्मद अब्दुल, अनवर अंसारी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी बनाए गए अस्थायी बज्रगृह-सह-जिला नियंत्रण कक्ष के प्रभारी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त-सह-जिला मुख्य परीक्षा नियंत्रण धनबाद, संदीप सिंह के द्वारा झारखंड अधिविध परिषद की आयोजित माध्यमिक और इंटर (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)परीक्षा 2023 से संबंधित गोपनीय पैकेट्स के रख-रखाव, विखण्डीकारण एवं परीक्षा की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सहित अन्य कार्यो के संपादनार्थ राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद को अस्थाई बज्रगृह-सह-जिला नियंत्रण कक्ष घोषित किया गया है।इस संबंध में मुख्य सचिव झारखंड के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी को उक्त अस्थाई बज्रगृह-सह-जिला नियंत्रण कक्ष का प्रभारी नामित किया गया है। उन्हें अपने पर्यवेक्षण में अस्थाई परिषद जिला नियंत्रण कक्ष के कार्यो का संपादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस की फेरो की संख्या बढ़ी, प्रतिदिन चलेगी यह ट्रेन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज से धनबाद पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या - 13331) के परिचालन के फेरो में वृद्धि कर दी गई है। जिसमे छह दिन से बढ़ाकर सात दिन कर दिया गया। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर इसका परिचालन प्रतिदिन कर दिया गया है। यह ट्रेन धनबाद से सुबह 08ः05 बजे प्रस्थान करेगी और पटना शाम 05ः30 बजे पहुंचेगी। जिसका उद्घाटन सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने हरी झंडी दिखा कर किया। मौके पर कई रेल अधिकारी उपस्थिति थे।

## शहीद लालमोहन मुर्मू को दी गई श्रद्धांजलि

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी प्रखंड के मिर्जापुर गांव में शहीद लालमोहन मुर्मू का 31वां शहादत दिवस समारोह आयोजित किया गया। झामुमो नेता रमेश टुडू,युवा नेता रतिलाल टुडू आदि पहुंचे एवं शहीद लालमोहन के स्मारक बेदी पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम का आयोजन शहीद के अनुज सह समाजसेवी मानिक चांद मुर्मु, जीतलाल मुर्मू, पूर्व जिप सदस्य गुरुचरण बास्की, पूर्व टुंडी झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू, पंचायत समिति सदस्य मुंशी मुर्मू, चांद मुर्मू आदि मौजूद थे।

## धनबाद,बोकारो व अन्य जिलों में अगले 3 घंटे में तेज हवा के साथ वज्रपात की संभावना

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के धनबाद,बोकारो,गिरिडीह, हजारीबाग जिलों में अगले 3 घंटे में तेज हवा चलने के साथ वज्रपात संभव है। यहां का मौसम कुछ घंटों में बदलने वाला है। वहां के लोग सतर्क हो जाएं। अगले एक से तीन घंटे में यहां के कुछ इलाकों में वज्रपात होने की आशंका है। तेज हवा चलने के साथ बारिश भी हो सकती है। रांची मौसम केंद्र ने तात्कालिक अलर्ट जारी कर यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र के मुताबिक इन जिलों में अगले एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे के मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है। बारिश होने की भी संभावना है। कई जगहों पर तेज हवा चल सकती है। इसकी गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। रांची। झारखंड के इन जिलों का मौसम कुछ घंटों में बदलने वाला है। वहां के लोग सतर्क हो जाएं। अगले एक से तीन घंटे में यहां के कुछ इलाकों में वज्रपात होने की आशंका है। तेज हवा चलने के साथ बारिश भी हो सकती है। रांची मौसम केंद्र ने तात?कालिक अलर्ट जारी कर यह जानकारी दी है।मौसम केंद्र के मुताबिक इन जिलों में अगले एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे के मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है।

## कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वार्षिक माध्यमिक व इंटरमिडिएट परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद

### 191 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 72 गश्ती दल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्षिक माध्यमिक व इंटरमिडिएट परीक्षा को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के निर्देश पर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के 103 व इंटरमिडिएट परीक्षा के 88 सेंटरों के लिए 191 पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 72 उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के लिए धनबाद में 17, झरिया 16, बलियापुर 9, गोविंदपुर 11, टुंडी 10, निरसा, एगारकुंड व कलियासोल में 17, बाघमारा में 15 तथा तोपचांची में 8 पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद में 6, झरिया 5, बलियापुर 3, गोविंदपुर 4, टुंडी 4, निरसा, एगारकुंड व कलियासोल में 7, बाघमारा में 6 तथा तोपचांची में 2 उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।इसके साथ ही इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए धनबाद में 22, झरिया 15, बलियापुर 6, गोविंदपुर 8, टुंडी 5, निरसा 13, बाघमारा 15 तथा तोपचांची में चार पर्यवेक्षक सह स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा उड़नदस्ता सह गश्ती दल के लिए धनबाद में 7, झरिया 4, बलियापुर 3, गोविंदपुर 4, टुंडी 3, निरसा 6, बाघमारा 6 तथा तोपचांची में 2 दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।सभी प्रतिनियुक्त उड़नदस्ता सह गश्ती दल दंडाधिकारी को प्रत्येक दिन परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षा केंद्र से ओएमआर शीट एवं उत्तर पुस्तिकाओं के पैकेट प्राप्त कर अपनी देखरेख एवं पुलिस अभिरक्षा में बज्रगृह सह जिला नियंत्रण कक्ष (राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद) में हस्तगत कराने का निर्देश दिया गया है।14 मार्च 2023 से 3 अप्रैल 2023 तक 103 परीक्षा केंद्रों में सुबह 9ः45 बजे से दोपहर 1ः05 तक वार्षिक माध्यमिक एवं 14 मार्च 2023 से 5 अप्रैल 2023 तक 88 परीक्षा केंद्रों में दोपहर 2ः00 बजे से संध्या 5ः20 तक इंटरमीडिएट की परीक्षा संचालित की जाएगी। 13 मार्च 2023 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि से परीक्षा समाप्ति तक के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा रहेगी।

## 17 वें मैथन उत्सव कार्यक्रम का हुआ आगाज, विधायक ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** मैथन उत्सव कमेटी द्वारा आयोजित 17 वें मैथन उत्सव कार्यक्रम का आगाज निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने अपने पिता पूर्व विधायक शहीद गुरुदास चटर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया। रविवार को बच्चों के चित्रांकन प्रतियोगिता तथा महिलाओं द्वारा बनाई गई रंगोली से शुरू हुए मैथन उत्सव में दर्जनों बच्चों ने उम्दा चित्रकारी का जहां प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं द्वारा बनाई गई रंगोली देखते ही बनती थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने कहा क्षेत्र में महिलाओं तथा बच्चों की शिक्षा, कला एवं संस्कृति के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के मद्देनजर मैथन उत्सव कमेटी द्वारा मैथन महोत्सव आयोजित किया जाता है। मैथन शिक्षा कला और संस्कृति का



केंद्र बिंदु है। 17 वर्षो से मैथन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हमारी कोशिश रही है कि संपूर्ण निरसा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा तथा कला एवं संस्कृति का विकास चरम पर हो व आने वाले दिनों में इस कार्यक्रम की भव्यता बढ़े तथा अधिक से अधिक लोगों को इसमें शिरकत करने का मौका मिले। कार्यक्रम में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के दर्जनों बच्चों तथा महिलाओं ने शिरकत किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य लोगों ने शहीद गुरदास चटर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मानस नस्कर, चंडी चरण चक्रवर्ती, चितरंजन साहा, समीर मलिक, उज्जवल दास, शेख कमरुद्दीन, मिहिर नाथ, कृष्णा रजक, सुभाष अड्डी, वापी दत्ता, सोमनाथ डे, निर्मल सरकार आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 18 और 19 मार्च को होने वाले सांसद खेल महोत्सव के निमित्त झरिया विधानसभा के अंतर्गत जियालगोड़ा स्टेडियम में जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में रखी गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि आने वाले 17 एवं 18 मार्च को सांसद खेल महोत्सव का कार्यक्रम ज़ियलगोड़ा स्टेडियम में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में होने जा रही है। इस कार्यक्रम को सुपर सफल बनाने हेतु युवा मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता योगदान दें और आने वाले कार्यक्रम में जियलगोड़ा स्टेडियम युवाओं से भर जाए ऐसी युवा मोर्चा की तैयारी रहे क्योंकि युवा समाज की रीढ़ है। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा से सांसद महोदय को विशेष उम्मीद है और उनकी उम्मीदों को पूरा करना युवा मोर्चा का दायित्व है। युवा मोर्चा ने अपने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया की खेल महोत्सव को लेकर अधिक से अधिक जनसंपर्क अभियान चले ताकि लोग इससे लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाउपाध्यक्ष उमेश यादव भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका रंजन, तमाल राय, रवि मिश्र, अवधेश साव सुमित प्रामाणिक, नितिन शर्मा, रजनीश सिंह, राहुल सोनी, प्रेम नोनिया, रोहित बिद, अजय कुमार, विकास ओझा, सूरज प्रामाणिक, चेतन शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

## केंद्र सरकार ने बीसीसीएल में अपनी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को दी मंजूरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** केद्र सरकार ने कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी।बीसीसीएल में अपनी 25 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश को मंजूरी दे दी है। जानकारी के मुताबिक इसकी प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। कोयला मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय अधिकार प्राप्त मंत्रिस्तरीय समिति ने उक्त प्रस्ताव को मंजूरी दी है। समिति में कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी व सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक मंत्रिस्तरीय समिति के पास बीसीसीएल में 25 फीसदी हिस्सेदारी बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी देने का पूरा अधिकार है। समिति द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद उसे कोल इंडिया बोर्ड को भेजा गया था। यहां से भी इसे मंजूरी मिल गयी है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बीसीसीएल के शेयरों का विनिवेश रणनीतिक बिक्री के जरिए होगा या आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आइपीओ) के माध्यम से। बता दें कि कोल इंडिया के पुनर्गठन की अपनी योजना के तहत सरकार ने पिछले साल ही बीसीसीएल के 25 फीसदी शेयरों की शुरुआती लिस्टिंग का फैसला किया था।

## झाग्राविं ट्रस्ट का विश्व महिला दिवस पखवाड़ा समारोह हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** विश्व महिला दिवस पखवाड़ा के अवसर पर रविवार झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा पंचायत सचिवालय छत्रुटांड़ में खेल कूद सांस्कृतिक कार्यक्रम किशोरी एवं महिलाओ द्वारा शानदार प्रस्तुति किया गया। महिलाओं एवं किशोरियों द्वारा लिंग आधारित भेद भाव एवं हिंसा के खिलाफ, मेरा शरीर मेरा अधिकार, हमारी चाहत, हमारा विचार पर पर खुल कर अपनी अपनी बाते रखी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ट्रस्ट के सचिव हलीमा एजाज ने कहा कि ट्रस्ट विगत दो दशक से महिला हिंसा भेद भाव, बाल विवाह के खिलाफ सघन जागरूकता का कार्य कर रही है । न्यायपीठ बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि महिला अबला नहीं है उनके शक्ति को पहचानने की आवश्यकता है। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओ को समान दर्जा देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फातमा खातून ,आरिफा खातून, नीलम प्रभा, श्वेता दशौंधी, सेवन्ती देवी, गायत्री देवी,उषा देवी, आशा देवी, माला देवी, पुजा कुमारी प्रमिला कुमारी, बुलबुल कुमारी, गुलनाज बानो, सहिया रेणु देवी,जयमंती देवी, सुजाता कुमारी, ज्योति कुमारी, सोनाली कुमारी, शहनाज़ परवीन, जुबेदा खातून, चंदा कुमारी,सोना कुमारी, सावित्री कुमारी, खुशी कुमारी, मीरा कुमारी,राखी कुमारी, आदि शामिल रही।

## शक्तिकेन्द्र अल्पकालीन विस्तारकों के साथ बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा बैंकमोड़ मंडल अंतर्गत मंडल कार्यालय बैंकमोड़ में अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू की अध्यक्षता में शक्तिकेन्द्र अल्पकालीन विस्तारकों के साथ बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक में बूथ सशक्तिकरण से संबंधित चर्चा किया गया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी अल्पकालीन विस्तारक अपने अपने शक्ति केंद्रों के प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक के साथ समन्वय बनाकर 31सदस्यीय बूथ समिति का निर्माण करेंगे। सभी अल्पकालीन विस्तारकों के बीच अपने अपने बूथों पर कार्य करने हेतू मतदाता सूची के साथ बूथ समिति प्रारूप वितरित किया गया। बैठक में शक्तिकेन्द्र पर राष्ट्रपति के अभिभाषण करने से संबंधित भी चर्चा की गई।इस बैठक में मानस प्रसून, मिल्टन पार्थसारथी, बीरेंद्र हांसदा, प्रितिपाल सिंह आजमानी, सनी कुमार, नीरज सिन्हा, शंकर तिवारी, मिथिलेश सिंह, अनिल प्रसाद, शकील राणा, चंदन राय, जितेंद्र मालाकार, प्रदीप विश्वकर्मा, प्रेम श्रीवास्तव, परमेन्द्र प्रसाद, लक्ष्मण कुशवाहा, ब्रजमोहन प्रसाद, मति सगुन वर्मा, अशोक बारीक, संजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए।

## भाजपा ने बाघमारा विधानसभा में बुथ सशक्तिकरण अभियान का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मधुबन :** मधुबन थाना क्षेत्र बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के आवासीय कार्यालय चीटाही धाम में बाघमारा विधान सभा स्तरीय अल्पकालीन विस्तारकों की बैठक भारतीय जनता पार्टी के द्वारा बुथ सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य रूप से माननीय विधायक ढुल्लू महतो और विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो एवं जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह नितिन भट जिला के सभी महामंत्री गण एवं मंत्री गण उपस्थित होकर पांचों मंडल के सभी शक्तिकेंद्र अर्थात पंचायतों से दो दो नियुक्त किये गये विस्तारकों की उपस्थिति में माननीय विधायक ढुल्लू महतो एवं जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी विस्तारकों को 10 दिनों तक चलने वाले बुथ सशक्तिकरण के तहत प्रत्येक बूथ पर बैठक कर बुथ का विस्तार कर अध्यक्ष सचिव पन्ना प्रमुख बनाकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ता जोड़ने की बात कही मौके पर गौर चन्द बाउरी श्रवण राय गौर चन्द बाउरी राजेश सिंह प्रिंस शर्मा विजय सिंह शेखर सिंह धनेश्वर महतो सुबोध भारती आदि लोग उपस्थित थे।

## सहयोगिनी चाइल्ड लाइन ने किया चौकीदार बैठक का आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** कसमार थाना परिसर में सहयोगिनी चाइल्ड लाइन के सहयोग से चौकीदार बैठक आयोजित किया गया । कसमार थाना क्षेत्र के चौकीदार को चाइल्ड लाइन 1098 के बारे विस्तार से जानकारी दिया गया। इस दौरान चाइल्डलाइन के कोऑर्डिनेटर सरोज कुमार ने कहां की चाइल्डलाइन आपातकालीन टोल फ्री सर्विस है जो दिन और रात निशुल्क सेवा प्रदान करती है। अगर किसी बच्चे के साथ यौन उत्पीड़न हो रहा है उस परिस्थिति में 1098 में कॉल कर सकता हैं । कोई दिक्कत हो तो तुरंत चाइल्ड लाइन सहित थाना के नंबर पर भी फोन कर सकते हैं। चाइल्डलाइन के रवि कुमार ने स्कॉलरशिप योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बोकारो जिले में अनाथ बच्चे को समाज कल्याण विभाग की ओर से स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रति माह 2000 पोषण स्वास्थ्य शिक्षा के लिए दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सूर्यमनी देवी सहित सभी चौकीदार उपस्थित थे।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान को ले कर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा चिरकुंडा मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में अपार बहुमत दिलाने के लिए रामजी पांडे जी के आवास पर बूथ शासक्तिकरण एवं पन्ना प्रमुख बनाने को लेकर एक बैठक आहूत की गई । इस बैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती रानी केराई, अनिल यादव, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापी सेन गुप्ता, बूथशक्तिकरण के संयोजक जगरनाथ सिंह, सह संयोजक अरविंद सिन्हा, मदन शर्मा, अभिषेक दास, सुनीता देवी, संतोष सिंह, राम जी पांडे, पवन शर्मा, नंदलाल कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## महिलाएं ही उन्नत समाज की नींव रख सकते है : भूषण भगत

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रमुख कार्य करने वाली बुजुर्ग महिला को जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय हाई स्कूल जलडेगा में किया गया। जेएसएलपीएस एवं सशक्तिकरण विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन । कार्यक्रम के शुभारंभ पर महिला दिवस के बारे में जानकारी दी गई और रैली का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं और बालिकाओं को भी आमंत्रित कर उन्हें नारी शक्ति सम्मानित किया गया। महिलाओं को संबोधित करते हुए भूषण भगत ने कहा कि कार्यक्रम में महिलाओं के विकास एवं प्रगति से संबंधित जानकारी दी और महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्नत समाज का



निर्माण का बात कही और कहा कि महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं बल्कि उनसे कहीं आगे हैं, मिशन बदलाव के महिला जिला अध्यक्ष सैयदा खातुन ने कहा कि महिलाएं स्वयं काफी सशक्त हैं लेकिन आज के इस कार्यक्रम से महिलाओं में और जागरूकता आएगी। मिशन बदलाव महिला अध्यक्ष जयंती बड़ाईक ने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है।आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। हमारे देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है उन्होंने सीहोर के लिंगानुपात की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं विभिन समाजिक कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। आज के महत्वपूर्ण कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष,एवं प्रखण्ड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य और मुखिया और मिशन बदलाव संस्थापक सदस्य राजकुमार एवं मिशन बदलाव खुंटी के जयमंगल गुड़िया, मिशन बदलाव राँची के अवध लाल कामडारा अध्यक्ष मारवड़ी वीरोहर और चंदकला टोप्पो और प्रिति कुमारी एवं काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

# समस्याओं के निदान पर हठधर्मिता छोड़ें हेमंत सोरेन : अश्विनी कुजूर

## सेन्हा से सैकड़ों की संख्या में रांची जाएंगे आंदोलनकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा सेन्हा प्रखंड समिति का बैठक रविवार को सेन्हा प्रखंड के बंसरी ग्राम में चैतू मुंडा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में केन्द्रीय समिति के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर,जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो,नगर अध्यक्ष रूस्तम खान आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष ने कहा कि आन्दोलनकारियों की समस्याओं और मांगों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी हठधर्मिता छोड़ें और जल्द से जल्द निदान करें। मुख्यमंत्री की हठधर्मिता से आंदोलनकारियों, झारखंड के आदिवासियों एवं मूल वासियों में तीव्र जनाक्रोश भड़क रहा है। जिससे उन्हें बड़ी कीमत चुकानी होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड



आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों व वेशभूषा के साथ प्रदर्शन उसकी एक झलक होगी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी वर्षो से जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, सभी को समान रूप से मान-सम्मान नियोजन पेंशन सहित सभी सुविधाएं मुहैया कराने को लेकर लगातार आंदोलन कर करते रहे हैं। लेकिन हेमंत सरकार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वे आंदोलनकारी के पुत्र होने का हक अदा करें। उन्होंने आहवान किया कि आगामी 16 मार्च को विधानसभा के समक्ष पारंपरिक हथियारों के साथ सभी आंदोलनकारी साथी रांची पहुंच कर एकता का परिचय दें। संबोधित करने वालों में नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सीता उरांव बुद्धेश्वर उरांव, चैतू मुंडा ने भी सम्बोधित किया। मौके पर लॉरेंस क्रेकेट्टा, आरीफ खान, दुखिया देवी, मंगल कुजूर, बसंत उरांव आदि सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी मौजूद थे।

# आग लगने से पुवाल और गेहूं तथा राहर जल कर हुआ नष्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** चंदकोपा में पुवाल गांज में अगलगी से मवेशी का चारा और किसानों का गेहूं तथा राहर फसल हुआ क्षति ग्रामीणों की पहल से आग पर पाया गया काबू। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत चंदकोपा ग्राम में पुवाल गांज में अगलगी से मवेशी का चारा और किसानों का गेहूं तथा राहर फसल जलकर नष्ट हो गया। वहीं ग्रामीणों के सार्थक पहल से आग पर काबू पाया गया। घटना का कारण पता नही चल सका है। बताया जाता है। कि पुवाल गांज में आगजनी होने से चंदकोपा निवासी कोनहा उरांव के पुत्र बुद्धदेव उरांव,चमरू उरांव के पुत्र गाना उरांव,विफईया उरांव के पुत्र जगदेव उरांव के पुवाल गांज जलकर नष्ट हो गया। वही किसान जगेश्वर राम के पुत्र बबलू उर्फ



शंकर राम का गेहूं खेत में आग लग गया। जिससे गेहूं का फसल भी नष्ट हुआ है। इसके अलावे इरुष कुजूर के पुत्र अनूप कुजूर का राहर खेत मे भी आग की लपटें पकड़ लिया। वहीं ग्रामीणों का सार्थक प्रयास से आग पर काबू पाया गया जिससे तैयार गेहूं फसल तथा राहर फसल को पूर्ण रूप से नष्ट होने से बचाया लिया गया। घटना की सूचना ग्रामीणों एवं चौकीदार के माध्यम से सेन्हा थाना को दिया गया। जिसे अगलगी घटना की सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने अग्निश्याम को सूचित करते हुए आग बुझाने के दिशा में कदम उठाया। साथ ही इस घटना की सूचना अंचलाधिकारी विजय कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर अंचल निरीक्षक चन्द्रप्रकाश मेहता घटना स्थल पहुंच अगलगी घटना का जायजा लेने में जुट गए। बताया जाता है कि घटना के उपरांत ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया और तैयार फसल को नष्ट होने से बचा लिया। लेकिन आग पूर्ण रूप से नही बुझ पाया था। और अग्निशमन की टीम घटना स्थल पर पहुंच आग बुझाने में जुट गया।

# झारखंड पार्टी के युवा नेता संदेश एक्का कोलेबिरा के रामजड़ी ग्राम पहुंचकर क्षेत्र की जनसमस्याओं से हुए अवगत

**➲पूर्व मंत्री पिताजी एनोस एक्का की तरह हर दुख-सुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा : संदेश एक्का**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधानसभा प्रत्याशी झारखंड पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का ने कोलेबिरा के रामजड़ी ग्राम में आवश्यक बैठक कर स्थानीय ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण का आश्वासन दिया साथ ही आने वाले 2024 विधानसभा चुनाव की रणनीति बनाई।युवा नेता संदेश एक्का के नेतृत्व में बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से संगठन और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया, साथ ही साथ संगठन विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को झारखंड पार्टी के नीति और विचार से अवगत कराया गया साथ ही साथ उनको भी मौका दिया गया



कि वे अपने विचारों को सबके सामने रखें।सभी ने एक सुर में आने वाला विधानसभा में झारखंड पार्टी को फिर से विधानसभा पहुंचाने का संकल्प लिया और कहा कि हमारे जो भी विधानसभा के प्रतिनिधि होंगे पार्टी जिसको भी प्रतिनिधि के रूप में लाएगी उसका हम लोग जी जान लगा कर विजयी बनाने का कार्य करेंगे और उसे विधानसभा तक पहुंचाएंगे उसके बाद सभी की बातों को सुनते हुए झारखंड पार्टी के जिला युवा अध्यक्ष संदेश एक्का ने अपने अपने विचारों को लोगों के सामने रखा।झारखंड पार्टी के युवा अध्यक्ष संदेशे एक्का ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमें क्षेत्र में एक ऐसे अगुवा जनप्रतिनिधि चुनना होगा जो दिन हो या रात हमेशा जनता की सेवा में लगे रहे जब हमारे पिता एनोस एक्का क्षेत्र के विधायक थे वे हर समय अपनी जनता के लिए समर्पित रहते थे । जनता के सुख - दुख सुनने के लिए आप सबों के बीच में सदैव उपस्थित रहते थे। कुछ लोगों ने षड्यंत्र कर एनोस एक्का को आप सबों से दूर कर दिया वे जब आप सबों के बीच में थे तब क्षेत्र की जनता को कभी भी कोई भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता था, पर आपको अब चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है मैं आपका बेटा आपका भाई आप सबों की सेवा करने के लिए आ गया हूं आप जैसे मेरे पिताजी को सुख-दुख में याद करते थे।

## अवैध बालू उत्खनन व परिवहन के मामला में ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन के मामला में प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस ने भेजा। सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडु एवं सीठीयो कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामले में पुलिस कारवाई के दौरान पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जिस पर



खनन अधिनियम के तहत कारवाई करते हुए एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा गया। बताया जाता है। कि थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान के निर्देश पर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर पु0आ0नि0 गणेश यादव ने शस्त्र बल के साथ आरोपी को जेल भेजा। साथ ही बताया जाता है। कि छापेमारी टीम के सहयोग से एक ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया था। जबकि चार ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गये। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के आदेशनुसार छपेमारी अभियान चलाया गया था। जिसमें पांच ट्रैक्टर को अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन मामला में थाना कांड संख्या 37/23 दर्ज कर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कारवाई करते हुए भंडरा थाना क्षेत्र के मसमनो टोटो निवासी स्वर्गीय बरजु गोसाई के 19 वर्षीय पुत्र अरविंद गोसाई को गिरफ्तार किया गया है। वही बताते हुए कहा कि जांचोपरांत अवैध बालू खनन मामला में दोषी पाते हुए एवं खनन विभाग का राजस्व क्षति के आरोप में आरोपी चालक को जेल भेजा गया है।

## भुटकुदर के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा-ठेठईटांगर प्रखंड सीमा के भुटकुदर गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है, उसे एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा गया सदर अस्पताल सिमडेगा । इस मौके पर घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भूटकुदर गांव के पास कुंदुरमुंडा गाँव के निवासी मुल्लू माझी ,रमेश माझी सिमडेगा से बोलबा मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी क्रम में चालक को अचानक चक्कर आ गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। जिसमें मुल्लू माझी का एक पैर टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। इस मौके पर बेहतर इलाज के लिए तत्काल ही बोलबा स्वास्थ्य केंद्र से 108 एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया। इस मौके पर थाना के एसआई बीके सिंह सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# 22 मार्च को निकलेगी भव्य शोभायात्रा, झारखंडी परंपरा की दिखेगी झलक : अनिल उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में जय श्रीराम समिति की बैठक नगर अध्यक्ष दीपक साहू की अध्यक्षता में हुई। आयोजित बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार को लेकर खास चर्चा हुई जिसमें सर्वसम्मति से नगर कमिटि का विस्तार किया गया। अध्यक्ष-दीपक साहू कार्यकारी अध्यक्ष-राहुल कुमार, लाल नितेश सहदेव महामंत्री-संजय पासवान नगर मंत्री-आशीष कुमार उपाध्यक्ष - शैलेश कुमार, अनिकेत उपाध्य, विवेक साहू, विवेक कुमार कोषाध्यक्ष - राकेश कुमार सह कोषाध्यक्ष - निखिल कुमार संगठन मंत्री - चंदन कुमार, अकाश कुमार, सतीश कुमार,अभिषेक कुमार शुभम कुमार मीडिया प्रभारी - विष्णु साहू को बनाया गया। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा संगठन के बिना सब अधूरा है संगठन में ही शक्ति, आगे कहा 22 मार्च को नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष पर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें नगर की उपस्थिति अधिक से अधिक हो इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है और सभी सनातनी धर्मलंबीयो से अग्रहा है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभा यात्रा को भव्य बनावे। नगर महामंत्री संजय पासवान ने कहा इस बार की शोभायात्रा मे झारखंडी परंपरा की झलक दिखेगी जिसमें लोगों की वेशभूषा सभी को आकर्षित करेगी।

# मौलाना आजाद सोसायटी ने सरकार से हुए सम्मानित मुखिया को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** विगत दिनों अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला जनप्रतिनिधियो के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में पंचायती राज झारखण्ड सरकार के द्वारा प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत के मुखिया सुमित्रा उराँव को रविवार 12 मार्च को प्रखण्ड के स्वयंसेवी संस्था मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा उनके आवास पर शॉल भेंटकर सम्मानित कीया एवं बधाई और शुभकामनाएं दी। मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष महताब आलम ने कहा कि महिला मुखिया सुमित्रा उराँव को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाना हमारे लिये गौरव की बात है,आज महिलाएं हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है,देश दुनिया मे अपना नाम रौशन कर रही है, महिलाएं किसी से कम नही है हमे चाहिए कि महिलाओं का उत्साहवर्धन करते रहना चाहिये



ताकि वे सफल हो सके। मुखीया सुमित्रा उराँव ने सोसाइटी को धन्यवाद करते हुये कहा कि सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद आज सोसाइटी के द्वारा मेरे घर आकर जो मान सम्मान देने का काम किया है ये इस बात की धोतक है कि सोसाइटी धर्म, जाती समुदाय से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र की विकास के लिए कार्य करती है। मौके पर आजीवन संरक्षक समीद अंसारी, सोसाइटी के मीडिया प्रभारी सोनू राजा, अख्तर अंसारी, मो सजाद, तबारक अंसारी आदि उपस्थित थे।

# बांसजोर के बरडेगा चर्च में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बांसजोर :** प्रखंड के बरडेगा में रविवार को चर्च परिषर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित हुए जहां पर उपस्थित लोगों ने उनका बड़े ही भव्य तरीके से स्वागत करते हुए चर्च तक ले गए जिसके बाद विभिन्न प्रकार की विषय पर चर्चा की गई। मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा चालीसा उपवास काल के दौरान ईसाई धर्मावलंबी 40 दिनों तक भगवान ईसा मसीह की प्रार्थना में लीन रहते हैं इस समय झूठ चोरी ईर्ष्या भेदभाव आदि चीजों को त्याग कर परमपिता परमेश्वर की सेवा करते हैं हमें ईसा मसीह के इस 40 दिनों का विशेष चालीसा काल के दौरान सभी चीजों का विशेष ख्याल रखना चाहिए किसी भी दीन दुखियों की सेवा करने से हमें पुण्य प्राप्त होता



है प्रभु ने कहा है कि दबे कुचले एवं गरीब तबके के लोगों की सेवा करनी ही ईश्वर की सच्ची सेवा है उन्होंने मानव रूप में अवतार लेकर इस संसार में जिस प्रकार कल्याण किया है उसी प्रकार हमें भी अपने आसपास के ऐसे लोगों को चयन करते हुए सेवा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने ने क्षेत्र की समस्याओं पर भी चर्चा करते हुए कहा कि जो भी समस्या है उसे प्राथमिकता के आधार पर झारखंड पार्टी दूर करने का काम करेगी उन्होंने लोगों से आने वाले दिनों में समाज में फैली कुरीतियों अन्य चीजों को दूर करते हुए समाज उत्थान में सहयोग करने का आवाहन किया।

## सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 38 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया गया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 33 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करवा कर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि जीव सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में अब तक 1108 लोग चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं, इस बीच डॉ कुमुद अग्रवाल के अलावा,महिला चिकित्सक डॉ अंजलि सुमन, हड्डी एवं नस के विशेषज्ञ डॉ मृत्युंजय कुमार, दंत चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, नेत्र विशेषज्ञ के बी कुमार आदि शिविर में अपना सेवा देते आए हैं।

# आत्मविश्वास, लगन और सही दिशा में किये गये कठिन परिश्रम से मिलती है सफलता : अलीरजा अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** मैट्रिक परीक्षा का परिणाम कैरियर के द्वार खोलने के साथ ही उसकी दशा और दिशा भी तय कर देती है। इसलिए छात्र-छात्राओं को 10 साल तक स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद दी जाने वाली मैट्रिक परीक्षा हेतू योजनाबद्ध ढंग से सिलेबस को समझते हुए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विद्यार्थी यदि समय प्रबंधन करते हुए आत्मविश्वास और लगन के साथ सही दिशा में कठिन परिश्रम करते रहें तो सफलता मिलती ही है।ये बातें आज प्रखंड क्षेत्र अवस्थित रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं।उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय का सबसे कीमती संपत्ति वहां के बच्चे होते हैं। विद्यालय रूपी बाग बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद और अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों से महकता रहता है। मुझे खुशी है कि



यहां के बच्चों ने पिछले सालों से प्रखंड और जिला स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज की है। निश्चित रूप में विद्यालय के शिक्षकों की कड़ी मेहनत और प्रयासों का नतीजा है कि हमारे छात्र अनुशासित,संस्कारी और समाज की बेहतरी के लिए सकारात्मक सोच रखने वाले हैं। उन्होंने छात्रों के लंबी, सफल और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे चलकर समाज और देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनने हेतू प्रेरित किया।इसके पूर्व नौंवी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने दसवीं के बच्चों का शानदार स्वागत किया और विदाई गीत की प्रस्तुति दी। दसवीं के शाहीन निशा, कशिश कुमारी, फाईजा नरगिस, सुमैया आरजू, प्रेम कुमार, तमन्ना ताज, अंजुम निशा, चांदनी खातून, रिया कुमारी, सितारा जबीं, सानिया प्रवीन ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि इस विद्यालय से उन्हें काफी कुछ सीखने का मौका मिला है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी तथा माध्यमिक शिक्षक ज्याउल हक अंसारी ने सभी विषयों की तैयारी कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।दोनों शिक्षकों की कड़ी मेहनत से ही हमारी मैट्रिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो पाई है। शिक्षक ज्याउल हक अंसारी ने भी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए हौसला दिया। उन्होंने कहा कि मैट्रिक तक अच्छी पढाई कर विषय वस्तु में पकड़ बना लेने से आगे की राह आसान हो जाती है। मौके पर विदा लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शिक्षकों ने जनरल नॉलेज की पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट की। मौके पर अनिल उरांव,नरगिस खातून, हासिम अंसारी, सुनिता कुमारी, सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

# लैंगिक समानता लाने हेतु किशोर करेगें अपने घर से शुरुवात लिया संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** स्वास्थ्य विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किस्को प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को में चयनित पियर एजूकेटर (साथिया) का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का किया गया आयोजन। प्रशिक्षण से पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने किशोरों का संबोधन किया साथ ही कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में किशोरों को बताया, इस प्रशिक्षण में उपस्थित साथिया को प्रशिक्षक द्वारा आर.के.एस.के कार्यक्रम, पियर एजुकेटर (साथिया) कि भूमिका, नशा पान, गैर संचारी रोग, मानव तस्करी, बाल विवाह, इसके अलावा समाज में महिला पुरुष समानता लाने में किशोरों कि भूमिका पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस प्रशिक्षण में बाल विवाह के



दुष्परिणाम पर विशेष जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हम सभी को मिलकर इस दिशा में विशेष ध्यान देने कि जरूरत है और आप अपने गावं के किशोर के लीडर है आप सभी किशोरों को जागरुक कर बाल विवाह मुक्त गावं बनाने में अपना मतवपूर्ण योगदान दे सकते है और किशोरियों को अपना एक सपना गढ़ने का मौका दे सकते है साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि जो सदियों से महिला पुरुष के बिच भेद-भाव कि परम्परा चली आ रही है उसके लिए किशोरों को आगे आना होगा कि हम ये परम्परा को तोड़ सके और एक बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सके और इसके लिए किशोर कि भूमिका मतवपूर्ण है इस चीज कि सुरुवात आपको अपने घर से करनी होगी तो उसे देख कर पुरे समाज में एक बदलाव आएगा और महिलाओ को भी आगे आने का मौका मिलेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी के द्वारा सपथ लिया गया कि हम महिला पुरुष में समानता आये और बाल विवाह मुक्त गावं हो इसके लिए विशेष अभियान चलाएंगे। इस प्रशिक्षण में C3 इंडिया के रंजन कुमार, नंदलाल उरांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किसको के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं युवा मैत्री केंद्र की काउंसलर तथा स्वास्थ्य उप केंद्र सेमरडीह, तिसिया, सलैया, नवाडीह एवं पखार के 56 किशोर साथिया मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### कांग्रेस का राजभवन घेराव आज

**रांची।** राज भवन घेराव की तैयारी बैठक रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के द्वारा रखी गई । 13 मार्च को यह कार्यक्रम कैसे पूरी तरह से सफल हो इन विषयों पर सभी प्रखंड अध्यक्षों से अधिक से अधिक लोगों को लाना है और इन सभी मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें प्रत्येक प्रखंड अध्यक्षों एवं रांची जिला के तमाम पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक लोगों को लाने का जिम्मेवारी ली। बैठक का संचालन सांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। इसमें मुख्य रूप से रांची जिला के प्रभारी शिव कुमार भगत , संजय कुमार ,कार्यालय प्रभारी जाकिर हुसैन, कमिश्नर मुंडा ,सुषमा हेंब्रोम ,बलराम साहू ,नारायण मुंडा ,शब्बीर लोहरा, संचार खान ,अद्भुत महतो ,साबिर अंसारी ,राजकुमार महतो, रीता चौधरी, मीनू सिंह ,अजय साहू, अशफाक आलम ,महताब आलम, जफर इमाम, विनोद साहू ,प्रदीप महतो इनके अलावा कांग्रेस के अधिक से अधिक कार्यकर्ता भाग लिया।

### नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ प्रसाद वितरण

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से ब्रह्मलीन गुरु जी मंगलदास जी महाराज गुरु जी राधिकादास जी महाराज की स्मृति मे धर्म प्रेमी श्रद्धालुओ एव प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 76 नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 77 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य नन्द किशोर लछमी देवी पाटोदिया एवम उनके परिवार के सौजन्य से किया गया।संस्था के सह-संरक्षक बंसत कुमार गौतम का अकस्मात स्वर्गवास 8 मार्च को हो गया था।आज उन्हे संस्था के सदस्यों ने अपनी भाव भिन्नी श्रद्धांजली अर्पित की। विशाल पाटोदिया, अर्थ पाटोदिया, ओम प्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, बिष्णु सोनी, चन्द्रदिप साहु, परमेश्वर साहु, धीरज कुमार गुप्ता, महेश वर्मा महिला समिति की लछमी पाटोदिया,उर्मिला पाडिया, सुनीता अग्रवाल, शकुन्तला केजरीवाल, सुधा सुल्तानिया, अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

### झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर रैंक के 200 पुलिस अधिकारी बनेंगे डीएसपी

**रांची :** झारखंड पुलिस में कार्यरत इंस्पेक्टर रैंक के 200 पुलिस अधिकारियों को डीएसपी रैंक में प्रमोशन मिलेगा। डीएसपी रैंक में प्रोन्नति से पहले इन सभी इंस्पेक्टर को इंडक्शन कोर्स ट्रेनिंग दी जायेगी। सभी इंस्पेक्टरों को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में रविवार को योगदान देने का आदेश दिया गया है। झारखंड पुलिस के छह डीएसपी और 200 इंस्पेक्टरों का छह वीक का इंडक्शन कोर्स ट्रेनिंग अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद दोबारा ट्रेनिंग की तिथि तय की गयी है।

# 28 मार्च को नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची।खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति की बैठक नीलाम्बार-पीतांबर पार्क मोराहाबादी रांची में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एवम संचालन हर्षनाथ भोगता के द्वारा किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू उपस्थित थे।बैठक में 28 मार्च को रांची स्थित नीलाम्बर पीताम्बर पार्क में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

इसके लिए कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।इस मौके पर देवनारायण गंझू,हेमलाल गंझू, मनोरंजन भोगता, प्रधान भोगता, शिवदयाल गंझू, नरेश भोगता, संजय भोगता, लक्ष्मी भोगता, परमेश्वर भोगता, बहादुर भोगता, योगेंद्र भोगता, सुरेंद्र भोगता आदि उपस्थित थे।

# अपराधियों ने दिनदहाड़े दो को मारी गोली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना से रविवार को लातेहार जिले का महुआडांड़ दहल गया। यहां मेदिनीनगर शहर थाना अंतर्गत बैरिया के रहने वाले सफीर अंसारी का पुत्र जमील अंसारी को अपराधियों ने रविवार की दोपहर गोली मार दी. उसे ताबड़तोड़ तीन गोलियां मारी गई. स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया. इस घटना में एक ग्रामीण को भी गोली लगी है, उसका इलाज चल रहा है. जमील अंसारी महुआडांड़ में अपने ससुराल में था. उसी समय यह घटना हुई. अपराधी एक बाइक और एक चार पहिया वाहन से घटना को अंजाम देने पहुंचे थे. सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई. इस घटना को अंजाम देने के लिए दो अलग-अलग वाहन से अपराधी पहुंचे थे. मोटरसाइकिल पर तीन अपराधी सवार थे, जबकि, वाहन पर अपराधियों का दल अलग से बैठा हुआ था. घटनास्थल पर आने के बाद अपराधियों ने पहले एक ग्रामीण को गोली मारी. उसके बाद जब जमील अंसारी मौके से भागने लगा तो उसे दौड़ाकर 3 गोली मार दी गई. जिस अंदाज से इस घटना को अंजाम दिया गया. उसे लगता है कि अपराधी अंसारी की हत्या करने के लिए वहां पहुंचे थे. जानकारी के अनुसार महुआडाड के ग्राम लुरगुमी में यह घटना हुई. जमील को 3 गोली और एक ग्रामीण तेवारी नगेसिया को एक गोली लगी है. महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज हेतु सफीर को रेफर कर दिया गया.

# लालू तेरी यही कहानी, हर परिवार पर घोटाले की बारी

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**



देश की राजनीति में एक ऐसा भी समय आया, जब किंग मेकर की भूमिका में रहते हुए प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने वाला और हटाने वाला शक्स का नाम लालू प्रसाद यादव था। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर एक जून 1996 से लेकर 19 मार्च 1998 तक एचडी देवगौड़ा व इंद्र कुमार गुजराल रहे। इन दोनों ही प्रधानमंत्रियों को बनाने में लालू यादव की महती भूमिका रही। बिहार से लेकर दिल्ली तक की सत्ता उनकी मुट्ठी में था। ठीक इसी समय 1996 में बिहार में लालू के सीएम रहते 950 करोड़ रुपये का चारा घोटाला हुआ। यह देश भर का चर्चित घोटाला था और इस घोटाले का केंद्र बिंदु झारखंड था। इस समय अलग झारखंड नहीं बना था, बिहार ही था। पटना हाईकोर्ट ने घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने उस समय 53 मामले दर्ज किए और 170 से ज्यादा लोगों को आरोपी बनाया. साल 2000 में बिहार और झारखंड अलग-अलग राज्य बन गए। मामला झारखंड हाईकोर्ट के पास चला गया। लालू यादव को इस घोटाले में पहली सजा सितंबर 2013 में सुनाई गई। उन्हें ये सजा चाईबासा कोषागार से 37.70 करोड़ की अवैध निकासी के मामले में मिली। लालू यादव पर 11 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक भी लगा दी गई.उसके बाद लालू यादव को देवघर, चाईबासा, दुमका व डोरंडा ट्रेजरी मामले में भी सजा सुनाई गई। चारा घोटाला का पूरी तरह से पटाक्षेप भी नहीं हुआ कि लालू के माथे पर दूसरे और तीसरे घोटाले की गठरी लद गया। इतना ही नहीं अधिक आय के लपेटे में इनका परिवार भी आ गया। अभी हाल ही में सीबीआई और ईडी की छापेमारी लालू प्रसाद व उनके परिवार के विभिन्न परिसरों में हुई। छापेमारी के दौरान एक करोड़ रुपये नकद के साथ-साथ 19 सौ अमेरिकी डॉलर जब्त किए गए। इसके अलावा 540 ग्राम सोने का बिस्किट व डेढ़ किलो सोने के आभूषण भी जब्त हुए। छापेमारी के दौरान 600 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित की गई संपत्ति का भी पता चला। ये छापेमारी नौकरी के बदले जमीन घोटाले को लेकर हुई। इस घोटाले में लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी, बेटे और बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सांसद बेटी मीसा भारती समेत लालू के कई करीबी फंसे हैं। 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव यूपीए सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे भर्ती में घोटाला हुआ। कहा जा रहा है कि नौकरी लगवाने के बदले आवेदकों से जमीन और प्लॉट लिए गए। सीबीआई ने इस मामले में जांच के बाद लालू प्रसाद यादव और उनकी बेटी मीसा भारती के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोप है कि जो जमीनें ली गई वो राबड़ी देवी और मीसा भारती के नाम पर भी ली गई। एक और आईआरसीटीसी का मामला रेलवे भर्ती घोटाले से अलग है। इस घोटाले का आरोप भी 2004 में लालू के रेल मंत्री रहते होने की बात है। दरअसल, रेलवे बोर्ड ने उस वक्त रेलवे की कैटरिंग और रेलवे होटलों की सेवा को पूरी तरह आईआरसीटीसी को सौंप दिया था। इस दौरान रांची और पुरी के बीएनआर होटल के रखरखाव, संचालन और विकास को लेकर जारी टेंडर में अनियमिताएं किए जाने की बातें आई थीं। ये टेंडर 2006 में एक प्राइवेट होटल सुजाता होटल को मिला था। आरोप है कि सुजाता होटल्स के मालिक ने इसके बदले लालू यादव परिवार को पटना में तीन एकड़ जमीन दी, जो बेनामी संपत्ति थी। इस मामले में भी लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत कई लोग आरोपी हैं। आईआरसीटीसी व जमीन घोटाला में लालू व इनके परिवार का नाम आने के बाद जहां एक ओर सीबीआई और ईडी रेस है वहीं इस मामले को लेकर सियासत भी गरम है। लालू यूपीए गठबंधन का हिस्सा हैं और यूपीए अभी विपक्ष में है। इसलिए हर घोटाले की जांच का कोपभाजन केंद्र सरकार यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनना पड़ रहा है। लालू, तेजस्वी सहित पूरा विपक्ष यही कह रहा है कि केंद्र सरकार जन बूझ कर विपक्ष को परेशान कर रहा है। ऐसी स्थिति में इस बार को दोहराना जरूरी है कि चारा घोटाले में लालू उस समय फंसे थे, जब बिहार से लेकर केंद्र यानी दिल्ली तक इन्हीं का बोलबाला था। लालू जो चाहते वही होता। इसके बावजूद वे चारा घोटाला से क्यों नहीं उबर पाए ? उस समय उन्होंने केंद्र पर आरोप क्यों नहीं मढ़ा ? यह एक बड़ा सवाल है और इस सवाल का उत्तर भी उन्हीं को देना होगा। आज समय और सरकार दोनों बदल गया है। मोदी राज में भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हो रहा है। इसकी जद में लालू और इनका परिवार आ रहा है, तो गलत कहां। लालू और इनके परिवार को सच स्वीकार करना चाहिए। लालू जब अपने ही सरकार में बच नहीं सके तो इस सरकार से वे क्या उम्मीद कर सकते हैं। सच हमेशा सच होता है। सरकार चाहे देवगौड़ा-गुजराल की हो या नरेंद्र मोदी की।

**चारा घोटाला के बाद आईआरसीटीसी व जमीन घोटाला**

# नए वर्ष को पर्यावरणविद ने बनाया यादगार, लगाया जपानी आम का पौधा

### प्रदूषण रोकने के लिए पौधरोपण जरूरी : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार के कौशल नगर स्थित मोहनलाल खुर्जा व पार्वती देवी पार्क में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने नववर्ष पर जापान के कोहिनूर आम का और भूटान का सिंदूर का पौधा लगाकर अपने लोगों के साथ विक्रम संवत 2080 को स्वागत करते हुए यादगार बनाया। उक्त अवसर पर वनभोज का भी आयोजन किया गया। वन भोज कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधा लगाकर पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलायी गयी। उन्होंने कहा कि हमारी देश की सभ्यता और संस्कृति है कि जब कभी भी कोई धार्मिक अनुष्ठान होता है तो वैदिक मंत्रोच्चार से दंपति को गांठ जोड़कर पूजा अर्चना कर उसकी शुरुआत होती है। विशिष्ट अतिथि बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि यह पार्क भले ही निजी खर्च पर करोड़ों की लागत से बनाए गए हैं पर उसका अवलोकन पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं है। ग्राम पंचायत डाली बाजार के पूर्व मुखिया सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि इस पार्क में दुनिया का पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का निर्माण उनके पूज्य पिता जी के द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीपीएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार एवं संचालन छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद के प्रतिनिधि सुचित कुमार जायसवाल वही धन्यबाद ज्ञापन अरुण कुमार जयसवाल ने किया। मौके पर पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, महेजर यादव , जुबेर अंसारी, कोमल जायसवाल , शिल्पा जायसवाल,गीता देवी, अल्पना देवी ,पूर्णिमा कुमारी, सूरज कुमार, रॉकी कुमार, सुमित कुमार ,विकास कुमार, अमन , रामू, छोटू, आराध्या, आशिकीका ,आद्रिका, अनुषा,अमरेंद्र आदि शामिल थे।

### केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति ने सरना धर्म कोड की रखी मांग

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के बैनर तले हजारों सदस्य पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में मोराबादी मैदान में आयोजित सरना धर्म कोड महारैली में शामिल हुए । केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना धर्म कोड नहीं होने से आदिवासीयों की संख्या लगातार कम बतायी जा रही है, प्राकृतिपूजक आदिवासीयों को धर्म कोड से वंचित रखा गया है , राज्य में अब तक स्थानीय नियोजन निती भी नहीं बनी जिससे हम तृतीय-चतृर्थ वर्ग की नौकरीयो से वंचित है , आदिवासी मूलवासियों की जमीन की रक्षा के लिए सीएनटी , एसपीटी एक्ट सख्ती से लागू कराने की जरूरत है । रैली में मुख्य रूप से अनिता उरांव, सती तिर्की, मंगल उरांव, महादेव उरांव, मीणा किस्पोट्टा, गुड्डी उरांव, शोभा तिर्की, सिम्पी कुजूर, गुड्डी उरांव, कुलदीप उरांव, झलकी तिर्की, नुरी तिर्की, सिटीओ उरांव, निलम उरांव आदि शामिल थे।

# मरहूम खलील अहमद शिक्षा के सच्चे सिपाही थें : इबरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दिवंगत शिक्षाविद् व सामाजिक योद्धा मोहम्मद खलील अहमद की याद में मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के अंतर्गत बहु बाजार स्थित माही कार्यालय में परीक्षा की तैयारी और बेहतर परिणाम हेतु सात दिवसीय निःशुल्क गेस पेपर वितरण सह टेस्ट श्रृंखला पर एक पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माही के संयोजक इबरार अहमद और संचालन मुस्तकीम आलम ने किया। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अनवर अली, जमीयतुल एराकीन के सदर व पूर्व डीडीसी हसीब अख्तर जावेद, शिक्षाविद् नाजिया तबस्सुम, सरवर ईमाम खान,शकील अख्तर, सैय्यद इबरार हसन व मोहम्मद सलाहुद्दीन ने शिरकत की। कार्यक्रम का आरंभ सैय्यद मेराज हसन की तिलावते कुरआन पाक से हुई। स्वागत भाषण सरवर इमाम खान ने दिया, जबकि माही के कोषाध्यक्ष ग्यासुद्दीन भाई मुन्ना ने मरहूम मोहम्मद खलील का समाजिक और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को बताया। सैय्यद इबरार हसन ने समाजिक संगठन माही की स्थापना के लक्ष्यों को परिभाषित किया। मोहम्मद इकबाल ने इबरार अहमद द्वारा लिखित दुआ को पढ़ा। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करता है और यह बेहतर जीवन का मार्गदर्शन करता है।

माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि खलील भाई शिक्षा के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने 500 जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर माही के द्वारा शिक्षा से संबंधित सभी ख़र्च उठाने की घोषणा की।परीक्षा तैयारी टेस्ट श्रृंखला में प्रथम तीन बच्चों मोहम्मद यासिर अहमद , मोहम्मद फैज,रानिया परवीन के अलावा प्रज्ञा रिम्मी बारला,नेहा कुमारी,पलक कुमारी, सानिया परवीन,सना कौसर, सानिया कुमारी,शादमान आलम,माज अहमद, फातमा अशरफी,खूशहाल मोईन,अतीका आबेदीन,अनुष्का सृष्टि, साहिबा परवीन,अदीबा रजा,नौरीन कौसर को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया के कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद नजीब मिंटू,नदीम अखूतर के अलावा ,हाजी नवाब,शकील अहमद,खालिद सैफुल्लाह,मिल्लत पंचायत के सदर जावेद अहमद, मोहम्मद शकील,नूर आलम, इकबाल,अर्शद शमीम, निगार तनवीर, साहिल इमाम वगैरह मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन ज़ावेद अहमद ने किया। ये जानकारी माही के प्रवक्ता मुस्तकीम आलम ने दी।

# स्पीकर से मिला पशु चिकित्सा सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो से रविवार को पशुचिकित्सा सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकता की। स्पीकर से प्रतिनिधिमंडल राज्य में अन्य चिकित्सकों के समान पशु चिकित्सकों को भी सातवें वेतन आयोग का लाभ देने की मांग की है। इस दौरान शिष्टमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा एवं उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में पशुचिकित्सकों को अन्य चिकित्सकों के समान मानते हुए पांच पद सोपान, प्रोन्नत पद 50 प्रतिशत के साथ अन्य सुविधा दिया जाना चाहिए। महामंत्री शिवानंद काशी ने बताया कि वर्तमान मे पशु चिकित्सकों का मात्र दो पदसोपान एवं नौ प्रतिशत प्रोन्नत पद है, जिसके कारण 91 प्रतिशत पशुचिकित्सक मूल कोटि के पद से सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष ने शिष्टमंडल को यह आश्वस्त किया और कहा कि पशुचिकित्सको की मांग उचित है, इस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के मुद्दे पर केंद्र और बंगाल सरकार में टकराव बड़ा

### प्रतिनियुक्ति पर न भेजे जाने से राज्य के नौकरशाहों में बंगाल सरकार से नाराजगी

### लंबे अरसे से राज्य सरकार नहीं मान रही केंद्र के भेजे गए प्रतिनियुक्ति अनुरोध को

**एजेंसी**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार और केंद्र के बीच अमूमन कई मुद्दों पर टकराव होता है, लेकिन लंबे अरसे से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर न भेजे जाने के मुद्दे पर दोनों सरकारों के बीच ठनी हुई है। राज्य के पांच आईएएस अधिकारियों को केंद्र प्रतिनियुक्ति पर लेना चाहता है, लेकिन राज्य सरकार अनुमति नहीं दे रहा। इस वजह से दिल्ली डेपुटेशन पर जाने के इच्छुक नौकरशाहों में बंगाल सरकार से नाराजगी है। दरअसल, हर साल एक बैच में पास करने वाले आईएएस अधिकारियों का एक चौथाई हिस्सा केंद्र अपने पास रख लेता है। इन अधिकारियों के काम करने के तरीके, साफ-सुथरी छवि और दक्षता को देखते हुए केंद्र इनके नाम की सूची राज्यों को भेज देता है और अमूमन सारे राज्य इसे मान लेते हैं, लेकिन लंबे अरसे से पश्चिम बंगाल सरकार केंद्र के इस अनुरोध को नहीं मान रही। इसीलिए केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर मौजूद आईएएस अधिकारियों में सबसे कम संख्या पश्चिम बंगाल की है। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले एक दशक से पश्चिम बंगाल को 316 आईएएस अधिकारियों की जरूरत है, लेकिन केवल 198 अधिकारी हैं। इसीलिए विभिन्न विभागों के सचिव स्तर के 20-22 अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी गई हैं। पश्चिम बंगाल में 1989 बैच के अनिल वर्मा, 90 बैच के विवेक कुमार, विवेक भारद्वाज और सुब्रत गुप्ता, 91 बैच के कृष्णा गुप्ता को केंद्र ने दिल्ली डेपुटेशन पर भेजने के लिए पत्र भेजा था, लेकिन राज्य सरकार ने केवल विवेक भारद्वाज को दिल्ली जाने की अनुमति दी है, जो फिलहाल कोयला मंत्रालय में सचिव हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अक्सर शिकायत की है कि राज्य में नौकरशाहों की कमी के कारण विकास की गति बाधित हो रही है। केंद्र को भी इस बात की जानकारी पहले से है। लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत कार्मिक और प्रशिक्षण मंत्रालय के सचिव संजय कोठारी ने कई साल पहले राज्य के तत्कालीन मुख्य सचिव संजय मित्रा को एक पत्र लिखा था। उसमें कहा था, ÷केंद्र पश्चिम बंगाल में आईएएस अधिकारियों की कमी से अनजान नहीं है। यदि राज्य चाहता है तो कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग कमी को पूरा करने के लिए केंद्रीय सचिवालय सेवा (सीएसएस) के अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर सकता है। कोठारी ने उम्मीद जताई कि जैसे-जैसे प्रशासन में अधिकारियों की कमी दूर होगी, विकास की गति तेज होगी। हालांकि, ममता बनर्जी ने राज्य प्रशासन में इस %केंद्रीय घुसपैठ% को स्वीकार नहीं किया। दिल्ली से बुलावा आने के बावजूद राज्य की सहमति नहीं पाने वाले एक नौकरशाह ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा, ÷राज्य में कम नौकरशाह हैं, यह तर्क निराधार है। नौ महीने पहले मैंने लिखित और मौखिक रूप से राज्य से मुक्त होने के लिए आवेदन किया। मुख्य सचिव से मिलकर मैंने अपना तर्क रखा, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ।÷ एक अन्य अधिकारी ने कहा, ÷अब मेरी सेवानिवृत्ति का समय नजदीक आ रहा है। आम तौर पर कम से कम दो साल के कार्यकाल के बिना केंद्रीय सेवा में भर्ती नहीं किया जाता है। दरअसल, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के मुद्दे पर राज्य और केंद्र में टकराव 2021 के विधानसभा चुनाव के समय से शुरू हुआ है। चुनाव के समय जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल आए थे, तब नियमों को ताक पर रखकर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के साथ घूम रहे थे। इसके बाद केंद्र ने काफी सख्ती बरती थी, जिससे बचने के लिए तत्कालीन मुख्य सचिव अलापन बनर्जी ने स्वेच्छा सेवानिवृत्ति ले ली थी। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र ने भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर हुए हमले के सिलसिले में तीन आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति मांगी थी, लेकिन राज्य ने उन्हें भी नहीं भेजा था।

